संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 11 दिसंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 17 अंकः 330 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



उपराष्ट्रपति और सभापति झारखंड के जमशेदपुर में एक्सएलआरआई-जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के प्लेटिनम जुबली समारोह में दीप प्रज्वलित करते हुए।

# भारत-दक्षिण कोरिया के राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे

**50 साल पूरे**

**8 'हम भारत और कोरिया गणराज्य के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 50 साल मना रहे हैं।**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारत और दक्षिण कोरिया के बीच राजनयिक संबंध को 50 साल पूरे हो गए हैं। इस बीच पीएम मोदी ने भारत और दक्षिण कोरिया के राजनयिक संबंधों को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया है। प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी ने भारत और दक्षिण कोरिया के संबंधों की रविवार को सराहना करते हुए इसे आपसी सम्मान, साझा मूल्यों और बढ़ती साझेदारी की यात्रा बताया।

**राजनयिक संबंधों की स्थापना के 50 साल हुए पूरे**
पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- 'हम भारत और कोरिया गणराज्य के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 50 साल मना रहे हैं। यह आपसी सम्मान, साझा मूल्यों और बढ़ती साझेदारी की यात्रा रही है।' दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल को शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने और उसे विस्तार देने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं।

## प्रधानमंत्री 11 दिसंबर को करेंगे 'विकसित भारत 2047-वायस ऑफ यूथ' कार्यक्रम की शुरूआत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से विकसित भारत 2047-वायस ऑफ यूथ कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। इस कार्यक्रम के तहत देशभर के राजभवनों में वर्कशॉप की जाएगी, जिसमें प्रधानमंत्री विश्वविद्यालयों के कुलपति, संस्थानों के प्रमुख और फेकल्टी सदस्यों को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार यह पहल देश के युवाओं को विकसित भारत के विजन में योगदान देने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। इस दौरान आयोजित कार्यशालाएं युवाओं को अपने विचारों और सुझावों को साझा करने के लिए प्रेरित करेंगी।

## रांचीः धीरज साहू प्रकरण में बौध डिस्टिलरीज के प्रबंधकों से की पूछताछ

**रांची (झारखंड)।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू से संबंधित बौध डिस्टिलरीज कंपनी के ठिकाने पर रविवार को पांचवें दिन भी आयकर विभाग (आईटी) की छापेमारी हुई। कंपनी के दोनों मैनेजर राजेश साहू और बंटी साहू से पूछताछ की जा रही है। जब्त नोटों की गिनती एसबीआई के बोलांगीर स्थित मुख्य ब्रांच में जारी है। नोटों की गिनती पूरी की जा सके इसके लिए अधिक काउंटिंग मशीनें और मैनपावर लगाए गए हैं। अबतक लगभग 500 करोड़ रुपये की गिनती हुई है। पहले दो-तीन दिनों की छापेमारी में 300 करोड़ से अधिक बरामद हुए थे। चौथे दिन ओडिशा में सांसद धीरज साहू के मैनेजर के घर से 200 करोड़ से अधिक की बरामदगी की बात सामने आयी है। कुल मिलाकर आयकर विभाग के चार दिनों की छापेमारी में 500 से भी अधिक कैश मिले हैं। इस संबंध में ओडिशा एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक भगत बेहरा ने बताया कि हमें 176 बैग मिले और उनमें से 140 की गिनती हो चुकी है। बाकी की गिनती आज की जाएगी। गिनती प्रक्रिया में तीन बैंकों के अधिकारी शामिल हैं। हमारे 50 अधिकारी इसमें शामिल हैं।

## फास्ट न्यूज

### कच्छ के बन्नी में चार वर्ग किमी में बनेगा चीता प्रजनन केंद्र

**नई दिल्ली** : गुजरात के कच्छ के बन्नी में चार वर्ग किलोमीटर में चीता प्रजनन और संरक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसके लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) की अनुमति ली जाएगी, क्योंकि चीता शेड्यूल एक तहत संरक्षित प्राणी है। वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने शुक्रवार को कार्यकारी समिति की बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसकी निगरानी और प्रबंधन की जिम्मेदारी राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) को सौंपी गई है। सीजेडए अगले साल मार्च से कामकाज की निगरानी शुरू कर देगा। इसे बन्नी में एकांत स्थान पर स्थापित किया जाएगा और इसे सख्त दिशा-निदेर्शों का पालन करना होगा। तय इलाका पूरी तरह से बाहरी व्यक्तियों और पर्यटकों की आवाजाही के लिए प्रतिबंधित रहेगा।

### कोरोना की आहट! पिछले 24 घंटे में सामने आए 166 नए मामले

**नई दिल्ली।** देश में एक बार फिर कोविड-19 ने दस्तक दे दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में रविवार को 166 कोविड -19 के नए मामले सामने आए हैं। देश में इस समय कुल सक्रिय मामलों की संख्या 895 है। सबसे ज्यादा ताजा मामले केरल में सामने आए। सर्दियों की वजह से इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियां फैल रही है, जिसकी वजह से कोविड के मामले में बढ़ोतरी दर्ज होने की आशंका है। देश में कोविड की वजह से पांच लाख से ज्यादा लोगों की मौत स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक भारत में अब तक कोरोना वायरस से 4 करोड़ 50 लाख 2 हजार मामले सामने आए। वहीं कोरोना से मरने वालों की संख्या 5 लाख 33 हजार 306 है। बता दें कि अब तक देशभर में कोविड वैक्सीन की 220.67 करोड़ खुराक लगाई गई है।

### दंपति ने 11 साल की बेटी की हत्या कर खुद भी की आत्महत्या

**बंगलूरू:** कर्नाटक के रिजॉर्ट में एक दंपति ने अपनी 11 साल की बेटी की हत्या कर खुद भी आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रिजॉर्ट से तीनों के शव बरामद कर लिए हैं।

## 'भारत दुनिया के विकास का इंजन बनकर उभरा है'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत दुनिया के विकास का इंजन बनकर उभरा है। वह दुनिया को नई दिशा दिखा रहा है। भारत ने दिखाया है कि वह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख आर्थिकी के रूप में अब दूसरे देशों के विकास पर 'सकारात्मक प्रभाव' डालने की स्थिति में पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एक अरब से अधिक भारतीयों की कड़ी मेहनत और क्षमता का परिणाम है। नई दिल्ली में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) की वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार विकास इंजन के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत बनाने के लिए सभी प्रयास कर रही है।
सरकार यह काम अकेले नहीं कर सकती। इसके लिए हमें आर्थिक विशेषज्ञों और विचारकों के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का विकास इंजन है तो आप सभी आर्थिक विशेषज्ञ और विचारक उस विकास इंजन की मोटर हैं।


## पूर्वी क्षेत्रीय परिषद के मंच पर 1157 से अधिक मामले सुलझाए गएः शाह



**टीम एक्शन इंडिया/पटना (बिहार)**
राजधानी पटना में आयोजित 26वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक रविवार शाम साढ़े पांच बजे समाप्त हो गई। बैठक में बिहार समेत चार राज्यों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सीएम सचिवालय के संवाद कक्ष में आयोजित बैठक की अध्यक्षता अमित शाह ने की। शाह ने कहा, पिछले नौ वर्ष में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद के मंच पर सदस्य राज्यों के बीच के 1157 से अधिक मामले सुलझाए गए हैं। तीन घंटे तक चली पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की मीटिंग में नीतीश कुमार ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के सामने विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की। साथ ही मुख्यमंत्री ने बिहार के आरक्षण का दायरा बढ़ाने के बाद उसे नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग भी की। बिहार के जल संसाधन मंत्री संजय झा ने कई दशकों से बाढ़ से जूझ रहे बिहार को निजात दिलाने के लिए अमित शाह से नेपाल में हाई डैम बनाने की मांग की। इस पर अमित शाह ने कहा कि आप पूरा डिटेल दीजिए, मैं इस मामले को देखता हूं। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में खनन, कुछ मदों में केन्द्रीय आर्थिक सहायता, बुनियादी सुविधाओं का निर्माण, भूमि अधिग्रहण एवं भूमि स्थानांतरण, जल बंटवारा, राज्य पुनर्गठन और क्षेत्रीय स्तर के सामान्य हित के अन्य मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई है। साथ ही पूर्वी राज्यों के बीच आर्थिक विकास एवं नक्सल उन्मूलन और परिवहन के विस्तार को लेकर समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया गया है।

**जानकारी**

**8 परिषद के मंच पर सदस्य राज्यों के बीच के 1157 से अधिक मामले सुलझाए गए हैं।**


वादा किया वादा निभाया

अपनी चुनावी गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश सरकार ने पुरानी पेंशन योजना की बहाल
कर्मचारियों को मिली सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा और आत्मसम्मान
1.36 लाख NPS कर्मचारियों को मिली OPS की सौगात

युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपये की राजीव गांधी स्वरोज़गार स्टार्ट-अप योजना आरम्भ कर चुनावी गारंटी की पूरी
युवाओं को ई-टैक्सी की खरीद पर 50% सब्सिडी
युवाओं को रोज़गार सुनिश्चित करने के लिए ई-टैक्सियों को सरकारी संस्थानों में लगाने का प्रावधान

आगामी शैक्षणिक सत्र से सभी सरकारी स्कूलों में इंग्लिश मीडियम आरम्भ करने की चुनावी गारंटी पूरी

इंतकाल-राजस्व लोक अदालतों में 45055 इंतकाल मामलों का निपटारा
प्रदेश में पहली बार विशेष इंतकाल-राजस्व अदालतों का आयोजन कर आम जन को पहुंचाई राहत

युवा ऊर्जा का साथ हरित हिमाचल का होगा विकास
ई-वाहनों को प्रोत्साहन, प्रदूषणमुक्त हिमाचल
युवाओं को ई-वाहनों की खरीद पर 50% सब्सिडी
चार्जिंग स्टेशन के लिए 50% सब्सिडी

युवाओं को रोज़गार के अवसर अपार
राज्य सरकार शीघ्र भरेगी 18 हज़ार से अधिक पद
अध्यापक 5291, वन मित्र 2061, जल शक्ति विभाग में 10 हज़ार व पुलिस कर्मियों के 1226 पद (महिलाओं के लिए 30% आरक्षण)

भ्रष्टाचार के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस
नौकरियों में युवाओं के साथ हो रहे धोखे को देखते हुए कर्मचारी चयन आयोग किया भंग
नीतिगत सुधार करते हुए हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग की स्थापना

मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना
अनाथ बच्चों और बेसहारा वर्गों के लिए कानून बनाने वाला पहला राज्य बना हिमाचल प्रदेश
4000 अनाथ बच्चे बने 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट'
27 वर्ष तक के अनाथ बच्चों को 4000 मासिक पॉकेट मनी, कोचिंग के लिए ₹1लाख, लघु/सूक्ष्म उद्योग लगाने के लिए ₹2लाख, 2/3 बिस्वा भूमि और मकान निर्माण के लिए ₹3लाख और विवाह के लिए ₹2लाख अनुदान

गुणात्मक शिक्षा की दिशा में व्यापक सुधार
तकनीकी शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को 1% ब्याज पर ₹20 लाख तक ऋण
हर विधानसभा क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से लैस राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल, 18 स्कूल शीघ्र स्थापित किए जाएंगे
प्रदेश में 2050 उत्कृष्ट पाठशालाएं होंगी स्थापित
सभी सरकारी स्कूलों में प्रौद्योगिकी और डेटा-संचालित प्रणाली लागू करने का निर्णय

स्वास्थ्य सुविधाएं हुईं बेहतर
हर विधानसभा क्षेत्र में बनेगा एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान
सभी मेडिकल कॉलेजों में शीघ्र रोबोटिक सर्जरी
36 विधानसभा क्षेत्रों में 6-6 विशेषज्ञ डॉक्टर नियुक्त
आरपीजी मेडिकल कॉलेज, टांडा में ओपन हार्ट सर्जरी शुरू

ऐतिहासिक फैसलों का प्रमाण समृद्ध होते किसान-बागवान
सेब और आम के फलों के समर्थन मूल्य में ₹1.50 की ऐतिहासिक वृद्धि, ₹10.50 से बढ़ाकर ₹12 प्रति किलो ग्राम
सेब की बिक्री किलो के हिसाब से करने का निर्णय

महिला सशक्तिकरण
मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए ₹1.50 लाख की सहायता
विधवा पुनर्विवाह योजना की सहायता राशि ₹65,000 से बढ़ाकर ₹2 लाख
इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना के तहत एक बेटी के बाद परिवार नियोजन अपनाने पर प्रोत्साहन राशि ₹35000 से बढ़कर ₹2 लाख और 2 बेटियों के बाद ₹35000 से बढ़ाकर ₹1 लाख
लैंड सीलिंग एक्ट में संशोधन कर पैतृक सम्पत्ति में बेटियों को बेटों के समान अधिकार

निरन्तर प्रयासों से पर्यटन विकास
कांगड़ा जिला बनेगा पर्यटन राजधानी
हर ज़िले में स्थापित किया जा रहा हेलीपोर्ट
कांगड़ा जिले में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का चिड़ियाघर एवं गोल्फ कोर्स होगा स्थापित

ऐतिहासिक आपदा राहत पैकेज
राहत नियमावली में बदलाव कर मुआवज़े को बढ़ाया
प्रभावितों को ₹4500 करोड़ की राहत
पूर्ण क्षतिग्रस्त घरों के लिए ₹7 लाख
प्रभावितों को मुफ्त रसोई गैस व राशन
शहरी व ग्रामीण इलाकों में किराये पर मकान के लिए मदद (₹10000 व ₹5000)

व्यवस्था परिवर्तन के लिए ठोस कदम
कर्मचारियों के हित में प्रशासनिक ट्रिब्यूनल बहाल करने का फैसला
विकास कार्यों के शीघ्र निष्पादन के लिए लोक निर्माण व जल शक्ति विभागों की राज्य परियोजनाओं में टेंडर प्रक्रिया 51 दिनों से घटाकर 30 दिन की गई
वन विभाग के निर्माण कार्यों को विशेषज्ञ विभागों द्वारा करवाए जाने का निर्णय
राज्य में संचालित जल विद्युत परियोजनाओं में बिजली उपदान पर जल उपकर (Water Cess) लगाया गया
सरकारी भूमि की लीज़ अवधि 99 वर्ष से घटाकर 40 वर्ष की

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार | www.himachalpr.gov.in | HimachalPradeshGovtIPRDept | diprhimachal | dprhp

# 'सरकार की नई शिक्षा नीति मातृ भाषा के साथ रोजगार परक भी'

## महामहिम राज्यपाल ने ओउम योग संस्थान ट्रस्ट पाली के रजत जयंती समारोह में की शिरकत

**जानकारी...**

8 सेवारत व भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए सरकार कटिबद्ध, हरियाणा में अलग से गठित किया है सैनिक व अर्द्धसैनिक कल्याण विभाग।




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बण्डारू दत्तात्रेय ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल एवं सशक्त नेतृत्व में देश में पहली बार तैयार की गई नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षा और कौशल के बहु-आयामी और बहु-विषयक पहलुओं की स्थापना कर रही है। यह भारत सरकार की अग्रणी पहलों और प्रमुख योजनाओं जैसे मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया के साथ भी हाथ मिला रही है। स्टैंड-अप इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया और नवीनतम आत्मनिर्भर भारत जैसे इन सभी लक्ष्य को बढ़ावा देना है। महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय रविवार को पाली स्थित ओम योग संस्थान के रजत जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस नई शिक्षा नीति में देश के भावी कर्णधारों के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि यह रहेगी कि वे अब अपनी ही मातृभाषा में एम.बी.ए, एम.बी.बी.एस,बी.टैक, एम.टैक, बी.एड, इंजीनियरिंग जैसी उच्च शिक्षा सरलता से हासिल कर सकेगें। महामहिम राज्यपाल ने कहा कि नौकरी करना कोई बुरी बात नहीं है। लेकिन हम चाहते हैं कि मेरे देश और प्रदेश का युवा वर्ग केवल मात्र नौकरियों के पिछे दौड़ने की बजाए दुसरों को नौकरी देने वाला सशक्त और सामर्थ उद्यमी बने। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन योग परंपरा का डंका आज पूरे विश्व में बज रहा है । दुनिया के सभी देशों ने योग को अपनाया है और उसको आत्मसात भी किया है । ओउम योग संस्थान ट्रस्ट जैसे संस्थानों का इस योग परंपरा को पूरे विश्व में पहुंचने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि आज भव्य आध्यात्मिक समागम देखने को मिला है, इसको देखकर और इसमें भाग लेकर उन्हें बहुत ही ऊजार्वान अनुभव कर रहा है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद नगरी को औद्योगिक नगरी कहा जाता है लेकिन आज ओम योग संस्थान की गतिविधियों के फलस्वरूप आध्यात्मिक नगरी का भी स्वरूप ले लिया है। महामहिम राज्यपाल ने कहा कि अरावली पर्वत की श्रृंखलाओं में स्थित प्राकृतिक सौंदर्य एवं हरियाली से भरपूर यह समस्त क्षेत्र अत्यंत ही सौभाग्यशाली है। उन्होंने कहा कि योगीराज जी का जन सेवा में समर्पित जीवन और ओम योग संस्थान का दिन-रात शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, योग प्रशिक्षण व शिविरों द्वारा समाज के लिए कल्याणकारी कार्य करने का संकल्प आज सार्थक हो रहा है। उन्होंने कहा कि संस्थान ने योग को संगीत के साथ जोड़कर, इसका अभ्यास लयबद्ध तरीके से करवाया जो बहुत ही अद्भुत और सराहनीय है। उन्होंने संस्था के रजत जयंती समारोह की बधाई देते हुए कहा कि संस्थान में चलाए जा रहे विद्यालय में आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ हमारी महान संस्कृति, सभ्यता, चारित्रिक, अनुशासन, सेवा तथा राष्ट्रभक्ति को प्रमुखता दी जाती है। यहां के छात्र-छात्राएं शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, आत्मिक स्तर पर बहुत ही सुद्दढ़ है। ऐसे ही बच्चे आगे चलकर राष्ट्र निर्माण में सहयोगी बनते हैं तथा देश को उन पर गर्व होता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा चलाए गए मिशन बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ का प्रत्यक्ष उदाहरण यहां पर देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए स्वामी रामदेव ने कहा कि आजादी के आन्दोलन को दिशा और नेतृत्व देने वाले सभी आर्य समाजी महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती के शिष्य थे। उन्होंने महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की आज 200वी जयंती पर सबको बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी। ओउम योग संस्थान ट्रस्ट के योगाचार्य औमप्रकाश ने कहा कि मनुष्य को जीवन जीने के लिए चिन्तन और मनन करने से साकारत्मक दृष्टिकोण का भाव मिलता है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के गर्म दल और नरम दल के नेतृत्व के लिए महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती प्रेरणा के स्त्रोत बनें थे।

# विधायक सीताराम के गांव सुजापुर पहुंची जन संवाद यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**
हरियाणा भाजपा के प्रदेश प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने कहा कि मोदी देश के लिए जरूरी हैं तथा हरियाणा प्रदेश के लिए मनोहर लाल जरूरी हैं। इस देश के युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए तीसरी बार 2024 में इस जोड़ी को लेकर आना है। श्री देब आज अटेली विधानसभा क्षेत्र के गांव सुजापुर में आयोजित विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा में संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी भी मौजूद थे। अटेली के विधायक सीताराम यादव ने सभी आगंतुकों का पगड़ी पहनकर स्वागत किया। इस मौके पर विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गई। हरियाणा भाजपा के प्रदेश प्रभारी ने कहा कि यह यात्रा अंत्योदय के भाव को लेकर चल रही है। अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए यह मोदी की गारंटी का रथ है। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार ने क्षेत्रवाद व भाई भतीजावाद को खत्म करने का कार्य किया है। यह हरियाणा के पहले सीएम हैं जो हर रोज जन भलाई के लिए कुछ नया करने की सोचते हैं। इस मौके पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि पात्र लोगों को ढूंढकर उनके घर द्वार पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के ध्येय को लेकर यह यात्रा चलाई गई है।

# यात्रा में सरकार की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है: कश्यप

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
केन्द्र व राज्य सरकार की जनहितैषी नीतियों एवं योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने एवं इन सभी योजनाओं का लाभ गरीब एवं वंचित लोगों को मिले, इसके लिए देश में विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रही है, ताकि लोग सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करके उनका लाभ उठा सकें। यह शब्द विधायक रामकुमार कश्यप ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान इन्द्री विधानसभा के गांव गुमटो व शेखपुरा में लोगों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचकर सबसे प्रथम विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया और योजनाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति से संबंधित बीपीएल परिवारों तथा विधवाओं को उनकी लड़की की शादी में सरकार की ओर से 71 हजार रुपये, गैर बीपीएल की विधवाओं, तलाकशुदा के परिवारों को उनकी लड़की की शादी में 51 हजार रुपये तथा समाज के अन्य वर्ग के परिवारों को 31 हजार रुपये की राशि अनुदान के रूप में दी जाती है।

# भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार में न बच्चियां सुरक्षित है और न ही महिलाएं: कुमारी

**खोली पोल**

8 एनसीआरबी के आंकड़ों ने खोलकर रख दी प्रदेश सरकार के सुशासन की पोल



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार में न बच्चियां सुरक्षित है और न ही महिलाएं। बच्चों विरूद्ध अपराध में 7.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है तो प्रदेश में हर रोज 05 बलात्कार के मामले सामने आ रहे है। हालात तो ये है कि शिक्षा के मंदिर में छात्राएं सुरक्षित नहीं है, जींद और कैथल की घटनाएं शर्मसार करने वाली है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों ने हरियाणा के सुशासन की पोल खोलकर रख दी है। रंगदारी, हत्याएं और अपहरण की वारदातें तेजी से बढ़ रही है। प्रदेश ने अपराध में दूसरे राज्यों को भी पीछे छोड़ दिया है यानि क्राइम आऊट ऑफ कंट्रोल इन हरियाणा। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि जब भी देखों भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, भ्रष्टाचार मुक्त शासन और प्रशासन की बात करती है जबकि धरातल पर तस्वीर कुछ और ही कहती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के 2022 के आंकड़े बताते है कि महिलाओं से अपराध में दिल्ली के बाद हरियाणा देश में दूसरे स्थान पर है, इतना ही नहीं प्रदेश में डकैती, अपहरण और रंगदारी के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रति लाख आबादी पर 118.7 प्रतिशत अपराध की दर रही यानि 17.6 प्रतिशत अपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। इतना ही नहीं बच्चों से अपराध के मामले 7.7 प्रतिशत बढ़े है जबकि सरकार बेटी बचाओ और बेटी पढाओं की बात करती है। आंकड़े बताते है कि 2022 में 234 महिलाओं कह दहेज के लिए हत्या की गई, छह महिलाओं पर तेजाब से हमले किए गए और 1272 बच्चियों से यौन शोषण के केस दर्ज किए गए। बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों में 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। इतना ही नहीं रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब से कहीं ज्यादा डकैती के मामले दर्ज हुए। इस प्रकार अपहरण के मामले भी बढ़े है। हरियाणा में भ्रष्टाचार के तीन गुना मामले बढ़े हैं। महिलाओं खासकर दुष्कर्म पीड़ित को जल्द से जल्द न्याय दिखाने की बात करने वाली यह गठबंधन सरकार के कार्यकाल में पुलिस कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल करने में काफी सुस्त रही, पुलिस केवल 57.2 प्रतिशत मामलों में ही आरोप पत्र दाखिल कर पाई।

# अंबाला: लोगों ने गृह मंत्री अनिल विज का किया धन्यवाद और आभार



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला**
हरियाणा के अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के गांव का नाम उसके धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के अनुरूप अब पंजोखरा साहिब होने पर पंजोखरा साहिब एवं आसपास क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामवासियों ने गृह मंत्री अनिल विज का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व सरकारों ने उनकी इस मांग को कभी पूरा नहीं किया"। ग्रामवासियों ने कहा कि "पूर्व की सरकारों से भी ग्रामवासियों ने मांग उठाई थी, मगर किसी ने इसे पूरा नहीं किया, अब गृह मंत्री अनिल विज ने उनकी दशकों पुरानी मांग को पूरा किया है। गृह मंत्री अनिल विज की बदौलत गांव का नाम पंजोखरा साहिब होने से गांववासियों के अलावा आसपास क्षेत्र के गांवों और सिख समाज में भारी उत्साह है। रविवार को पंजोखरा साहिब गांव के अलावा गरनाला, बरनाला, धनकौर, जनेतपुर, खतौली, मंडौर के साथ साथ कलरहेड़ी, डिफेंस कालोनी से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व सिख संगत ने गृह मंत्री अनिल विज के आवास पर पहुंच इस कार्य के लिए उनका धन्यवाद जताया। पंजोखरा साहिब गांव के सरपंच बॉबी व अन्य ने बताया कि गांव का नाम उसके धार्मिक महत्व के अनुरूप करने के लिए दशकों से यह मांग पूर्व सरकारों के समक्ष उनके द्वारा उठाई गई थी। मगर पूर्व सरकारों ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया, मगर गृह मंत्री अनिल विज ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए गांव के नाम को पंजोखरा साहिब करने के लिए कार्रवाई कि जोकि उनके अथह प्रयासों से पूर्ण हुई है। अब गांव को पंजोखरा साहिब के नाम से जाना जाएगा जोकि एक ऐतिहासिक फैसला है। ग्राम वासियों ने कहा कि गृह मंत्री ने यह कार्य करके दिखाया और आज पंजोखरा साहिब गांव के अलावा आसपास क्षेत्र के कई गांवों व सिख संगत ने उनके आवास पर पहुंच उनका धन्यवाद जताया है। रविवार को गृह मंत्री अनिल विज को पंजोखरा साहिब व अन्य गांव से आई सिख संगत ने सिरोपा व किरपाण भेंटकर सम्मानित किया व धन्यवाद जताया।

# अहमद खान सालों से पर्यटकों की कानी शाल की पेशकस को पूरा करने का कर रहे प्रयास

## पशमीना की कानी शाल तैयार करने में लगता है 6 साल का समय



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**जम्मू कश्मीर** के शिल्पकार निसार अहमद खान को उच्च गुणवत्ता की पसमीना कानी शाल को बनाने में 6 साल का समय लग जाता है। इस कानी शाल की कीमत लगभग 5 लाख रुपए के आस-पास तय की जाती है। इस कानी शाल को वैरायटी के हिसाब से 5 या 6 माह में भी तैयार किया जा सकता है। इस कानी शाल को बनाने पर शिल्पकार निसार अहमद खान को इंडिया इंटरनेशनल फ्रेंडशिप सोसायटी की तरफ से वर्ष 2015 में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के राष्ट्रीय गौरव अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। अहम पहलु यह है कि शिल्पकार निसार अहमद खान के दादा, परदादा और वर्तमान में पूरा परिवार इस शिल्पकला में लगा हुआ है। इस कानी शिल्पकला के लिए उनके भाई शोहकत अहमद खान को वर्ष 2006 और उनके दूसरे भाई मुस्ताक अहमद खान को भी वर्ष 2012 में राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में शिल्पकार निसार अहमद खान को एनजैडसीसी की तरफ से स्टाल नम्बर 3 अलॉट किया है। इस स्टॉल पर शिल्पकार निजार अहमद खान ने कानी शाल, लोई, कम्बल, सूट, फैरन आदि उत्पादों को कुरुक्षेत्र और आस-पास के पर्यटकों के लिए रखा है। इस महोत्सव में सालों से पर्यटकों की कानी शाल की पेशकस को पूरा करने का प्रयास कर रहे है। यहां महोत्सव में आने के लिए हमेशा उत्साहित रहते है। उन्होंने विशेष बातचीत करते हुए कहा कि पुस्तों से उनका परिवार कानी शाल बनाने का काम कर रहा है। इस महोत्सव में पसमीना की कानी शाल जिसकी कीमत 1 हजार रुपए से लेकर 15 हजार रुपए तक है, लेकर आए है। अगर सही मायने में पसमीना की कानी शाली की बात करे तो उच्च गुणवत्ता की पसमीना कानी शाल बनाने में 6 साल का समय लग जाता है।
इस कानी शाल को डोगरा, सिख और मुगल काल में भी पसंद किया गया है। उस समय पसमीना का बडा शाल पहना जाता था और राजा महाराजा इस शाल को बडे ही शौंक के साथ पहनते थे। मैट्रिक की शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत इस शिल्पकला से जुड़े शिल्पकार निसार का 36 साल का अनुभव हो चुका है।

# 'कृषि में ड्रोन के इस्तेमाल को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने बनाई योजना'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जय प्रकाश दलाल ने कहा कि हरियाणा में ड्रोन के जरिए नैनो उर्वरकों के फसल में छिड़काव को प्रोत्साहन देने के लिए नई योजना तैयार की गई है, जिसके तहत खेत में मात्र 100 रुपए के शुल्क पर नैनो तरल यूरिया का छिड़काव होगा। उन्होंने यह बात रविवार को गुरुग्राम के सेक्टर 17 स्थित इफको एफएमडीआई में सहकारी संस्था इफको द्वारा कृषि ड्रोन प्रोद्योगिकी कार्यशाला एवं कृषि ड्रोन वितरण कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए कही। श्री जय प्रकाश दलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने खेती के कार्य में तकनीक के इस्तेमाल को प्रोत्साहन देने के लिए अनेक सराहनीय कार्य किए है जिनमें से एक ड्रोन के जरिए उर्वरकों के छिड़काव को प्रोत्साहन देने का कार्यक्रम भी है। इफको द्वारा नैनो उर्वरकों की खोज एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कार्यक्रम में हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए ड्रोन उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि इफको की ड्रोन प्रोत्साहन योजना से जुड़कर आप सभी को जीवन में आगे बढ़ने का अवसर मिला है। साथ ही खेती में कम लागत पर अधिक उत्पादन से किसानों को भी इस योजना का सीधे लाभ मिलेगा। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे सात ड्रोन उद्यमियों को ड्रोन एवं इलेक्ट्रिकल व्हीकल प्रदान किए। उन्होंने कहा कि कृषि ड्रोन से ड्रोन उद्यमी क्षेत्र के किसानों को बेहतर सेवा प्रदान करेंगे, साथ ही कृषि ड्रोन युवा उद्यमियों व ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार सृजन करेंगे। कृषि में रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग के कारण गिरते हुए मिट्टी के स्वास्थ्य पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए व मिट्टी के स्वास्थ्य सुधार हेतु इफको नैनो उर्वरको का प्रयोग अच्छा विकल्प है। कार्यक्रम की अध्क्षता करते हुए इफको के निदेशक एके गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि के उद्देश्य से प्रेरित होकर नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के उपयोग को आसान बनाने के लिए 2500 इफको किसान ड्रोन खरीदने का अभियान कुछ माह पूर्व शुरू किया था।
इससे 5000 ग्रामीण उद्यमियों का विकास संभव हो सकेगा।

# हरियाणा को मिला नेशनल एनर्जी कंजर्वेशन अवॉर्ड

**चंडीगढ़।** राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक में बेहतरीन प्रदर्शन के चलते हरियाणा का चयन राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (एनईसीए) 2023 के लिए किया गया है। हरियाणा को राज्य ऊर्जा दक्षता प्रदर्शन पुरस्कार (समूह 1) क्षेत्र में द्वितीय पुरस्कार से नवाजा जाएगा। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के महानिदेशक श्री अभय बाकरे ने हरियाणा सरकार को लिखे पत्र में बताया कि विद्युत मंत्रालय की पुरस्कार समिति ने पुरस्कार विजेताओं को अंतिम रूप दिया है, जिसमें हरियाणा को राज्य ऊर्जा दक्षता प्रदर्शन पुरस्कार (समूह 1) क्षेत्र में द्वितीय पुरस्कार के विजेता के रूप में चुना गया है। नेशनल एनर्जी कंजर्वेशन अवॉर्ड का मुख्य उद्देश्य आदर्श ऊर्जा प्रबंधन की पहचान और प्रोत्साहन करना है, जिससे सामाजिक और आर्थिक लाभ हो सके। यह पुरस्कार 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा हरियाणा को दिया जाएगा। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस ऊर्जा मंत्रालय के अधीन ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की ओर से आयोजित किया जाता है। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने इस मौके पर अपने बधाई संदेश में कहा, "मुझे गर्व है कि हमारे राज्य ने ऊर्जा कंजर्वेशन के क्षेत्र में अपने प्रयासों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त की है।

# 'देशभर में हरियाणा का सबसे आगे होना गठबंधन सरकार की प्रोग्रेसिव सोच का परिणाम'



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि प्रदेश की गठबंधन सरकार ने पिछले चार सालों में प्रदेश हित में निरंतर कार्य करके हरियाणा को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा 44 प्रतिशत जीएसटी वृद्धि के साथ देशभर में सब राज्यों से आगे है और यह गठबंधन सरकार की प्रोग्रेसिव सोच को दशार्ता है। वे रविवार को करनाल दौरे के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी ने पिछले पांच साल में संगठन मजबूती के लिए जो-जो कदम उठाए है, उससे संगठन को मजबूती मिली है और कार्यकताओं में जोश और उत्साह है। उन्होंने कहा कि इस 20 दिसंबर तक जेजेपी का प्रदेशभर में सदस्यता अभियान जारी रहेगा। इसके तहत जेजेपी द्वारा प्रत्येक बूथ पर 25 नए सदस्यों को जोड़ा जा रहा है और प्रदेश में पांच लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य को हासिल किया जाएगा। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता से घर-घर जाकर जनहितैषी कार्यों का प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया है। असंध हलके के गांव फफड़ाना में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि वर्तमान सरकार ने देश और प्रदेश में युवाओं के लिए रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि बड़े उद्योगों को सरकार ने हरियाणा की और प्रेरित करने का काम किया है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने की दिशा में मारुति, बिरला ग्रुप जैसी कंपनियों ने हरियाणा प्रदेश में अपनी औद्योगिक इकाइयां लगाने का काम शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि पद्मा योजना के तहत निरंतर छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने का काम भी प्रदेश सरकार कर रही है। डिप्टी सीएम ने प्रदेश के युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे दूसरे देशों में जाने की बजाय अपने प्रदेश या देश में तरक्की के अवसर अपनाएं। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार के दौरान किसानों को दो-दो रुपए मुआवजा राशि के तौर पर मिलते थे लेकिन मौजूदा राज्य सरकार ने किसानों के हित की और ध्यान देते हुए मुआवजा राशि 15 हजार रुपए प्रति एकड़ तक करने का काम किया। अब किसान जब फसल मंडी में बेचकर आता है तो उसकी फसल के पैसे दो दिन के अंदर-अंदर ही उसके बैंक खाते में आ जाते हैं और इससे किसान वर्ग की ताकत बढ़ी है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि असंध क्षेत्र की 15 सड़कों के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 25 करोड़ की राशि पिछले चार वर्षों में जारी की जा चुकी है। इसी कड़ी में असंध से कैथल मार्ग की सड़क के लिए केन्द्र सरकार से 83 करोड़ रुपये की राशि जारी करवाने का काम सरकार ने किया है। इस अवसर पर जेजेपी के राष्ट्रीय महासचिव बृज शर्मा, हज कमेटी के चेयरमैन मोहसीन चौधरी, एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रमेश खटक, जिला प्रधान गुरुदेव सिंह, बीसी सेल के प्रदेश अध्यक्ष रामहेर ठाकुर, कार्यक्रम के संयोजक पूर्व जिला पार्षद एवं असंध हलका प्रधान सतीश बल्हारा आदि मौजूद रहे।

# 'गोगामेडी की हत्या के बाद का नया सीसीटीवी फुटेज आया सामने'

## दो आरोपी हत्या के एक दिन बाद हरियाणा के रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर दिखे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
करणी सेना के प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या के मुख्य आरोपियों का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें दो आरोपी हत्या के एक दिन बाद हरियाणा के रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर देखे जा रहे हैं। बता दें, 5 दिसंबर को सुखदेव सिंह गोगामेडी की उनके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सूत्रों के मुताबिक दोनों बदमाश हिसार जा रहे थे, जहां उसे उधम नामक शख्स से मिलना था। ताजा सीसीटीवी फुटेज में गोगामेड़ी के हत्यारों को रेवाडी रेलवे स्टेशन पर गोली मारकर हत्या करने के एक दिन बाद दिखाया गया है। सूत्रों ने बताया कि उधम को दोनों आरोपियों को हिमाचल के कुल्लू ले जाने और उनके रहने के लिए जगह की व्यवस्था करने का काम सौंपा गया था। इस योजना के अनुसार, वे उधम की कार में कुल्लू के लिए रवाना हुए, लेकिन बाद में वे



चंडीगढ़ लौट आए क्योंकि पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। सूत्रों ने बताया कि उनकी गिरफ्तारी तब हुई, जब वे एक शराब की दुकान पर थे और शराब पी रहे थे और साजिश रच रहे थे।

**तीन आरोपी चंडीगढ़ से गिरफ्तार:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच और राजस्थान पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में तीन आरोपियों को रविवार तड़के चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद इन्हें दिल्ली लाया गया था। इससे पहले जयपुर पुलिस ने गोगामेडी की हत्या के आरोप में हरियाणा के महेद्रगढ़ निवासी रामवीर सिंह को गिरफ्तार किया था।

**एक बदमाश पुलिस मुठभेड़ में हुआ था ढेर:** बता दें, गोगामेडी की जयपुर के श्याम नगर स्थित उनके आवास पर 5 दिसंबर को तीन हथियारबंद बदमाशों ने गोली मार दी थी। इसमें नितिन फौजी और रोहित राठौड़ भी शामिल थे। वहीं तीसरा बदमाश नवीन शेखावत की पुलिस के साथ मुठेभेड़ में मौत हो गई थी।

## विदेश में छिपे कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा के शूटरों ने की थी सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जयपुर में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दो शूटर समेत उन्हें भगाने व अन्य सुविधाएं मुहैया कराने वाले एक शख्स को गिरफ्तार कर लिया है।

**गोल्डी बराड़-लारेंस गिरोह से जुड़ा है रोहित गोदारा:** विदेश में छिपे राजस्थान के कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा ने अपने शूटरों के जरिये गोगामेड़ी की हत्या कराई। 2017 में राजस्थान पुलिस की क्राइम ब्रांच द्वारा मुठभेड़ में कुख्यात गैंगस्टर आनंद पाल सिंह की हत्या करने के कुछ समय बाद से आनंदपाल की बेटी चरणजीत सिंह उर्फ चीनू ने रोहित गोदारा के साथ मिलकर गोगामेड़ी की हत्या करने की साजिश रचनी शुरू कर दी थी, लेकिन पीएसओ रखने के



कारण रोहित गोदारा साजिश में कामयाब नहीं हो पा रहा था। कई साजिश नाकाम हो जाने पर अंत में गोदारा ने दोनों शूटरों के जरिये पहले गोगामेड़ी के खास करीबी नवीन शेखावत से दोस्ती की और उसके बाद उन्होंने नवीन शेखावत के जरिए गोगामेड़ी से उनके घर पर जाकर मुलाकात करने का नाटक कर उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। विशेष आयुक्त, क्राइम ब्रांच, रवींद्र सिंह यादव के मुताबिक गिरफ्तार किए गए शूटरों के नाम रोहित राठौड़ व नितिन फौजी व उन्हें भगाने व अन्य सुविधाएं मुहैया कराने वाले शख्स का नाम उधम सिंह है। रोहित राठौड़, मकराना, राजस्थान का रहने वाला है। यह रोहित गोदारा का पुराना शूटर है। उसका जयपुर में एक 16 साल की युवती से अफेयर था। गोगामेड़ी को इस बात की जानकारी मिलने पर उन्होंने करीब चार साल पूर्व युवती से जयपुर पुलिस में शिकायत करवा दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करवा दिया था।

# लूट करने वाले दो नाबालिग समेत तीन बदमाश दबोचे




**पूर्वी दिल्ली।** घोंडा क्षेत्र में किराना दुकान में घुसकर चाकू की नोक पर दुकानदार से लूट करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों में 16 वर्षीय दो नाबालिग भी शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपित की पहचान नूर ए इलाही निवासी सुहैल के रूप में हुई है। आरोपितों के पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू और लूट की रकम से एक हजार रुपये बरामद किए हैं। एक बदमाश अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

**क्या है पूरा मामला?**
जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जाय टिर्की ने बताया कि शहजाद नाम का व्यक्ति घोंडा में किराना क दुकान चलाता है। पांच दिसंबर की रात वह अपनी दुकान पर बैठे हुए थे। रात साढ़े आठ बजे चार बदमाश उनकी दुकान में घुसे और चाकू की नोक पर उनसे आठ हजार रुपये लूट लिए। भजनपुरा थाना पुलिस ने लूट समेत कई धाराओं में प्राथमिकी की। इंस्पेक्टर किरणपाल और कांस्टेबल उधम सिंह व अन्य की टीम बनाई। पुलिस ने पीड़ित की दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।
पुलिस ने सुहैल नाम के बदमाश की पहचान करके उसे गिरफ्तार कर लिया।

# जुलाई में शुरू किए जाने थे 100 चार्जिंग स्टेशन, तैयार हुए सिर्फ 66

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) राजधानी बनाने के दिशा में काम किया जा रहा है। दिल्ली सरकार की कोशिश वर्ष 2025 तक कुल वाहनों में ईवी की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत तक करने की है। इसके लिए आधारभूत ढांचा को बढ़ाया जा रहा है। इसके लिए इस वर्ष जुलाई तक दिल्ली में 100 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था लेकिन अभी भी इसके पूरा होने का इंतजार है। इनमें से 66 स्टेशन तैयार हो चुके हैं।

**बैट्री स्वैपिंग की भी सुविधा कराई गई उपलब्ध:** वर्ष 2022 में 100 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए टेंडर किया गया था। दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड को इसका नोडल एजेंसी बनाया गया है। इनमें से




अधिकांश दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के मेट्रो स्टेशनों और दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) डिपो पर लगाए जा रहे हैं। इन चार्जिंग स्टेशनों पर न्यूनतम 20 प्रतिशत धीमी गति वाले चार्जर और 10 प्रतिशत तीव्र गति वाले चार्जर अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही बैट्री स्वैपिंग की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। दावा किया गया था कि जुलाई तक सभी तैयार हो जाएंगे।

**नवंबर तक तैयार हो गए चार्जिंग स्टेशन:** अलग-अलग एजेंसियों की भूमि पर 66 चार्जिंग स्टेशन तैयार हो गए हैं जिनमें 76 तेज गति वाले चार्जर सहित कुल 508 चार्जिंग प्वाइंट हैं। 62 प्वाइंट पर बैट्री स्वैपिंग की सुविधा है। अधिकारियों का कहना है कि कई प्रस्तावित क्षेत्र में चार्जिंग स्टेशन के लिए उचित भूमि उपलब्ध होने में परेशानी हो रही है। इस कारण इसमें देरी हो रही है। अगले एक-दो माह में काम पूरा हो जाएगा।

**दिल्ली में कुल हैं 47 सौ से ज्यादा चार्जिंग प्वाइंट:** राजधानी में अलग-अलग एजेंसियों व योजनाओं के अंतर्गत 4759 चार्जिंग प्वाइंट बन गए हैं। इनमें 318 बैट्री स्वैपिंग स्टेशन भी हैं। दिल्ली सरकार की ईवी नीति अगस्त 2020 तक के लिए मान्य थी जिसे 31 दिसंबर तक बढ़ाया गया है। जल्द ही नई नीति अधिसूचित होने की उम्मीद है।


# दिल्ली-एनसीआर में बढ़ने लगी सर्दी, रविवार रहा सीजन का सबसे ठंडा दिन

**मौसम...**

8 8.5 डिग्री सेल्सियस जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 25.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कड़ाके की सर्दी के लिए भले ही अभी इंतजार करना हो, लेकिन धीरे- धीरे ठंडक का एहसास बढ़ रहा है। तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। इसी कड़ी में रविवार की सुबह जाड़े के इस सीजन की सबसे ठंडी रही। दिन के तापमान में भी अब धीरे धीरे गिरावट देखने को मिलेगी। इससे सुबह- शाम ही नहीं बल्कि दिन के वक्त भी ठंडक का एहसास होगा।

**कितना रहा तापमान**
रविवार को भी सुबह-शाम ठंडक और दिन के समय धूप खिलने से थोड़ी राहत का दौर बरकरार रहा।



न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 8.5 डिग्री सेल्सियस जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 25.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

**न्यूनतम तापमान सबसे कम रहा**
न्यूनतम तापमान इस सीजन में अभी तक का सबसे कम तापमान है। पहली बार यह नौ डिग्री से नीचे गया है। हवा में नमी का स्तर 100 से 46 प्रतिशत रहा। सबसे कम अधिकतम तापमान 23.2 डिग्री के लिहाज से पालम दिल्ली का सबसे ठंडा इलाका रहा।

**मौसम विभाग ने क्या कहा?**
मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार को भी आसमान साफ रहेगा। सुबह के समय धुंध होगी। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 24 और नौ डिग्री रहने की संभावना है। कमोबेश ऐसा ही मौसम पूरे सप्ताह बना रहेगा। अलबत्ता, शुक्रवार तक दिन का तापमान 23 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान सात डिग्री तक पहुंच जाने का अनुमान है।

# दो हफ्ते पहले बेटी को दिलाया था इंसाफ, पत्रकार सौम्या के पिता का निधन

**पिता का निधन**

8 बेटी सौम्या के हत्यारों को उम्रकैद की सजा सुनाए जाने के दो हफ्ते बाद ही पिता का निधन हो गया।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन के पिता एमके विश्वनाथन का शनिवार को निधन हो गया। सौम्या विश्वनाथन की सितंबर 2008 की रात को अपने काम से लौटते समय राष्ट्रीय राजधानी में हत्या कर दी गई थी। बेटी सौम्या के हत्यारों को उम्रकैद की सजा सुनाए जाने के दो हफ्ते बाद ही पिता का निधन हो गया। 82 वर्षीय एमके विश्वनाथन की उनकी बेटी के 41वें जन्मदिन के ठीक एक दिन बाद निधन हो



गया। सौम्या के हत्यारों को 25 नवंबर को दोषी ठहराया गया और उम्रकैद की सजा सुनाई गई, कोर्ट ने चार दोषियों - रवि, अमित, बलजीत और अजय को 18 अक्टूबर को दोषी पाया गया था। पांचवें दोषी, अजय सेठी को उनकी मदद करने के लिए तीन साल की जेल हुई। 18 अक्टूबर को अदालत ने रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक और अजय कुमार को धारा 302, और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) प्रावधानों के तहत संगठित अपराध करने के लिए दोषी ठहराया था। वहीं, मामले में पांचवें आरोपी अजय सेठी को धारा 411 और मकोका प्रावधानों के तहत संगठित अपराध को बढ़ावा देने, सहायता करने या जानबूझकर मदद करने और संगठित अपराध की आय प्राप्त करने की साजिश रचने के लिए दोषी ठहराया गया था।

## आज दो लाख से अधिक मामलों का होगा निपटान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएसएलएसए) की ओर से रविवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें निपटारे के लिए 2,25,925 मामले आए हैं। सभी जिला अदालतों में लोक अदालत सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक आयोजित की जाएगी। इसमें सबसे अधिक मामले ट्रैफिक चालान के हैं। ट्रैफिक चालान के कुल 1,77,000 मामले निपटान के लिए आए हैं। डीएसएलएसए के सदस्य सचिव मुकेश कुमार गुप्ता ने बताया 351 बेंच इन मामलों का निपटान करेंगी।

## दिल्ली में आज से शुरू हुआ पोलियो टीकाकरण अभियान


**नई दिल्ली।** पोलियो के खिलाफ मजबूत प्रतिरोधकता के लिए आज रविवार से विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान दिल्ली में करीब 17 लाख बच्चों को पोलियो के टीके की खुराक दी जाएगी। इस संदर्भ में दिल्ली के परिवार कल्याण निदेशालय का कहना है कि देश करीब 14 वर्षों से पोलियो मुक्त है। फिर भी पाकिस्तान और अफगानिस्तान के माध्यम से पोलियो वायरस का संक्रमण होने का खतरा बना हुआ है।

# यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार अर्पण समारोह संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्राध्यापक यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार अर्पण समारोह 2023 दिल्ली के बुराड़ी स्थित डीडीए ग्राउंड में विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन निमित्त बसाई गई टेंट सिटी में संपन्न हुआ। इस वर्ष यह पुरस्कार 'कम आय एवं वंचित वर्ग के भारतीय युवाओं को वैश्विक स्तर की शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम बनाने हेतु' शरद विवेक सागर (पटना, बिहार) को, 'श्रीअन्न (मिलेट्स) के संरक्षण व संवर्धन के मौलिक कार्य हेतु' सुश्री लहरीबाई पडिया (डिंडोरी, मध्य प्रदेश) को' तथा 'दिव्यांगों के जीवनस्तर को बेहतर और आत्मविश्वास युक्त बनाने के लिए' डॉ वैभव भंडारी (पाली, राजस्थान) को दिया गया है। पुरस्कार अर्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार रजत शर्मा उपस्थित रहे। पुरस्कार अर्पण समारोह में मंच पर रजत शर्मा, विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजशरण शाही, राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, राष्ट्रीय अधिवेशन की स्वागत समिति के मंत्री राजीव बब्बर, दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ की




सचिव अपराजिता उपस्थित रहे। यह पुरस्कार वर्ष 1991 से प्रा. यशवंतराव केलकर की स्मृति में दिया जाता है, जिन्हें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का शिल्पकार कहा जाता है और अभाविप के संगठनात्मक विस्तार, सुदृढ़ीकरण में उनकी भूमिका के लिए याद किया जाता है। अभाविप का वैचारिक अधिष्ठान, कार्यकर्ता विकास तथा कार्यपद्धति को स्थापित व निर्धारित करने में प्रा. यशवंतराव केलकर की महती भूमिका थी। यह पुरस्कार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और विद्यार्थी निधि न्यास की एक संयुक्त पहल है, जो छात्रों की उन्नति एवं शिक्षा के क्षेत्र में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। पुरस्कार का उद्देश्य युवा सामाजिक परिवर्तनकारियों के कार्य को उजागर करना, उन्हें प्रोत्साहित करना और ऐसे सामाजिक उद्यमियों के प्रति युवाओं का आभार व्यक्त करना तथा युवा भारतीयों को सेवा कार्य के लिए प्रेरित करना है। इस पुरस्कार में एक लाख की राशि, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह समाविष्ट हैं। यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार से सम्मानित सुश्री लहरीबाई पडिया ने कहा कि यह पुरस्कार प्राप्त करके मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही है, मोटे अनाज हमारे पाचन तंत्र को स्वस्थ रखते हैं, हमें इसका उपयोग करना चाहिए। भारतीय आहार व्यवस्था अत्यंत समृद्ध तथा पोषणयुक्त रही है, हमारी पीढ़ी के युवाओं को स्वस्थ रहने के लिए अपना खान-पान ठीक रखना होगा। यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार से सम्मानित श्री शरद विवेक सागर ने कहा कि अभाविप 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन में मिला यह पुरस्कार मैं अपने पूर्व में मिले सभी पुरस्कारों से पृथक और पवित्र मानता हूँ। यह पुरस्कार मेरे लिए विशिष्ट है। यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार से सम्मानित डॉ वैभव भंडारी ने कहा कि मैंने सार्वजनिक स्थानों पर दिव्यांगों के हितों से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाया और अपनी दिव्यांगता के संघर्ष को कभी आड़े नहीं आने दिया। कठिन परिस्थितियों में संघर्ष किया लेकिन हिम्मत नहीं हारी।
वरिष्ठ पत्रकार रजत शर्मा यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार अर्पण समारोह में उनके जीवन में विद्यार्थी परिषद के महत्वपूर्ण योगदान को याद करते हुए आपातकाल के दौरान विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में हुए छात्र आंदोलन के बारे में बताया।



## न्यूज फ्लैश

### 10 दिन बाद ऑस्ट्रेलिया से करनाल पहुंचा युवक का शव दुर्घटना में हुई थी मौत



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**करनाल के** युवक की 10 दिन पहले ऑस्ट्रेलिया में सडक हादसे में मौत हो गई थी। रविवार को उसका शव पैतृक गांव चोर कारसा पहुंचा। यहां उसका अंतिम संस्कार किया गया।
27 वर्षीय गुलशन रोड़ के पिता जयपाल ने बताया बचपन से ही गुलशन विदेश में जाकर पढ़ाई करना चाहता था। 9 साल पहले वह पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया गया था। इसके बाद वह एक बार भी घर नहीं आया। 10 दिन पहले ऑस्ट्रेलिया में उसकी गाड़ी पोल से टकरा गई और उसकी मौत हो गई। शादी के लिए उन्होंने लडकी देखी थी। हादसे से 2 दिन पहले ही उन्होंने गुलशन को घर आने के लिए कहा था। पिता ने रोते हुए बताया कि जिस बेटे को वो दूल्हे के सहरे में देखना चाहते थे, वह कफन में लिपटा हुआ उनके पास पहुंचा। रविवार को जब गुलशन का शव गांव में पहुंचा तो सभी का रो-रोकर बुरा हाल था। गुलशन रोड के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन करने के बाद दाह संस्कार गांव के श्मशान घाट में ही किया गया। दुख की इस घड़ी में ग्रामीणों का सैलाब गुलशन की अंतिम यात्रा में शामिल हुआ। पिता जयपाल ने कहा कि उनकी आर्थिक हालत इतनी ठीक नहीं थी कि वे अपने बेटे के शव को भारत वापस लेकर आ सके। सरकार से भी गुहार लगाई गई थी, लेकिन कुछ भी नहीं हुआ। विदेश में बैठे युवाओं व ग्रामीणों के सहयोग से पैसे एकत्रित किए गए, जिसके बाद उसके बेटे का शव गांव में पहुंच पाया है और वे अंतिम दर्शन कर पाए हैं। इसमें सरकार का कोई सहयोग नहीं है। उन्होंने सरकार से अपील की है कि अगर किसी बच्चे के साथ विदेश में दुर्घटना हो जाती है तो ऐसा कोई प्रावधान करे कि शव घरवालों तक पहुंच सके।

### विदेश भेजने के नाम पर 68.75 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**करनाल में** विदेश भेजने के नाम पर 68 लाख 75 हजार की धोखाधड़ी हुई। धोखाधड़ी के शिकार पांच गांवों के छह लोग हुए हैं। किसी को स्टडी वीजा के नाम पर ठगा गया तो किसी को वर्क परमिट के नाम पर। सभी लोगों को विदेशों में करोड़ों रुपए कमाने का सपना दिखाया गया।
पीडितों ने जब ठग से पैसे मांगें तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। पीडितों ने गृहमंत्री अनिल विज और करनाल एसपी को लिखित शिकायत दी। रविवार को पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।
जमालपुर निवासी रामचंद्र ने घरौंडा के कोचिंग सेंटर के मालिक पर विदेश भेजने व सेटिंग करा कर आईलेट्स एग्जाम पास करवाने के नाम पर 35 लाख रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगाए हैं। उसने बताया कि वह अपनी बेटी शिवानी व भतीजे विकास को विदेश भेजना चाहता था। कोचिंग सेंटर के मालिक अभिषेक ने दोनों बच्चों का आईलेट्स पास करवाने और विदेश भेजने के लिए 40 लाख रुपए की मांग की थी। जिसके बाद शिकायतकर्ता व उसके भाई ने आरोपी को विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से 35 लाख रुपए ट्रांसफर किए थे। रामचंद्र का आरोप है कि आरोपी ने आइलेट्स की फर्जी रिपोर्ट तैयार करवाई और फर्जी बैलेंस सीट उसको को थमा दी। जब उन्हें शक हुआ कि उनके साथ धोखा हो रहा है तो उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे, लेकिन आरोपी ने उनको पैसे देने से साफ मना कर दिया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि 23 सितंबर को वह कोचिंग सेंटर पर अपने पैसे वापस मांगने के लिए गया था, लेकिन आरोपी ने उन्हें व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी और खुद को बीजेपी का वरिष्ठ पदाधिकारी बताया। जिसके बाद पीडित ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक व गृहमंत्री अनिल विज को दी।
दूसरा मामले में गांव खारा खेड़ी का ऋषिपाल, घरौंडा का विरेंद्र, कापड़ो गांव का राकेश कुमार व ददलाना गांव का सिया राम अपने बच्चों व रिश्तेदार को विदेश भेजना चाहते थे। उनकी मुलाकात पुंडरी निवासी प्रवीण व कुरूक्षेत्र निवासी बिजेंद्र के साथ हुई। रणबीर ने बताया था कि उसकी बड़े-बड़े अधिकारियों और नेताओं से जान पहचान है। वह भारत से ही कनाडा का वर्क परमिट लगवाकर नौकरी दिलवा देगा और वह अब तक 500 बच्चों को भेज चुका है और यह काम वे आरडी इंटरप्राइजेज के माध्यम से करते हैं,जिसका मालिक राजिंद्र निवासी मोहाली है। पेमेंट देते ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

# 'कांग्रेस को देना होगा लूट की पाई-पाई का हिसाब'

## कांग्रेस पार्टी व सांसद धीरज साहू के खिलाफ धरना देकर किया प्रदर्शन, फूंका कांग्रेस का पुतला

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/ राजकुमार शर्मा**
**झारखंड** से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के पास 300 करोड़ रुपए से ज्यादा कैश पाए जाने पर आज भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा के नेतृत्व में भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने मिनी सचिवालय के सामने कांग्रेस पार्टी व उसके सांसद धीरज साहू के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया एवं कांग्रेस का पुतला फूंका। भाजपा के प्रदेश महामंत्री एडवोकेट वेद पाल ने कांग्रेस सांसद से करोड़ों की बरामदगी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज कांग्रेस ने अपने राज्यसभा सांसद से दूरी बना ली, जबकि उसे जवाब देना चाहिए कि इतनी रकम कहां से आई है उन्होंने कांग्रेस मुक्त भारत की बात पर कहा कि कहा कि भाजपा ने हमेशा कांग्रेस मुक्त भारत की बात कही है। उसका मतलब भ्रष्टाचार मुक्त भारत है, भाई भतीजा वाद मुक्त भारत, घोटाले मुक्त भारत है।उन्होंने कहा कि कांग्रेसी नेताओं ने जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, क्योंकि यह मोदी की गारंटी है। आज नोट गिनते-गिनते इंसान ही नहीं मशीनें भी थक गई, लेकिन कांग्रेस के एक भ्रष्ट नेता के घर से लगातार पैसे बरामद हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इतनी बडी रकम जो कांग्रेसी सांसद से बरामद हुई है, यह गरीबों से लूटी हुई रकम है, जो देश के विकास में लगाई जा सकती थी।
राहुल गांधी की मुहब्बत की दुकान पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि क्या यही घोटाले ही कांग्रेस की मुहब्बत की दुकान में मिलते हैं। उन्होंने बताया कि



कांग्रेसी सासंद धीरज साहू राहुल गांधी की यात्रा के दौरान सबसे आगे था और अब कांग्रेस इससे पल्ला झाड़ रही है। उन्होंने कांग्रेसी राज्यसभा सांसद से इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि कांग्रेस को इसका जवाब देना होगा।
**कांग्रेस दे रही भ्रष्टाचार को बढ़ावा : योगेंद्र राणाः** भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व इस मामले में चुप है, जिससे स्पष्ट है कि वह भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। अब कांग्रेस का असली चेहरा जनता के सामने आ गया है। पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए काम कर रही है। कांग्रेस व उनके सहयोगी दल सनातन का अपमान करते हैं।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने सत्ता का दुरुपयोग कर कालाधन जमा किया। पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा में अब एक-एक रुपये का हिसाब लेगी। जनता के सामने कांग्रेस के असली चेहरे को बेनकाब किया जाएगा और कांग्रेस पार्टी के इस भ्रष्टाचार की पोल खोलेगी। इसके तहत ही पुतला फूंका गया है, क्योंकि भाजपा व पीएम नरेन्द्र मोदी की गारंटी है कि भ्रष्टाचार में संलिप्त किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा।
**कांग्रेस कर रही इस मामले से पल्ला झाड ? का प्रयास : संजय बठला**
मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला ने कहा कि इस मामले में कांग्रेस का भ्रष्टाचार से पल्ला झाड ? का प्रयास है। जितनी बड़ी राशि राज्य सभा सदस्य से मिली है, उसको गणना करने में मशीनें तक गर्म हो गई। कांग्रेस पार्टी इसकी जिम्मेदारी भी नहीं ले रही है। अब तक पार्टी को धीरज साहू को निष्कासित कर देना चाहिए था, क्योंकि राज्यसभा सदस्य महत्वपूर्ण पद है, जिस पर पार्टी ही चुनकर अपने नेता या प्रतिनिधि को भेजती है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री एडवोकेट वेद पाल, इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप, घरोंडा हरविंद्र कल्याण, पूर्व मंत्री शशीपाल मैहता, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला, डिप्टी चैयरमेन नगर निगम राजेश अघी, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, जिला महामंत्री राजबीर शर्मा, सुनील गोयल, जिला मीडिया प्रभारी डा. अशोक कुमार, जिला कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा, पार्षद वीर विक्रम, मेघा भंडारी, मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, साहिल मदान, महिला मोर्चा अध्यक्षा मीनाक्षी भिंडर, युवा मोर्चा अध्यक्ष ललित दाबडा मौजूद रहे।

## मोदी कार्यकाल में हुआ योजनाओं का सरलीकरण : योगेन्द्र राणा



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।**
**मोदी** कार्यकाल में योजनाओं का सरलीकरण जिस प्रकार से हुआ है उससे समय की बचत भी हुई है और आम आदमी दफ्तरों के धक्के खाने से बचा है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने रविवार को गांव पंघाला व ललैन के सामुहिक आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद के दौरान बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही।
उन्होंने कहा कि यह केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है। यह विकसित भारत संकल्प यात्रा पत्र और वंचित लोगों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ प्रदान कर रही है। मौके पर ही लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम में जनसमूह को योगेन्द्र राणा ने संबोधित करते हुए कहा कि चाहे शांति की बात हो, चाहे भ्रष्टाचार खत्म करने की, चाहे आतंकवाद को खत्म करने की बात हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिया जाता है।
जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में भारत के मान को आगे बढ़ाया है उससे आमजन का भी मान बढ़ा है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे असंध के पूर्व विधायक सरदार बक्शीश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत माता के जय घोष को विश्व पटल पर पहुंचाया है।

## भारी वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल।**
**महानिरीक्षक** ट्रैफिक एवम हाईवे करनाल के आदेशानुसार थाना यातायात की टीम द्वारा प्रबंधक निरीक्षक सुरेश कुमार के नेतृत्व में भारी वाहन चालकों और उनके मालिकों को ट्रक यूनियन सेक्टर 4 करनाल में जाकर यातायात नियमों बारे गहनता से समझाया गया। टीम द्वारा वाहन चालकों और मालिको को प्रथम लाइन में न चलकर उचित लाइन में चलने बारे निर्देश दिए गए।
टीम द्वारा बताया गया कि सर्दी के मौसम में धुंध आने पर कुछ चालक अपने वाहनों को बीच सडक पर रोक देते हैं, जो कि दुर्घटनाओं को न्योता देते है। इस पर टीम ने वाहन चालकों को अपने वाहन को सडक पर न खड़ा करके सडक से नीचे खड़ा करने के बारे में समझाया गया।

## योगा बच्चों में बढ़ाता है एकाग्रता : दिनेश गुलाटी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संचालक दिनेश गुलाटी द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों और आसपास के गांवों में भी योग की कक्षाएं चलाई जा रही हैं। इसी के अंतर्गत उन्होंने गांव ऊंचा समाना में पहुंचकर बच्चों को योगाभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि योग करने से बच्चे हमेशा फिट और हेल्दी रह सकते हैं। योग से शरीर की इम्यूनिटी बढ़ती है, जिससे वह जल्दी बीमार नहीं पड़ते। यहां योग कक्षा के शिक्षक पवन सैनी के निरीक्षण में योग करवाया जा रहा है।
सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार एडवोकेट ने कहा कि दिनेश गुलाटी अपने मिशन द्वारा लोगों को स्वस्थ करने का बीड़ा बहुत अच्छी तरह से



निभा रहे हैं और असंख्य लोग इससे लाभान्वित हुए हैं। पंच देवी सिंह, पंच परमजीत, डॉ. राजेश गोस्वामी, मोनू राणा, सतपाल, रामकुमार, रणवीर सिंह, भोपाल, नरेंद्र, प्रदीप, जमील यहां मौजूद रहे।
बच्चों में महक द्वारा त्रिकोण आसन और सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। भाग्यांश द्वारा ताड़ासन का अभ्यास किया गया। दिनेश गुलाटी ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग करने से बच्चों का
शारीरिक व मानसिक विकास तेजी से होता है। योग बच्चों में एकाग्रता को बढ़ाता है और तनाव कम करता है, इसलिए उन्होंने बच्चों को रोजाना एक घंटा योग जरूर करने की सलाह दी ।

## यात्रा गांव-गांव जाकर लोगों को कर रही जागरूक : रामकुमार कश्यप

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।**
**केन्द्र** व राज्य सरकार की जनहितैषी नीतियों एवं योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने एवं इन सभी योजनाओं का लाभ गरीब एवं वंचित लोगों को मिले, इसके लिए देश में विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रही है, ताकि लोग सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करके उनका लाभ उठा सकें। शब्द विधायक रामकुमार कश्यप ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान इन्द्री विधानसभा के गांव गुमटो व शेखपुरा में लोगों को सम्बोधित करते हुए कहें। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचकर सबसे प्रथम विभिन्न



विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया और योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा लगाए गए स्टाल पर विशेष रूचि दिखाई और महिलाओं को उनके द्वारा तैयार किए गए सामान की सराहना की। विधायक रामकुमार कश्यप ने विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा कार्यक्रम में बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति से संबंधित बीपीएल परिवारों तथा विधवाओं को उनकी लडकी की शादी में सरकार की ओर से 71 हजार रुपए, गैर बीपीएल की विधवाओं, तलाकशुदा के परिवारों को उनकी लडकी की शादी में 51 हजार रुपए तथा समाज के अन्य वर्ग के परिवारों को 31 हजार रुपए की राशि अनुदान के रूप में दी जाती है। इसके अलावा सरकार की बहुत सी जनकल्याणकारी योजनाएं है जो जनता के हित में चलाई गई है।
उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत लोगों को मुफ्त ईलाज की सुविधाएं प्रदान की जा रही है।
विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकारें जनकल्याण की दिशा में अच्छा कार्य कर रही है। यही कारण है कि आज विश्व में भारत का नाम विख्यात हुआ है। केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान भारत योजना स्टार्टअप इण्डिया, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना सहित अन्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।
विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादइ के दौरान 'मेरी कहानी-मेरी जुबानीइ के तहत गांव गुमटो व शेखपुरा बांगर के आयुष्मान एवं पेंशन संबंधी विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने विचार सांझा करते हुए अपने-अपने अनुभवों के बारे में बताया कि कैसे वह और उनका परिवार सरकार की अंत्योदय उत्थान एवं कल्याण को समर्पित योजनाओं का लाभ उठाकर बेहतर व अच्छे तरीके से अपना जीवनयापन कर रहे हैं।

## 8 ग्राम 51 मिलीग्राम स्मैक सहित दो आरोपी काबू




**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**नारकोटिक सेल** की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी रजत कुमार उर्फ लक्की पुत्र बाबू राम वासी पहलवान कॉलोनी तरावडी को गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी रजत के कब्जे से 8 ग्राम 51 मिलीग्राम स्मैक बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना तरावड़ी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।
इस मामले में पुलिस टीम द्वारा आरोपी रजत को स्मैक उपलब्ध करवाने वाले आरोपी आलमदीप सिंह पुत्र देवेंद्र सिंह वासी पहलवान कॉलोनी तरावड़ी को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी स्मैक पीने और बेचने के आदी है। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी रजत के खिलाफ पहले भी लड़ाई झगड़े के करीब तीन और आलमदीप पर करीब तेरह मुकदमे लड़ाई झगड़े और शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज है। आरोपी रजत को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया और आरोपी आलमदीप को न्यायालय में पेश करके एक दिन का रिमांड हासिल किया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी और आरोपी आलमदीप जहां से स्मैक खरीदकर लाया था, उसकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

## शिवाह में एकदिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**हरियाणा** पुलिस और ग्राम पंचायत सिवाह के संयुक्त तत्वाधान में खेल स्टेडियम चौटाला रोड शिवाह में एकदिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि शिवाह के सरपंच सुनीता कादियान रही जबकि अध्यक्षता जिला पुलिस हेड क्वार्टर के डीएसपी सतीश गौतम ने की मुख्य अतिथि सरपंच सुनीता कादियान ने कहा कि खेलों से जहां तन मन स्वस्थ रहता है वहीं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार की ओर से पुरस्कार स्वरूप अच्छी धनराशि और सरकारी नौकरी भी मिलती है यही नहीं हरियाणा को जहां भारतीय खेलों की जननी कहा जाता है वहीं आज हरियाणा के खिलाड़ी देसी विदेशी सभी प्रकार के खेलों में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं उन्होंने कहा कि गांव शिवाह में इस समय जहां फुटबॉल कबड्डी रस्सा कस्सी और क्रिकेट की टीम प्रतिदिन अभ्यास करती है वहीं नए खिलाड़ियों को भी पूर्व खिलाड़ियों और ग्राम पंचायत की ओर से प्रेरित किया जाता है।

## 'चिरंजीलाल शर्मा लगातार चार बार रहे करनाल के सांसद'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।** पूर्व विधायक सुमिता सिंह के निवास से करनाल से कई बार सांसद रहे स्वर्गीय पंडित चिरंजीलाल शर्मा की स्मृत्ति में मनाए जा रही स्मृत्ति दिवस में पहुंचने के लिए बड़ी संख्या में कांग्रेस सेवा दल व कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता पानीपत के लिए रवाना हुए।
सुमिता सिंह ने कहा कि पंडित चिरंजी लाल शर्मा के 100वें जन्म शताब्दी वर्ष आज पानीपत में पुण्य समृद्धि दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हरियाणाभर से उनके



समर्थक शामिल होंगे और कांग्रेस के कई बड़े नेता भी इस समारोह में शिरकत करेंगे।
उन्होंने बताया कि अपने करीब चार दशक के सियासी जीवन में पंडित जी ने सैद्धांतिक राजनेता के रूप में खास पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि 1980 के लोकसभा चुनाव में पंडित चिरंजीलाल शर्मा ने कांग्रेस की टिकट पर करनाल से चुनाव लड़ा और भारी वोटों से विजय प्राप्त की। 1980 से 1996 तक वह करनाल लोकसभा से लगातार चार बार सांसद बने। वह हरियाणा के प्रथम ऐसे नेता हैं, जिन्हें एक लोकसभा क्षेत्र से लगातार चार बार लोकसभा चुनाव जीतने का गौरव प्राप्त है। इसके अलावा वे संयुक्त पंजाब के समय में विधायक भी रहे।
सुमिता सिंह ने कहा कि पंडित चिरंजी लाल शर्मा के बेटे एवं राजनीतिक उत्तराधिकारी कुलदीप शर्मा जहां अपने पिता की सियासत को कांग्रेस में रहकर आगे बढ़ा रहे हैं तो वह भी विधायक निर्वाचित हुए हरियाणा में विधानसभा के अध्यक्ष भी रहे हैं। अपने इस कार्य के दौरान उन्हें करनाल लोकसभा क्षेत्र में अनेक विकास कार्य करवाए।

## आज जनता का पैसा जनता के लिए हो रहा खर्च: विधायक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के लक्ष्य के साथ शुरू की गई पहल व विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा 11वें दिन रविवार को गांव नलवीपार व रसूलपुर कलां पहुंची, जहाँ घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने यात्रा का स्वागत करते हुए कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्राइ मोदी सरकार की अब तक की सबसे व्यापक पहुंच वाली पहल है। समावेशी विकास के दृष्टिकोण पर आधारित इस यात्रा के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का निरंतर प्रयास किया जा



रहा है कि सरकारी योजनाओं का लाभ देश के हर कोने में शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों व परिवारों तक पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने नलवीपार व रसूलपुर कलां के ग्रामीणों को देश को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रति शपथ भी दिलाई।
विधायक कल्याण ने देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार ने अनेक कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया है और सुनिश्चित किया है कि हर पात्र व्यक्ति तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसके साथ-साथ व्यवस्था परिवर्तन के दृष्टिगत भी सरकार ने बेहतर काम करते हुए आम आदमी के जीवन का सरलीकरण किया है। आज प्रदेश में बिना पर्ची व खर्ची के मेहनती युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। इसके विपरीत पूर्व की सरकारों में पैसे लेकर सरकारी नौकरियां बेची जाती थी व विधायकों व सांसदों के रिश्तेदारों को बड़े पदों पर नियुक्ति मिलती थी। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार ने 1 लाख 10 हजार युवाओं को पारदर्शिता के आधार पर नौकरी देने का काम किया है और जल्द ही 60 हजार युवाओं को सरकार नौकरी देने जा रही है। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार के मामले इतने अधिक थे कि सरकारी खजाने का पता ही नहीं चलता था कि यह किसके लिए है। आज जनता का पैसा जनहित के कार्यों के लिए खर्च हो रहा है। पब्लिक का पैसा पब्लिक पर खर्च हो, तभी समाज की तरक्की संभव है। आयुष्मान भारत के तहत गरीब परिवारों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त ईलाज मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब लोगों के मकान पक्के किए जा रहे हैं। विधायक ने अपने कार्यकाल के दौरान नलवीपार व रसूलपुर कलां में करवाए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नलवीपार गांव में आधुनिक आईटीआई बनाने की घोषणा की है। इससे दर्जनों गांवों के युवाओं को कौशल विकास के दृष्टिकोण से फायदा होगा। यह पिछले करीब 10 सालों में घरौंडा को मिली दूसरी आईटीआई है। इससे पहले गांव बसताड़ा में भी आईटीआई की शुरूआत वर्तमान सरकार द्वारा की गई थी।

## आउटसोर्स पार्ट-टू कर्मचारी संगठन ने किया राज्य स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल।**
**हरियाणा प्रदेश** के विभिन्न विभागों, निगमों, बोर्डो, कॉपोरेशनों, निकाय, सोसाइटी तथा राजकीय संस्थानों में वर्षो से कार्यरत पार्ट-टू कर्मचारियों तथा संगठन के सौजन्य से प्रधान राम रतन की अध्यक्षता में पंचायत भवन में राज्यस्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हरियाणा प्रदेश के 22 जिलों से पार्ट-टू कर्मचारियों ने बढ-चढकर हिस्सा लिया।
राज्य स्तरीय रक्तदान शिविर में हरियाणा प्रदेश के तीन अलग-अलग जिलों से ब्लड कलेक्शन टीम कल्पना चावला मेडिकल



कॉलेज करनाल, भगत फूल सिंह वोमेन मेडिकल कॉलेज खानपुर सोनीपत तथा शहीद हसन खान मेडीकल कॉलेज नूंह मेवात से आई तथा पार्ट-टू कर्मचारियों ने अपनी स्वेच्छा से रक्तदान किया। प्रदेश की तीनों मेडिकल टीमों ने लगभग 300 यूनिट रक्त एकत्रित किया। दिया रक्त न व्यर्थ नहीं जाएगा, एक-एक बूंद रक्त हरियाणा प्रदेश के काम आएगा। रक्तदान सबसे बडा दान माना जाता है। शिविर में मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बटला, भाजपा के प्रदेश महामंत्री एडवोकेट वेदपाल, धर्मपाल गोंदर विधायक नीलोखेडी, रामकुमार कश्यप, विधायक इन्द्री सहित अन्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक रक्तदान शिविर में पहुंचकर डोनरों को आशीर्वाद दिया ।

## संपादकीय

# महुआ मोइत्रा का निष्कासन विपक्षी एकजुट का बहाना

**हाल** ही में संपन्न 5 राज्यों के चुनाव में विपक्षी दलों ने आपस में जोरदार सिर फुटोवल किया . पांच राज्यों के नतीजे आ आने के बाद मालूम पड़ा कि इनमें कांग्रेस दो जगह अपनी सरकार नहीं बचा पाई. यानी कुल चार जगह सरकार बना नहीं पाई. एक जगह ही सत्ता से नाराजगी का फायदा कांग्रेस को मिला. बाकी दल छुट पुट जीत भी न हासिल कर पाए . बीजेपी ने तीन राज्यों में सरकार बनाई. लगातार होती कांग्रेस की हार और घटते सीट वोट के बीच अब बीजेपी और कांग्रेस के साथी दल ही कांग्रेस की सियासी बीमारी के लक्षण बताने लगे . इसके बाद इंडिया गठबंधन में दरार साफ दिखने लगी . ऐसा लगा कि अब यह गठबंधन 24 के चुनाव में नहीं जुड़ पाएगा क्योकि 6 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक होनी थी. चर्चा ये चली कि कांग्रेस ने इन चुनावों में सोचा था कि जीत हासिल करेंगे फिर गठबंधन की बैठक में अपना हाथ ऊपर करके बात सहयोगियों से करेंगे. लेकिन अब बाजी पलट गई है. लेकिन इन नतीजों के बाद इंडिया गठबंधन के चार बड़े दल अब तक कांग्रेस की हार का बाद उसकी नीति, नीयत और सोच पर सवाल उठा चुके हैं. अब जो 6 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक कांग्रेस की ओर से दिल्ली में रखी गई थी उसमें कई बड़े नेताओं के मना करने के बाद इस संस्थागित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि क्षेत्रीय दलों ने कांग्रेस के रवैये पर आपत्ति जताई थी । जिस तरीके से हाल में संपन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने क्षेत्रीय दलों का अपमान किया, उसकी वजह से इंडिया गठबंधन के कुछ नेताओं ने खुलकर कांग्रेस का विरोध किया। यही कारण है कि लगातार इंडिया गठबंधन में खटपट की स्थिति चल रही थी। हालांकि, महुआ मोइत्रा प्रकरण विपक्षी एकता को संजीवनी दी । जब संसद से महुआ मोइत्रा के निष्कासन हुआ उसके बाद विपक्षी सांसद एकजुट नजर आने लगे । उन्होंने गांधी प्रतिमा के समक्ष विरोध प्रदर्शन भी किया जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी मौजूद रहे ।ऐसे में इस बात की चर्चा तेज हो गई है कि महुआ मोइत्रा की निष्कासन ने क्या विपक्षी एकजुटता को फिर से मजबूत कर दिया है? क्या इंडिया गठबंधन को मोदी सरकार को घरने के लिए बड़ा हथियार मिल गया है? एक दिन पहले तक जो इंडिया गठबंधन और उसके सदस्य बिखरे नजर आ रहे थे, इस प्रकरण के बाद वह पूरी तरह एकजुट रहे। राज्य चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के कारण गठबंधन तनाव में दिख रहा था। तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल (यूनाइटेड) ने भाजपा से मुकाबला करने की कांग्रेस की क्षमता पर सवाल उठाए। लेकिन महुआ मोइत्रा प्रकरण ने माहौल बदल दिया है और इंडिया ब्लॉक की एक और सौहार्दपूर्ण बैठक के लिए माहौल तैयार कर दिया है। टीएमसी नेता द्वारा उठाए गए मुद्दों पर राहुल गांधी ने भी आवाज उठाई है, जहां उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार पर एक व्यापारिक घराने का पक्ष लेने का आरोप लगाया है। कांग्रेस उनसे ज्यादा दिनों तक दूरी नहीं बना सकी। साथ ही, वह टीएमसी को नाराज करने से भी सावधान थी, जिसने हाल तक उनके मामले पर काफी हद तक चुप्पी साध रखी थी।

# भयावह दौर से गुजरता युवा वर्ग

सुनील कुमार महला

"2008 की आर्थिक मंदी की भविष्यवाणी करने वाले अर्थशास्त्री नूरिएल रुबिनी तो कह चुके हैं कि दुनिया 1970 के दौर जैसी विकट आर्थिक स्थिति की ओर जा रही है। आर्थिक, सामाजिक बदलावों के साथ मध्यवर्ग का स्वरूप बदल रहा है। यह अब 30-40 करोड़ लोगों का देशव्यापी वर्ग है, जो प्रभावशाली है, जिसकी आवाज मजबूत है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय फलक पर बड़े नेता के तौर पर उभरे तो इसके पीछे मध्यवर्ग का बड़ा हाथ था। यह वर्ग देश की बागडोर मजबूत, निर्णायक नेतृत्व के हाथ में देखना चाहता था। इसके पीछे मध्यवर्ग के अपने स्वार्थ थे। मध्यवर्ग की ख्वाहिश थी कि आर्थिक तरक्की उस दिशा में हो, जिसकी उपलब्धियों का लाभ उसे मिले। लेकिन मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में भी रोजी-रोजगार के घटते अवसर, सरकारी भर्तियों पर अघोषित रोक व बंद होते कल-कारखानों के कारण युवा पीढ़ी भटकाव की तरफ बढ़ रही है"

**पिछले लम्बे** अरसे से देश का युवा भयावह दौर से गुजर रहा है। कोरोना काल और सरकारी नौकरी पर विश्व बैंक के दबाव ने केन्द्र और राज्य सरकार की भारी भरकम नौकरियॉ खत्म कर दी है। रही सही कसर ठेका प्रणाली ने पूरी कर दी है। सरकारी क्षेत्रों में रिक्तियॉ होने के बावजूद नौकरी के विज्ञापन न आने के कारण लाखों युवा नौकरी की उम्र पार कर गए है। कुल मिलाकर देश का युवा वर्तमान समय में भयावह दौर से गुजर रहा है। उसकी मानसिक हालत दिन पर दिन बिगड़ रही है। महंगाई और बेरोजगारी, 2022 की सबसे बड़ी चिंताएं थीं जो विरासत में 2023 में भी एक खतरनाक, लंबी और तकलीफदेह मंदी बनी रही। 2008 की आर्थिक मंदी की भविष्यवाणी करने वाले अर्थशास्त्री नूरिएल रुबिनी तो कह चुके हैं कि दुनिया 1970 के दौर जैसी विकट आर्थिक स्थिति की ओर जा रही है। आर्थिक, सामाजिक बदलावों के साथ मध्यवर्ग का स्वरूप बदल रहा है। यह अब 30-40 करोड़ लोगों का देशव्यापी वर्ग है, जो प्रभावशाली है, जिसकी आवाज मजबूत है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय फलक पर बड़े नेता के तौर पर उभरे तो इसके पीछे मध्यवर्ग का बड़ा हाथ था। यह वर्ग देश की बागडोर मजबूत, निर्णायक नेतृत्व के हाथ में देखना चाहता था। इसके पीछे मध्यवर्ग के अपने स्वार्थ थे। मध्यवर्ग की ख्वाहिश थी कि आर्थिक तरक्की उस दिशा में हो, जिसकी उपलब्धियों का लाभ उसे मिले। लेकिन मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में भी रोजी-रोजगार के घटते अवसर, सरकारी भर्तियों पर अघोषित रोक व बंद होते कल-कारखानों के कारण युवा पीढ़ी भटकाव की तरफ बढ़ रही है। कुछ लोग अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए जरायम पेशा अपनाने को मजबूर हैं। वहीं उच्च शिक्षा प्राप्त युवा वर्ग रोजी-रोजगार के लिए नेताओं के पीछे-पीछे चलने को मजबूर हैं। बावजूद इसके उन्हें रोजगार नहीं मिल पा रहा है लेकिन नेताओं की तिजोरियां जरूर भर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुद्रा योजना से युवाओं को स्वरोजगार के लिए कई योजनाओं की घोषणा कर रखी है,




लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों में जनहित के प्रति उपेक्षात्मक रवैया व बैंकों के असहयोग के चलते उनकी योजनाएं परवान नहीं चढ़ पा रही है। अभी हाल कई उद्योग ने हजारों कामगारों को काम न होने के कारण निकाल दिया। इस तरह की हजारों कंपनियों ने रास्ता अख्तियार किया है, जिससे लाखों लोगों की नौकरियां चली गई और सरकारें इस पर चुप्पी साधे हुई है। अगर यही क्रम जारी रहा है तो आगे क्या होगा, यह कहना कठिन होगा। इसी मुद्दे पर क्षेत्र के प्रमुख लोगों से बात करने पर उनके अंदर से कुछ इस तरह के विचार सामने आए। भले सरकार विकसित भारत या खुशहाल भारत का ढिढोरा पीटे, कितु आज रोजी-रोजगार के नाम पर देश की स्थिति भयावह है।

जो नीतियां इस संदर्भ में मनमोहन सिंह की सरकार ने लागू की थी, उसी को मोदी सरकार आगे बढ़ा रही है और काफी तेजी से आगे बढ़ा रही है। इससे युवाओं को नौकरियां नहीं मिल पा रही है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी छोटी-छोटी नौकरियों के लिए युवा लाइन लगा रहे हैं। बावजूद उन्हें नौकरियां नहीं मिल पा रही है। ऐसे में समृद्ध भारत का नारा किस तरह साकार होगा, समझ में नहीं आ रहा है।सबसे खास बॉत यह कि जब सरकार स्वंय इस बॉत को स्वीकार कर रही है कि देश की आधी से अधिक आबादी के भरण पोषण के लिए निःशुल्क गेहूॅ चावल दे रही है तो पता चलता है कि देश की आधी से अधिक आबादी के हालत कितनी बद्दतर है। यूपीए-2 सरकार के मुकाबले नरेंद्र मोदी के रूप में मजबूत और निर्णायक नेतृत्व सामने आया, जो देश की रक्षा और अर्थव्यवस्था से जुड़े बड़े फैसले लेने में सक्षम था। मध्यवर्ग को मिली इस कामयाबी से देश में खुशनुमा माहौल बना था। लेकिन आज यह उत्साह ठंडा पड़ता दिख रहा है। मध्यवर्ग में उदासी है। मोदी जैसे सशक्त नेतृत्व से उसकी जो अपेक्षाएं थीं, वे पूरी नहीं हो पाईं। सबसे ज्यादा परेशानी नौकरियों और अर्थव्यवस्था को लेकर है। ऐसा नहीं कि पिछले तीन-चार साल में आर्थिक तरक्की कतई नहीं हुई, मगर जैसी उम्मीद थी, वैसे नतीजे नहीं आए। हालांकि, इस दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ, कच्चे तेल के दाम भी काबू में रहे।

मगर भारत में यह रोजगारहीन विकास का दौर रहा। नई नौकरियों के पैदा होने की रफ्तार बेहद सुस्त पड़ गई।कुल मिलाकर मोदी सरकार के वायदों और उनके पूरा होने के बीच एक फासला है! रही-सही कसर नोटबंदी और जीएसटी ने पूरी कर दी। नोटबंदी के दौरान जो मध्यवर्ग मोदी सरकार का पक्का समर्थक बनकर लाइनों में खड़ा रहा, जीएसटी ने उसकी भी सोच बदल दी। जिन-जिन वजहों से मध्यवर्ग ने अपनी आकांक्षाओं के लिए नरेंद्र मोदी में भरोसा किया था, उससे मोहभंग हुआ है। वैसे, माना जाता है कि मध्यवर्ग थोड़ा स्वार्थी और खुद में सिमटा वर्ग है। वह समाज की व्यापक पीड़ा से जुड़ता नहीं है। लेकिन मीडिया के असर और कई दूसरी वजहों से भी यह स्थिति बदल रही है। अब मध्यवर्ग देशव्यापी है। शहर की तरह गांवों में भी एक मध्यवर्ग है। किसानों के बीच भी एक मध्यवर्ग बन गया है जो कृषि की दुर्दशा और आरक्षण के झगड़ों से खुद को जोड़कर देखता है। मध्यवर्ग अब शहरी-ग्रामीण फिनॉमिना बन गया है। सबसे छोटा शहर, एक बड़ा गांव है। बहुत बड़ा गांव, एक छोटा शहर। शहर और गांव का विभाजन मिटता जा रहा है। इसलिए अब ऐसा नहीं कहा जा सकता कि कृषि संकट से मध्यवर्ग का कोई लेना-देना नहीं है। इस लिहाज से देखें तो मध्यवर्ग का विस्तार हो रहा है। इसलिए उसकी अनदेखी करना और भी मुश्किल है।हालांकि, मध्यवर्ग बड़ा व्यावहारिक तबका है। वह चाहता है कि नौकरियां मिलें, सुरक्षा मिले, आर्थिक अवसर बढ़ें, आय बढ़े, उसकी खुशहाली के अवसर पैदा हों। अगर यह सब होता रहे तो वह अति राष्ट्रवादी या सांप्रदायिक एजेंडे को भी निभा लेगा। लेकिन धंधे पर चोट हो, आमदनी न बढ़े, महंगाई बढ़ती रहे, तब सवाल उठता है कि मध्यवर्ग में सांप्रदायिक और अति राष्ट्रवादी मुद्दों से कब तक उत्साह भरा जा सकता है। मौजूदा सामाजिक अस्थिरता, हिंसक भीड़ की सरेआम हत्या की घटनाओं, बढ़ती सांप्रदायिकता ने मध्यवर्ग में बेचैनी को बढ़ा दी है। यह भी मध्यवर्ग के मोहभंग का एक कारण है।

एक तरफ भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गयी है वहीं देश विश्व भूख सूचकांक में अभी तक बहुत नीचे बना हुआ है। उज्ज्वला योजना में लोगों को रसोई गैस सिलेंडर तो दे दिये गये किंतु उनके पास उसे भरवाने के लिए पैसे नहीं हैं। सबसे खॉस बॉत यह कि आज देश में अनपढ़ मजदूर तो तीन से चार सौ रुपए दिन की मजदूरी तो हासिल कर ले रहा है लेकिन पढ़ा लिखा वर्ग इससे भी वंचित है। कुल मिलाकर सरकार के लाख दावों के बीच बेरोजगारी और महंगाई के चलते देश का 90 प्रतिशत युवा विचलित और भटकाव के दौर से गुजर रहा है।

## कविता

**इससे पहले कि हवाएं**
**शब्द भंडार ले जाएं**
**चलिए मधुर गीत लिख लेते हैं।**
**इससे पहले कि हिम श्रृंखलाओं**
**की बर्फ पिघल जाए,**
**उससे कुछ ठंडी छुअन ले लेते हैं।**
**इससे पहले कि**
**लंबी**
**वृक्ष श्रृंखलाएं ग्रीष्म में**
**पत्तों को त्याग दें,**
**कुछ बसंत ले लेते हैं।**
**इससे पहले कि**
**जीवन मधुर संगीत**
**सुनाना बंद कर दे,**
**कुछ स्वर लहरी**
**गुनगुना ले लेते हैं।**
**इससे पहले कि जीवन**
**कि सांध्य बेला**
**मौसम पर छा जाए,**
**अपने अंदर के बच्चे को**
**जी लेते हैं।**
**इससे पहले की**
**कठोर धरातल और**
**पथरीली हो जाए**
**चलो थोड़ा खिलखिला लेते हैं।**

संजीव ठाकुर

# कॅरिअर ग्रोथ के लिए कौशल हो आधार

**विजय गर्ग**

**इन्फॉर्मेशन** ऐज की दुनिया में कौशल ज्ञान के दायरे को बढ़ाना लगभग सभी पेशेवरों व युवाओं की मांग है। जिस दोगुनी गति से लोगों के लिए एवरग्रीन सेक्टर में नौकरी की संभावनाएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए हमें एक बेहतर कॅरिअर निर्माण के लिए खुद को नई तकनीकों के अनुरूप ढालने व यूं कहे परिचित होने की नितांत आवश्यकता है। बेहतर कॅरिअर ग्रोथ के लिए लाजमी है कि आप स्वयं के लिए नए विकल्प तलाशें और खुद से प्रश्न करें कि कैसे आप जीवन में नए कौशलों से अपग्रेड हो सकते हैं।

कॅरिअर पर प्रभाव डालने वाले कौशल

अगर आप कॅरिअर के अभी शुरूआती दौर में हैं तो सबसे पहले आपको यह जानना होगा कि कौन से कौशल की इस डिजिटल दुनिया में अधिक मांग है और यह कैसे आपके दीर्घकालीन जीवन में प्रभाव डाल सकते हैं। दरअसल डिजिटल माहौल के तेजी से बदलते इस दौर में कौशल की मांग को पहचानने का यह पहला कदम है। जब आप स्वयं के विकास के लिए कौशल की पहचान कर लेते हैं, तब आप खुद के लिए आत्म-विकास की दिशा में सही कौशल का चुनाव कर पाने में भी कामयाब हो जाते हैं। मौजूदा कौशल व पसंदीदा कॅरिअर का मेल कौशल सेट को बढ़ाने के लिए आपको यह समझना भी बेहद जरूरी है कि आपके मौजूदा कौशल और अनुभव आपके पसंदीदा कॅरिअर के साथ मेल खाते हैं या नहीं। साथ ही क्या आपके पास उन कौशलों की कमी है जो आपके पसंदीदा कॅरिअर मार्ग के साथ मेल खाते हैं? अक्सर जब भी आप यह सवाल खुद से पूछते हैं तो आपको यह समझने में मदद मिलती है कि अभी किन कौशलों को विकसित करने की आवश्यकता है।

**विभिन्न स्रोतों से सीखें कौशलः** अपने कौशल ज्ञान के दायरे को बढ़ाने के लिए उपलब्ध स्रोतों की जांच करना आपके लिए बेहद जरूरी है। आपका यह मूल्यांकन करना भी जरूरी है कि कौन से ऑनलाइन कोर्स, वर्कशॉप या प्रमाणपत्र की मदद से आप भविष्य के लिए नए कौशल के अवसर का विकास कर सकते हैं। **सही**

**मेंटर का करें चुनावः** किसी क्षेत्र के बारे में जानकारी लेनी हो या कॅरिअर ग्रोथ के लिए मशविरा एक मैटर दोनों ही परिस्थितियों में आपका साथ बखूबी निभाता है। मेंटर द्वारा दिए जाने वाले सुझाव आपके कॅरिअर का सही चुनाव कर बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। इसलिए अगर आप सही मॅटर का चुनाव करते हैं तो यह न केवल आपको भविष्य में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद करता है, बल्कि आपका व्यक्तिगत विकास करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## विचार

# इंटरनेट,कंप्यूटर और मोबाइल आम उपभोक्ता की जेबों में सुराग

**(मध्यम वर्ग पर पड़ता भारी )**

**टेलीफोन,** मोबाइल, इंटरनेट के अविष्कार के बाद मानवीय संचार माध्यम के अविष्कार के बाद संचार विज्ञान के इतिहास में अत्यंत समीचीन तथा भविष्य का एक तूफानी विकास है। विभिन्न संचार माध्यमों के आपस में जुड़े कंप्यूटर एवं विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का समूह कंप्यूटर नेटवर्क कहा जाता है, और इन्हीं कंप्यूटर नेटवर्क का विश्व स्तरीय अंतरजाल को अंग्रेजी में इंटरनेट कहा जाता है। अमेरिका में एक दूसरे के सूचना माध्यमों को जोड़कर जानकारी गुप्त रूप से आदान-प्रदान करने के लिए 1969 में अमेरिका में कंप्यूटर में 'अपारनेट' की स्थापना की गई थी। इसी परिकल्पना के साथ कंप्यूटर नेटवर्क, आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्क इंटरनेट के रूप में परिवर्तित हो गया। इंटरनेट का सार्थक उपयोग समाज में शिक्षा संगठन और भागीदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण पॉजिटिव ट्रैक होने के साथ एक चमत्कारिक परिवर्तन समाज में आया है। आज लोगों के शौक खेलना, पढ़ना ,संगीत सुनना, चित्र बनाना ,फोटोग्राफी परिवर्तित होकर 90% लोगों के इंटरनेट सर्फिंग, संगीत सुनना और चित्र बनाने जैसे शौक इंटरनेट से मोबाइल अथवा कंप्यूटर के माध्यम से पूरे किए जा रहे हैं। विश्व में जनसंख्या के हिसाब से 4 अरब लोग इंटरनेट कंप्यूटर तथा मोबाइल के माध्यम से सुबह शाम इस्तेमाल कर रहे हैं। भारतीय परिपेक्ष में 140 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या वाले देश में लगभग 40% लोग मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग कर एक दूसरे से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इंटरनेट एक ऐसा सेवक है जो मोबाइल के माध्यम से आपके सभी आदेशों का पालन करने के लिए दिन रात उपलब्ध है। मोबाइल और कंप्यूटर में उपयोग होने वाला इंटरनेट एक ऐसा अंतरजाल है जिस का आविष्कार सूचनाओं को साझा करने के उद्देश्य किया गया था और अब सूचना प्रौद्योगिकी के इस वर्तमान काल में दस्तावेजों एवं ध्वनि माध्यम के साथ वीडियो का आदान प्रदान करना भी इंटरनेट के माध्यम से संभव हो गया है। हवाई जहाज की, होटल की, किताबों की और व्यापार बढ़ाने की योजनाओं की बुकिंग इंटरनेट द्वारा घर बैठे कंप्यूटर या मोबाइल से किया जा सकता है। सरकार की प्रशासनिक कार्यों से लेकर व्यापार ,शिक्षा के नव अवसर भी इंटरनेट के माध्यम से पूर्ण किए जाने लगे हैं।

इंटरनेट ने पूरे विश्व को एक दूसरे के एकदम करीब लाने के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी में एक चमत्कारिक परिवर्तन लाया है।

भारत में इस इंटरनेट या अंतरजाल ने जहां पूरे भारत को एक करके रख दिया है वहीं दूसरी तरफ इंटरनेट की सेवाएं जो एयरटेल आइडिया, डोकोमो, टाटा,जिओ और बीएसएनएल जैसी कंपनियां भारतीय उपभोक्ताओं को शहर से लेकर गांव तक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। दूसरी तरफ पूर्व में जहां गरीब उपभोक्ता ?10 से लेकर ?100 तक आसानी से रिचार्ज करा लिया करता था ,अब इंटरनेट की कंपनियां ?200 से लेकर ?1000 तक बात करने की सुविधा के साथ इंटरनेट की सुविधा भी साथ में उपलब्ध करा रहे हैं जो सीधे-सीधे आम उपभोक्ता के लिए उनकी आर्थिक स्थिति में सेंध मारने जैसा कार्य है। हालांकि यह सेवाएं स्वैच्छिक हैं, उपभोक्ता इंटरनेट की सेवाएं लेना चाहे तो ले अन्यथा केवल बातचीत करने की सेवाएं सी ले सकता है,पर एक बार इंटरनेट इस्तेमाल करने की आदत पड़ने के बाद उपभोक्ता इसका आदी होने लगता है।अब स्थिति यह है कि सीधा 28,58,89 दिनों के लिए इंटरनेट के साथ बात करने की सुविधा महंगी दरों में उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे गरीब उपभोक्ता की जेबों में हमला कर उनका मासिक बजट बिगाड़ने का काम हो रहा है, इस तरह से बात करने की सुविधा के साथ इंटरनेट भी दिया जाना भारत के ग्रामीण क्षेत्र में गरीब व्यक्ति को और भी गरीबी के दलदल में धकेलने जैसा ही है। यह सभी कंपनियों का गरीब उपभोक्ता के जेबों में सीधे-सीधे पैसे निकालने का सुनियोजित षड्यंत्र की तरह कर रहीं है। भारत के हर तीसरे व्यक्ति के पास एंड्राइड या स्मार्टफोन उपलब्ध है और यह बड़ी कंपनियां हर माह इन उपभोक्ताओं को आवश्यक रूप से इंटरनेट उपलब्ध कराने के पैकेज देकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास कर रही है, इस पर प्रभावी नियंत्रण अति आवश्यक है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# महुआ के बहाने बेनकाब हुए ' माननीय 'भारत के

**भारतीय** संसद को वैसे तो लोकतंत्र का मंदिर भी कहा जाता है। हमारे देश के जनप्रतिनिधि इसी संसद भवन में बैठकर देश के भविष्य की योजनायें व इससे सम्बंधित कानून बनाते हैं। इसलिये यह कहने की जरुरत नहीं कि प्रत्येक सांसद को पूर्ण रूप से संसदीय व्यवस्था व सञ्चालन को समझने की क्षमता रखने वाला,संसदीय कायदे कानूनों का जानकार ,गंभीर,जिम्मेदार,ईमानदार,अनुशासित तथा समाज के लिये आदर्श पेश करने वाला नेता होना चाहिये। परन्तु वास्तव में ऐसा है नहीं । स्वतंत्रता से लेकर अब तक जहां हमारी संसद में अनेकानेक ऐसे सांसद हुए हैं जिनपर देश नाज करता है वहीं दुर्भाग्यवश इसी संसद में अपराधी,भ्रष्ट,रिश्वतखोर,सवाल पूछने के बदले पैसे लेने वाले,संसद में हाथा पाई,मारपीट तथा लात घूसा चलाने वाले,जमीर फरोश,सिद्धांत विहीन,सत्ता लोलुप,दलबदलू यहां तक कि अशिक्षित सांसद भी 'शोभायमान ' होते रहें। इसके अतिरिक्त यही माननीय कई बार सांसद की गरिमा के विरुद्ध आचरण करते भी देखे जा चुके हैं।

उदाहरण के तौर पर मार्च 2000 में जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन भारत के पाँच दिवसीय दौरे पर आए थे उस दौरान उन्होंने 22 मार्च को संसद के केंद्रीय कक्ष में संयुक्त भारतीय संसद को भी संबोधित किया था। खचाखच भरे इस केंद्रीय हाल में राष्ट्रपति क्लिंटन के संबोधन के बाद जिस तरह हमारे 'माननीयों ' में क्लिंटन के साथ हाथ मिलाने व फोटो खींचाने की होड़ मची थी वह दृश्य भी अभूतपूर्व था।

अनेक सांसद उस दिन कुर्सियां फांद कर एक दूसरे को पीछे छोड़ राष्ट्रपति क्लिंटन की तरफ जाते दिखाई दिये थे। यह उनसे हाथ मिलाने व उसके साथ फोटो खिंचाने के लिये लालायित थे। इस दृश्य ने भी अनेक 'माननीयों' की मानसिकता व उनकी हकीकत को उजागर किया था। आज भी उसी मानसिकता के अनेक सांसद समय समय पर संसद में 'मोदी '- 'मोदी' का जाप करते सुनाई देते हैं। ऐसा 'नेता जाप ' भारत के अतिरिक्त किसी अन्य देश की संसद में होते नहीं सुनाई देता।

# ऐसे न्याय से अन्याय भला

खचाखच भरी अदालत में जज फैसला सुनाने के लिए तैयार हुए। सभी उनकी ओर आश्चर्य भरी निगाहों से देख रहे थे, इसलिए नहीं कि वे फैसला सुनाने जा रहे हैं। इसलिए कि दस साल लंबे चले केस का जो अंत होने वाला था। वह क्या है न कि देश में अन्याय चप्पे-चप्पे पर मिल जाता है और न्याय सदी में एक बार। यहाँ चार सेकंड में एक बच्चा जन्म लेता है और पाँचवें सेकंड में अपराध। इस हिसाब से कोर्ट-कचहरी का कम पड़ना स्वाभाविक है। गरीब किसान का मामला था। गरीब किसान के पास तीन हुनर बड़े गजब के होते हैं। एक उधारी लेकर किसानी करना, दो हर किसी के सामने हाथ जोड़े माई-बाप करना और तीन आपदा के समय आत्महत्या करने का जिगरा पालना। शायद ही दुनिया में ऐसा कोई देश होगा जहाँ का किसान ऐसा कर सकता हो। इसीलिए यूँ ही मेरा देश महान नहीं कहलाता। वह महान कहलाता है ऐसे किसानों के चलते। बहरहाल बात चल रही थी जज के फैसले के बारे में। किसान बड़ी आस के साथ जज के सामने हाथ जोड़े खड़ा था। जज ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए गरीब किसान के पक्ष में न्याय दिया। किसान को भी लगा कि सदियों में एक बार ऐसी अजीबोगरीब घटना जरूर घटती है। सो आज वह घटना घटी। जज ने कहा, दो बीघा जमीन तुम्हारी है। इसे गैर कानूनी ढंग से कब्जाया गया था। मैं फैसला सुनाता हूँ कि तुम्हारी जमीन तुम्हें दी जाए। गरीब किसान की खुशी का कोई ठिकाना न था। ठिकाना इसलिए नहीं था कि वह अपनी जमीन को अपनी जमीन कहलवाने के लिए ठिकाने-ठिकाने की धूल फाँकी। अपने पक्ष में फैसला सुनकर फटी कमीज, झुकी कमर, बूढे बाल और हसरतों का पुलिंदा कहलाने वाले किसान ने कहा झ्र माई-बाप! आज आपने यह विश्वास दिला दिया कि अभी न्याय मरा नहीं है। भगवान आपको हमारे पड़ोसी राममोहन की तरह तरक्की दे। जज ने आश्चर्य से पूछा झ्र वैसे राममोहन क्या करते हैं? किसान ने कहा झ्र वैसे वे करते तो कुछ खास नहीं हैं लेकिन बातें बड़ी पते की करते हैं। कचहरी में मैंने जब अपनी जमीन हड़पने की शिकायत दर्ज की थी, तभी राममोहन ने मुझे सलाह दे डाली थी कि कोर्ट-कचहरी के चक्कर में क्यों पड़ते हो। जितनी की जमीन नहीं है उससे ज्यादा तो केस में लग जाएगा। दरोगा साहब को पाँच-दस हजार दे दो, मामला रफा-दफा हो जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### धीरज साहू से बरामद आज तक की सबसे बड़ी नगदी पर कांग्रेस, राहुल तथा सोनिया गांधी चुप क्यों: डा अर्चना गुप्ता

**पानीपत/कमाल हुसैन**




**कांग्रेस पार्टी** से सांसद धीरज साहू से 250 करोड़ की नकदी तथा 3 सूट केस आभूषण बरामद हुए है ।इतना पैसा एक सांसद के पास कहा से ,इसका स्त्रोत क्या है ये बताया जाना चाहिए। आज तक के इतिहास में ये सबसे बड़ी बरामद राशि है। कांग्रेस पार्टी,राहुल गांधी तथा सोनिया गांधी इस पर चुप्पी क्यों साधे हुए है।ये बात जिला भाजपा अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ता ने पी डब्ल्यू डी विश्राम गृह में एक पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहे।

डा अर्चना गुप्ता ने कांग्रेस पार्टी, राहुल गांधी तथा सोनिया गांधी पर सवाल दागते हुए कहा की जो धीरज साहू दो बार लोक सभा चुनाव हार गया था उस पर इतनी मेहरबानी क्यों की उसको तीन बार राज्य सभा सदस्य बनाया गया।

डा अर्चना ने कहा की धीरज साहू देशी शराब भी बनाते है।

डा अर्चना ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा की राहुल गांधी की मोहब्बत के दुकानें भ्रष्टाचार ने नोट निकल रहे है।

डा अर्चना ने आशंका जाहिर की जब झारखंड में कांग्रेस गठबंधन में शामिल है तब इतना भ्रष्टाचार है फिर कर्नाटका में तो इनकी स्पष्ट बहुमत की सरकार है वहां इस से भी बड़े भ्रष्टाचार हो सकता है।

डा अर्चना ने एक और आशंका जाहिर करते हुए कहा की ऐसा होसक्ता है यदि तीन राज्यों में विधान सभा चुनाव हुए वहां यदि त्रिशंकु विधान सभा बनती तो ये पैसे विधायक खरीदने के प्रयोग हो सकता था। डा अर्चना ने कांग्रेस पार्टी से मांग करी की धीरज साहू को कांग्रेस से निकाले तथा राज्य सभा से निकाले।

डा अर्चना गुप्ता कहा की मोदी ने कहा है की भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करूंगा । वो उसी संकल्प से आगे बढ़ रहे है।

प्रेस वार्ता का संचालन जिला भाजपा मीडिया प्रमुख ईश कुमार राणा ने किया प्रेस वार्ता में संजय छौक्कर,लोकेश नांगरू,रविंद्र भाटिया, ईश कुमार राणा,महावीर सिंह दहिया, दीपक सलूजा,विशाल गोस्वामी,सुनीता गोयल,पंडित पंकज शर्मा जसमेर कादियान रविंद्र नागपाल आदि मोजूद रहे।

### एग्जाम देकर लौट रहे फौजी की सडक दुर्घटना में हुई मौत



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

**करनाल में** सडक हादसे में सेना के जवान की मौत हो गई। रविवार को गांव मुंड में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। बुजुर्ग पिता ने अपने बेटे को मुखाग्नि दी। 25 वर्षीय गौरव दो बहनों के इकलौते भाई थे। 9 महीने पहले ही उनकी शादी हुई थी।

गौरव के पिता बलवान ने बताया कि शनिवार को एग्जाम देने के बाद गौरव मामा के लडके हिमांशु के साथ उनके घर कुटेल जा रहा था। गाड़ी हिंमाशु चला रहा था और गौरव साइड में बैठे थे। रात करीब 8 बजे नमस्ते चौक फ्लाइओवर के पास पंजाब रोडवेज की बस ने कार को टक्कर मार दी। घटना के बाद ड्राइवर बस मौके पर छोडकर भाग गया। राहगीरों ने गौरव और हिमांशु को कार से बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने गौरव को चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। गौरव 2017 में सेना में भर्ती हुए थे। 3 महीने पहले उन्हें लेह लद्दाख की पोस्टिंग मिली थी। अब वह एक महीने की छुट्टी पर करनाल आए हुए थे। गौरव 2017 में सेना में भर्ती हुए थे। 3 महीने पहले उन्हें लेह लद्दाख की पोस्टिंग मिली थी। अब वह एक महीने की छुट्टी पर करनाल आए हुए थे। पिता बलवान ने बताया कि गौरव 6 साल पहले 2017 में सेना में भर्ती हुए थे। 3 साल उसकी ट्रेनिंग सिंकदराबाद में हुई। इसके बाद उसे पोस्टिंग झांसी में मिली। तीन महीने पहले ही उसकी पोस्टिंग लेह लद्दाख में हुई थी। उसने अपने प्रमोशन के एग्जाम देने थे। पिछले सोमवार को वह अपने बीए के एग्जाम देने के लिए करनाल एक महीने की छुट्टी पर आए थे। 9 महीने पहले ही गौरव की शादी हुई थी। गौरव की दो बहने हैं। सेना में भर्ती होने के बाद घर की पूरी जिम्मेदारी उसके कंधों पर थी। सिटी थाना के प्रभारी जसविन्द्र तुली ने बताया कि आज सेना के अधिकारियों की मौजूदगी में गौरव के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी बस चालक की तलाश शुरू कर दी है। बस को पुलिस द्वारा कब्जे में लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खेत से धान चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

**चटिया** ओलिया गांव स्थित प्लाट में खडी ट्राली से चोर धान चोरी कर ले गए। किसान ने चोरी की शिकायत गन्नैर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में चटिया ओलिया गांव निवासी उसने 25 दिन पहले ट्राली में धान भरकर अपने प्लाट में रखे थे। उसने 8 दिसंबर को चेक किया तो ट्राली से धान गायब थे। उसने अपने स्तर पर पता किया, लेकिन कोई सुराग नही लगा। पुलिस ने चोरो के खिलाफ मामला दर्ज की उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# 'विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मिलकर काम करना होगा'

## अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के गांव बाडा में आयोजित की गई विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। ह्लनरेंद्र मोदी गाड़ीह्व गारंटी वाली गाडी है और मोदी जी जो कहते है वह काम पूरा होना ही है। विज आज अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के गांव बाडा में विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा में बतौर मुख्यतिथि उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनसंवाद यात्रा के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम आदमी से संवाद कर देश को ऊंचाई पर ले जाने का कार्य कर रहे हैं। वह पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और इस संकल्प एवं सपने को हमें पूरा करना है। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि जनसंवाद यात्रा के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम आदमी की जरूरतों बारे उनसे सीधा संवाद कर रहे हैं। यह यात्रा कश्मीर से कन्याकुमारी तक चल रही है। उन्होंने कहा 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी को संकल्प लेना चाहिए, वास्तव में जब देश आजाद हुआ था उसी समय भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेना चाहिए था लेकिन किसी ने ऐसा कार्य नहीं किया। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में देश व प्रदेश में जनहित के लिए अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की हुई है। जिनका लाभ लोगों को उपलब्ध करवाया जा रहा है। विकास के भी अनेकों



काम हुए हैं। गांव बाड़ा की बात करें तो यहां पर पूर्व सरपंच ने यहां पर हुए विकास कार्यों के बारे में आपको विस्तार से जानकारी दी है। अम्बाला छावनी में आधुनिक सिविल अस्पताल, अटल कैंसर केयर सेंटर, शहीदी स्मारक, बैंक स्कवेयर कम शॉपिंग मॉल, अंतरराष्ट्रीय स्तर का फुटबाल स्टेडियम, लघु सचिवालय, ऑल वैदर स्वीमिंग पुल, जिम्नास्टिक हाल के साथ-साथ अनेकों विकास कार्य शामिल हैं जिनमें से अधिकतर कार्यों को पूरा कर लिया गया है और कुछ कार्य शेष बचे हैं।

**यात्रा के दौरान मौके पर ही मौजूद विभागीय अधिकारी, कोई त्रुटि है तो उसे वहीं ठीक किया जा रहा है : विज**

गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जो योजनाएं घोषित की गई हैं, उन योजनाओं का लाभ योग्य पात्रों को दिलवाने के लिए सरकार कृत संकल्प है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य यही है कि यदि किसी की वृद्धा सम्मान भत्ता, फैमिली आईडी कार्ड या अन्य किसी कार्य से सम्बन्धित किसी जन की कोई त्रुटि है तो यहां पर मौके पर ही अधिकारियों द्वारा उसका समाधान किया जा रहा है। सारी सरकार यानि विभागों के अधिकारी यहां पर मौके पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

**स्टॉलों का निरीक्षण किया गृह मंत्री अनिल विज ने:** इससे पहले गृहमंत्री ने यहां पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का बारीकी से अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों से उनके विभाग से संबंधित जो जानकारी दी जा रही थी उस बारे जानकर उन्हें कहा कि वे लोगों को योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दें और जो भी योजना से सम्बन्धित पात्र व्यक्ति है उसे योजना का लाभ दिलवाने में उसकी सहायता करें। इस मौके पर गृहमंत्री ने विभिन्न गतिविधियों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विद्यार्थियों, भूतपूर्व सैनिक या अन्य क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया। गृहमंत्री ने इस मौके पर पैंशन से सम्बन्धित 5 लाभार्थी जिसमें बचनो देवी, गुरमेल कौर, महेंद्र कौर, मामचंद, गुरमेल सिंह को मौके पर ही प्रमाण पत्र वितरित किया। इसके साथ-साथ आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों को भी आयुष्मान कार्ड वितरित किए। गृहमंत्री ने इस मौके पर हमारा संकल्प विकसित भारत की उपस्थित सभी को शपथ दिलाते हुए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आह्वान भी किया।

## मेडल जीतने पर बॉक्सर हार्दिक पंवार को किया सम्मानित

**गन्नौर । टीम एक्शन इंडिया उद्देशीपुर** में किसान के लाडले हार्दिक पंवार ने पंच का दम दिखाकर जूनियर एशियन व जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मेडल जीतकर गांव व प्रदेश का नाम रोशन किया है। बॉक्सर हार्दिक पंवार की जीत की खुशी में उनका रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के साथ ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। बॉक्सर पंवार ने 4 नवंबर को हुई जूनियर एशियन चैंपियनशिप कजाकिस्तान में गोल्ड और 4 दिसंबर को आयोजित जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप, आर्मेनिया में सिल्वर मेडल जीता है। बतौर मुख्यातिथि देवा सोसायटी के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान का समारोह में पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूलमाला से स्वागत किया। कादियान ने कहा कि गन्नौर क्षेत्र के युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा व खेल के मैदान में आगे बढ़े, इसको लेकर उनकी संस्था लगातार काम कर रही है। मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ा रहे है ताकि दूसरे युवा भी मोटिवेट होकर खुद को खेलों से जोड़े।

## स्कूल में आयोजित दिव्यांग चिकित्सा मूल्यांकन शिविर का समापन

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया उपायुक्त** डॉ० मनोज कुमार के निर्देशन में समग्र शिक्षा अभियान के तहत राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठद्द माध्यमिक विद्यालय में चल रहे पाच दिवसीय दिव्यांग चिकित्सा मूल्यांकन शिविर का रविवार को समापन हुआ। इस दौरान डॉ० स्वराज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए बताया कि यह शिविर दो चरणों में आयोजित किया गया। पहले चरण में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना तथा दूसरे चरण में राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माडल टाऊन सोनीपत में आयोजित हुआ। शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में खण्ड शिक्षा अधिकारी सुजाता खत्रीभी मौजूद रही। शिविर में



डॉक्टर्स की टीम में नाक, कान व गला विशेषज्ञ डॉ० प्रदीप लकड़ा, फिजिशियन विशेषज्ञ डॉ० राकेश कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ० विपिन दलाल, फिजिशियन विशेषज्ञ डॉ० मीनाक्षी मान, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ० दीपक मलिक, रोहतक क्लिनीकल साइकोलॉजिस्ट डॉ० सुमन हुड्डा, करनाल क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ० हवा सिंह तथा नेत्र जाँच विशेषज्ञ की टीम में डॉ० लतिका दलाल, डॉ० सुशील, डॉ० श्रेय तथा डॉ० विकास चहल ने दिव्यांग विद्यार्थियों के मेडिकल असेसमेंट का कार्य किया।

शिविर में रोहतक से आई क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ० सुमन हुड्डा ने कहा कि एमआर के बच्चों का विशेष ध्यान रखने और देखभाल की आवश्यकता है ,ताकि इन्हें मुख्य धारा में लाया जा सके। इसलिए मेरी माता-पिता /अभिभावकों से यह अपील है कि वह मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों का विशेष ख्याल रखें ताकि वे भी अन्य बच्चों की तरह विशेष उपलब्धि हासिल कर सकें तथा मुख्य धारा में जुडकर आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि इनको आवश्यकता है थोड़ा सा अवसर प्रदान करने की, फिर देखना ये हमसे भी बेहतर कर पाते हैं।

## अयोध्या जी से आए हुए पूजित अक्षत का बड़ी धूमधाम से किया गया स्वागत

**पानीपत, कमाल हुसैन** 22 जनवरी के पावन दिन अयोध्या जी में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होगी। जिला पानीपत को इस कार्य के निमित्त 18 इकाइयों में विभक्त किया गया है। सभी इकाइयों में अयोध्या जी से आए हुए अक्षत जा रहे हैं। आज मतलोड़ा खंड व डॉक्टर अंबेडकर उपनगर में भी पूजित अक्षत का स्वागत किया गया ' जिला पानीपत में 22 जनवरी को सभी मंदिरों में सर्व समाज द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। एक बड़ी एलइडी स्क्रीन पर अयोध्या जी से प्राण प्रतिष्ठा का सभी मंदिरों में लाइव कार्यक्रम के दर्शन



होंगे। श्री राम जी अपने धाम पधार रहे हैं,इस अवसर पर पूरे क्षेत्र को दीपमय किया जाएगा। आज गौशाला मंदिर जीटी रोड से लेकर श्री हनुमान मंदिर किशनपुरा तक रथ यात्रा व कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में माता बहनों ने भी प्रमुख रूप से भाग लिया इस क्षेत्र से श्री हनुमान मंदिर कमेटी, श्री महावीर सत्संग मंदिर एवं धर्मशाला ट्रस्ट, श्री कबीर मंदिर किशनपुरा, बालाजी प्रचार परिवार समिति, मां भगवती सेवा मंडल समिति व गौशाला समिति, महर्षि वाल्मीकि समिति, श्री राम भक्त हनुमान सभा धार्मिक संस्थाओं ने प्रमुख रूप से भाग लिया।

## पूर्व प्रदेश महासचिव रमेश सैनी का हालचाल जानने पहुंचे भूपेंद्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। पूर्व** मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा आज करनाल प्रवास के दौरान प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव तथा राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेशाध्यक्ष रमेश सैनी के निवास पर पहुंचे। उनके साथ हरियाणा के पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा और पूर्व विधायक करण दलाल भी थे।

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव रमेश सैनी पिछले दिनों कांग्रेस पर्यवेक्षक के साथ बैठक कर लौटते समय सडक हादसे का शिकार हो गए थे।

## 'अंत्योदय' व विकास योजनाओं का लाभ गांव-गांव पहुंचा रहा'



**गन्नौर(सोनीपत) टीम एक्शन इंडिया ह्यविकसित** भारत संकल्प यात्राह्न ह्यअंत्योदयह्न व विकास योजनाओं का लाभ गांव-गांव पहुंचा रही है। रविवार को ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्न के गांव सिटावली व रहमाना पहुंचने पर गांव के सरपंचों की उपस्थिति में ग्रामीणों ने संकल्प यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में बीडीपीओ कार्यालय से जयपान ने बताया कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। इस दौरान पात्र लोगों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में नागरिकों से 2047 तक भारत को पूर्ण ह्यआत्मनिर्भर व विकसितह्न राष्ट्र बनाने का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए शपथ दिलाई। संकल्प यात्रा में एलईडी पर दिखाई गई सरकार की उपब्धियों पर केंद्रित फिल्मः-

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में प्रचार वाहन पर एलईडी के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को लघु फिल्म के रूप में दिखाया जा रहा है तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभान्वित किया जा रहा है। इसके साथ ही जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय की भजन मण्डली ने भी अपने गीतों के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थियों के बनाए गए

**आयुष्मान कार्डः**-जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों के मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाएं गए। जिन लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं उनमें सिटावली गांव की सोनिया, कवल सिंह, नीलम व जितेन्द्र तथा गांव रहमाणा से बिरो, राकेश, विजय, मंजू, सोनम।

## 'संस्कार सही है तो आपकी शिक्षा भी सही दिशा में जाएगी'

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया रविवार** को हैप्पी चाइल्ड हाई स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विधायक निर्मल चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक निर्मल चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का सुभारम्भ किया। स्कूल पहुचने पर विधायक निर्मल चौधरी का स्कूल प्रबंधक सुनील नागपाल, संजय नागपाल, रीटा नागपाल, निधि नागपाल व प्रिंसिपल उषा मलिक ने पौधा भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष अरुण त्यागी ने भी शिरकत की। इस



अवसर पर अपने सम्बोधन में निर्मल चौधरी ने कहा कि शिक्षक के रूप में शिक्षा का मुख्य उद्देश्य शिष्यों को सभ्य एवं शिक्षित बनाना है न केवल साक्षर। शिक्षक व अभिभावक होने के नाते हमारा दायित्व है कि हम बच्चों में नैतिक मूल्यों के साथ साथ उनमें संस्कार की भी वृद्धि करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा और संस्कार एक-दूसरे के पूरक हैं। अगर आपके संस्कार सही है तो आपकी शिक्षा भी सही दिशा में जाएगी। हमारा दायित्व है कि युवा पीढ़ी को सही मार्ग दिखाएं, ताकि आने वाला कल अच्छा हो। स्कूल में शिक्षा व घर पर संस्कारों को लेकर उनके साथ रोजाना बातचीत की जाए तो बच्चे स्वयं ही नैतिक मूल्य व संस्कारों के प्रति सजग रहेंगे जिससे हमारा दायित्व भी पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के भीतर पहले से निहित पूर्णता की अभिव्यक्ति है, शिक्षक का काम मात्र विद्यार्थियों के रास्ते की बाधाओं को दूर करना ही नहीं बल्कि उन्हें संस्कारवान, कुशल एवं नेक इंसान बनाना भी है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों व गणमान्यों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि देश के उज्ज्वल भविष्य की सुदृढ़ नींव के लिए शिक्षा सबसे प्रमुख माध्यम है।

## जहां से हाईकमान फैसला करेगा, वहीं से लड़ूंगा चुनाव: कुलदीप कुलदीप बिश्नोई

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। जिले** के पोपड़ा गांव में रविवार को कार्यकत्र्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई ने लोगों को संबोधित किया। दिल्ली जाते समय वह करनाल में उनके समर्थक पवन शाहपुर के घर पर भी कुछ मिनटों के लिए रुके, जहां पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि पोपड़ा में एक छोटा सा सम्मेलन रखा गया था, लेकिन सम्मेलन ने रैली का रूप ले लिया। पवन शाहपुर को असंध से चुनाव



लड़वाने के सवाल पर बिश्नोई ने कहा कि हम चुनाव लड़वाने के लिए तैयार बैठे हैं, पार्टी इन्हें टिकट दे। मैं पवन शाहपुर की टिकट के लिए पूरी पैरवी करूंगा। इनके लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल व हाईकमान से भी बात की जाएगी। करनाल लोकसभा से चुनाव लड? को लेकर इस बार कई बड़े नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं, जिनमें एक नाम कुलदीप बिश्नोई का भी है। इस सवाल पर कुलदीप ने कहा कि जहां से जनता चाहेगी और जहां से परमात्मा चाहेगा, वहीं से चुनाव लड़ा जाएगा और हाईकमान का जो भी फैसला होगा, वह स्वीकार्य होगा।

## नवीन बंटी ने बराही में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**सिद्धार्थ राव/बहादुरगढ़। भारतीय जनता** पार्टी के राष्ट्रीय सचिव किसान बंधु ओमप्रकाश धनखड़ की प्रेरणा से हल्के में पिछले कई वर्षों से निरंतर बहादुरगढ़ हलके में स्वास्थ्य जांच शिविर लगा रहे भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री नवीन बंटी ने रविवार को हलके के गांव बराही में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। बराही में लगाए गए स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ करने पहुंचे भाजयुमो प्रदेश महामंत्री नवीन बंटी का ग्राम वासियों ने फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया व बुजुर्गों ने हलके की सेवा करने का आशीर्वाद दिया। रविवार को नवीन बंटी द्वारा सेवा परमो धर्म की सोच के तहत हलके के




बराही गांव में स्वास्थ्य जांच सेवा शिविर लगाया गया जिसमें जीवन ज्योति अस्पताल से पहुंची डाक्टरों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की दवाइयां प्रदान की। शिविर में एचबी, बीपी व शुगर की भी जांच भी की गई। महिला रोग विशेषज्ञ ने महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ ने लोगों की आंखों की जांच की व 220 लोगों को चश्मा लगाने योग्य पाया गया। प्रदेश महामंत्री नवीन बंटी ने अपनी नेक कमाई से 220 लोगों को चश्में प्रदान किए।

शिविर में ग्राम वासियों से बातचीत करते हुए नवीन बंटी ने कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य जांच सेवा कैम्प का आयोजन करने से आमजन को उनके घरों के नजदीक स्वास्थ्य जांच से संबंधित सेवाओं का लाभ मिल जाता है इसलिए लोगों को गांव या शहरी क्षेत्र में घरों के आसपास लगने वाले इस तरह के स्वास्थ्य जांच सेवा कैंप में जाकर स्वास्थ्य की जांच जरूर करानी चाहिए क्योंकि निरोगी काया ही मनुष्य का असली धन है। इस अवसर पर नवीन बंटी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव किसान बंधु ओमप्रकाश धनखड़ की प्रेरणा से इस तरह के स्वास्थ्य जांच सेवा शिविर भविष्य में भी इसी तरह लगाए जाएंगे ताकि लोगों को उनके घरों के आसपास स्वास्थ्य जांच सेवा की सुविधा मिल सके। शिविर में 340 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर लाभ उठाया। इस अवसर पर जीवन ज्योति अस्पताल के मैनेजर आशीष भारद्वाज ने बताया कि अस्पताल में ईसीएचएस (एक्स सर्विसमेन),दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, मेट्रो व सभी इंश्योरेंस कैशलेस की सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर दयानंद पहलवान, महेंद्र, योगेश, सुरेश, लोकेश, श्याम, रामकिशन, प्रकाश, चरण सिंह, राजेंद्र, बलजीत पहलवान।

# '15 दिसंबर से हरियाणा में बदलाव यात्रा शुरू करेगी आप'

## "इब हरियाणा के लाल ने, एक मौका केजरीवाल ने" के संदेश को लेकर जनता के बीच जाएगी आम आदमी पार्टी"

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)आम** आदमी पार्टी के कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष जगबीर जोगनाखेड़ा ने रविवार को आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय से प्रेस वार्ता की। उनके साथ जिला के अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।जिलाध्यक्ष जगबीर जोगनाखेड़ा ने पत्रकार वार्ता में जानकारी दी कि आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश में बदलाव यात्रा निकलेगी। "इब हरियाणा के लाल ने एक मौका केजरीवाल ने" के नाम से प्रदेश की 90 विधानसभाओं में बदलाव यात्रा निकाली जाएगी। 15 दिसंबर से लेकर 24 दिसंबर तक पूरे प्रदेश में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बदलाव का संदेश देंगे।




उन्होंने बताया कि सिरसा से शुरू होने वाले यात्रा का नेतृत्व डॉ. अशोक तंवर करेंगे। महेंद्रगढ़ से शुरू होने वाली यात्रा का नेतृत्व अनुराग ढांडा करेंगे। कालका से शुरू होने वाली यात्रा का नेतृत्व चौ. निर्मल सिंह करेंगे जबकि फरीदाबाद से शुरू होने वाली यात्रा का नेतृत्व डॉ. सुशील गुप्ता करेंगे। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद से शुरू हुई यात्रा जींद में खत्म होगी। सिरसा से शुरू हुई यात्रा भिवानी में और कालका से शुरू हुई यात्रा पानीपत में और महेंद्रगढ़ से शुरू हुई यात्रा कैथल में खत्म होगी। इसके तहत 90 विधानसभाओं का दौरा किया जाएगा।

जोगनाखेड़ा ने बताया कि इस यात्रा के दौरान हरियाणा की बदहाल स्थिति के बदलाव के लिए प्रदेश की जनता को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें प्रदेश के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगें। उन्होंने कहा कि सुबह से शुरू होकर यात्रा का ठहराव गांवों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल है। 30 हजार शिक्षकों के पद खाली हैं। 1585 स्कूलों में शौचालय नहीं है।131 स्कूलों में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। 236 स्कूलों में बिजली के कनेक्शन नहीं हैं। 8240 कक्षाओं की कमी है। यही बदहाली चिकित्सा के क्षेत्र में भी है। मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री की लड़ाई के कारण चिकित्सकों की सुनवाई नहीं हो रही है। आज से चिकित्सक हड़ताल पर जा रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, 2021 के मुकाबले 2022 में नशे से ग्रसित 3738 ज्यादा लोगों ने आत्महत्या की है। इसका मुख्य कारण रोजगार नहीं मिलना है। खट्टर सरकार युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह से असफल रही है। 9 साल के कार्यकाल में 30 से ज्यादा बार पेपर लीक हुए हैं। पूरे हरियाणा में नशे का कारोबार ने पैर पसार चुका है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के किसान बीजेपी की नीतियों से बुरी तरह परेशान है। फसल बिक्री के समय सरकार पोर्टल पोर्टल का खेल खेलने लग जाती है। बाढ़ से फसल बबादी का मुआवजा अभी तक नहीं मिला। यमुना के साथ लगते जिलों की कृषि योग्य भूमि भी रेत से अटी पड़ी है। जबकि बीजेपी सरकार ने किसानों की आय की बजाय कर्जा दुगना करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री के गृह जिले में 2022 के मुकाबले दुगने किसान कर्जदार हो गए। वहीं कृषि मंत्री ने किसानों की बहनों बेटियों के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग कर किसान विरोधी मंसूबे दिखा दिए।उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में नया हरियाणा बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आज सत्तासीन पार्टियां और विपक्ष पूरी तरह से फेल हो चुका है। आम आदमी पार्टी ही जनता के सामने मजबूत विकल्प है। किसान, मजदूर, गरीबों के उत्थान, चिकित्सा, बेहतर शिक्षा और युवाओं के रोजगार के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जायेंगे। उन्होंने राजनीति से विमुख हुए लोगों को आह्वान करते हुए कहा कि विभिन्न पार्टियों के जनता विरोधी नीतियों से परेशान होकर राजनीति से दूरी बनाने वाले लोग आम आदमी पार्टी में शामिल होकर भ्रष्टाचार, युवाओं के रोजगार और प्रदेश में फैलते नशे के विरुद्ध आवाज बुलंद करने का काम करें।इस मौके पर जिला सह सचिव रजत पराशर,ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णा कुमार,सुखविंदर सिंह,सर्कल इंचार्ज विक्रम मढ़ान, सोनू,सोहन पाल,राम दयाल,कुलदीप सिंह,लाभ सिंह,राकेश कश्यप सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**आरोप**

**8 किसान बीजेपी की नीतियों से बुरी तरह परेशान है। फसल बिक्री के समय सरकार पोर्टल पोर्टल का खेल खेलने लग जाती है।**

# मुकाम हासिल करने के लिए ईमानदारी से करनी चाहिए मेहनतः सुभाष सुधा




**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन को सफल बनाने के लिए सबसे पहले अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। इस लक्ष्य और मुकाम को हासिल करने के लिए ईमानदारी के साथ मेहनत करनी चाहिए। इसके लिए विद्यार्थी को शिक्षित होने के साथ-साथ हर क्षेत्र में महारथ हासिल करनी होगी, यह महारथ तभी मिलेगी जब विद्यार्थी अपने जीवन में अनुशासन को आधार बनाएगा।विधायक सुभाष सुधा रविवार को सहारा स्कूल आफ ग्रुप के अंतर्गत अमीन रोड पर स्थित सहारा कैम्प्रीहेंसिव स्कूल में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा, एमडी विक्रांत अग्रवाल शशि अग्रवाल , डा. विकास अग्रवाल, प्रिंसीपल सुलेखा ने दीप शिखा प्रज्ज्वलित करके वार्षिक उत्सव गूंज के समापन समारोह का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में विधायक सुभाष सुधा ने प्राईमरी स्कूल के उन विद्यार्थियों को सम्मनित किया जिन विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया तथा खेल कूद और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे इवेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया। अहम पहलु यह है कि वार्षिक उत्सव गूंज में 3 से 8 साल तक के प्राईमरी कक्षाओं के 350 विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबको आश्चार्य चकित कर दिया। विधायक ने कहा कि सहारा कैम्प्रीहेंसिव स्कूल विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा और अच्छे संस्कार देकर समाज के प्रति अपने नैतिक कर्तव्य को बेखूबी पूरा कर रहा है। एमडी विक्रांत अग्रवाल व डा. विकास अग्रवाल ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि उनके संस्थान का एक लक्ष्य है।

# हरियाणा को मिलेगा नेशनल एनर्जी कंजर्वेशन अवॉर्ड

**टीम एक्शन इण्डिया/चंडीगढ़। राज्य ऊर्जा दक्षता** सूचकांक में बेहतरीन प्रदर्शन के चलते हरियाणा का चयन राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (एनईसीए) 2023 के लिए किया गया है। हरियाणा को राज्य ऊर्जा दक्षता प्रदर्शन पुरस्कार (समूह-1) क्षेत्र में द्वितीय पुरस्कार से नवाजा जाएगा। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के महानिदेशक अभय बाकरे ने हरियाणा सरकार को लिखे पत्र में बताया कि विद्युत मंत्रालय की पुरस्कार समिति ने पुरस्कार विजेताओं को अंतिम रूप दिया है, जिसमें हरियाणा को राज्य ऊर्जा दक्षता प्रदर्शन पुरस्कार (समूह 1) क्षेत्र में द्वितीय पुरस्कार के विजेता के रूप में चुना गया है।नेशनल एनर्जी कंजर्वेशन अवॉर्ड का मुख्य उद्देश्य आदर्श ऊर्जा प्रबंधन की पहचान और प्रोत्साहन करना है, जिससे सामाजिक और आर्थिक लाभ हो सके।

यह पुरस्कार 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हरियाणा को सौंपेगी। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस ऊर्जा मंत्रालय के अधीन ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की ओर से आयोजित किया जाता है।

# अंत्योदय की परिकल्पना को साकार कर रही डबल इंजन सरकारः सुधा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की डबल इंजन सरकार प्रदेश में अंत्योदय की परिकल्पना को साकार करते हुए अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित कर रही है। विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा के माध्यम से सरकार विकास की गारंटी समाज के वंचित व अंतिम वर्ग तक पहुंच रही है।विधायक सुभाष सुधा रविवार को गांव समसीपुर व नरकातारी में आयोजित विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को



संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में नागरिकों से 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का संकल्प भी दिलाया। विधायक ने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य हर एक व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड ?ा है। साढ़े नौ सालों में मोदी सरकार और 9 सालों में मनोहर सरकार की जो योजनाएं बनी हैं यदि कोई व्यक्ति उन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है तो उन्हें योजनाओं से जुडकर लाभान्वित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोद और मुख्यमंत्री मनोहर लाल सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं को गरीब के घर तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है।इस अवसर पर गांव समसीपुर व नरकातारी में ड्रोन प्रणाली से नैनो खाद का प्रयोग करने की प्रक्रिया को भी बारीकी से देखा। इस कार्यक्रम में ही सूचना जनसम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग की तरफ से राज्य सरकार की उपलब्धियों तथा केन्द्र सरकार की उपलब्धियां भी सभी लोगों को वितरित की गई। गांव समसीपुर में उज्वला योजना के 5, बीपीएल पात्र लाभार्थियों के 5 कार्ड सहित अन्य योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को कार्ड दिए गए। इस अवसर पर सरपंच हरजिन्द्र सिंह, सरपंच के-हर सिंह, सतबीर सिंह, सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी, बलदेव, दीप सिंह, ओमपाल, गोविंदा, सोमदत सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# कुरुक्षेत्रः सूचना केन्द्र बना महोत्सव में अपनों से बिछुड़ों का सहारा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)अंतर्राष्ट्रीय** गीता महोत्सव में जहां विभिन्न विभागों द्वारा हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जा रही है वहीं लोगों तक सूचनाओं का प्रसार करने के लिए सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा बनाए गए सूचना केंद्र पर प्रतिदिन लोगों तक नवीनतम सूचनाएं पहुंचाई जा रही है। स्टाल नंबर-1 पर विभाग के कर्मचारियों ने उदघोषणा के माध्यम से अब तक लगभग हजारों अनाउंसमेंट की गई है। महोत्सव में विभाग के कर्मचारियों ने ऐसे बच्चों को जो



अपने परिजनों से बिछुड़ गए थे, उन्हें उनके परिजनों से मिलवाया। इस स्टाल पर ड्रामा निरीक्षक विजय कुमार, खंड प्रचार कार्यकर्ता बरखा राम, कृष्ण लाल, मनोज, राजकुमार शर्मा द्वारा एनाउसमेंट का कार्य किया जा रहा है और सूचना केन्द्र पर प्रतिदिन काफी संख्या में लोग महोत्सव में बिछुड़े लोगों तक पहुंचने, सामान गुम होने इत्यादि के लिए एनाउसमेंट करवा रहे हैं। इसके साथ-साथ लोगों को इस बारे में भी जागरूक किया जाता है कि वे अपने बच्चों का विशेष ध्यान रखे और साथ ही साथ अपने सामान की ओर भी ध्यान रखें। प्रशासन की ओर से लोगों से यह अपील भी की जाती है कि वे किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी लावारिस वस्तु को न छुए और उसकी सूचना तुरन्त पुलिस को दें।

# गुरू के सत्संग सुनने से इंसान के सभी पाप कट जाते हैं: संदीप गर्ग



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)लाडवा-मुस्तफाबाद** रोड़ पर स्थित श्री गुरू रविदास आश्रम में मासिक सत्संग आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शिरकत की। वहीं सत्संग की शुरूआत संत गुरु रविदास जी की आरती के साथ की गई। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि गुरू के सत्संग सुनने से इंसान के सभी पाप कट जाते हैं और हम सभी को जितना हो सके सत्संग में आकर महात्माओं से ज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्संग से बड़ा कोई भी कार्य नहीं हो सकता है। सत्संग में आने से सभी पापों का नाश हो जाता है। वही महात्मा गुरपाल दास ने कहा कि हमें अपने माता-पिता की सेवा करनी चाहिए और उनके चरणों में ही स्वर्ग है। हम सभी को संतों व महापुरुषों को याद करते रहना चाहिए और उनके बताए मार्ग पर चलकर अपना जीवन सफल बनाना चाहिए। सत्संग के बाद महात्मा गुरपाल दास के पिता स्व. अमर सिंह को समाजसेवी संदीप गर्ग व संगत ने श्रद्धांजलि दी। मौके पर संजीव सलेमपुर, राजेश दास, शैलेंद्र, रामेश्वर सिंह, विनोद, अजय सिंह, सुनील कुमार, इमना कटारिया, पूजा रानी, रूपरानी, मनीष, कृष्णा रानी, पूनम रानी, उषा रानी आद मौजूद थे।

# सोनीपतः गोविंद राम कटारिया भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता थेः राजीव जैन



**टीम एक्शन इण्डिया/सोनीपत।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गोविन्द राम कटारिया का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पार्टी कार्यकताओं ने पार्टी का ध्वज समर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके अंतिम संस्कार में शहर के सैकड़ो नागरिक एंव विभिन्न संगठनों के नेता उपस्थित रहे। 87 वर्षीय स्वर्गीय गोविन्द राम कटारिया पार्टी के एस.सी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष समेत अनेक पदो पर सुशोचित रहे और एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में उनकी पहचान थी। उनकी पार्थिव शरीर पर ध्वज स्मर्पित करते हुए मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एंव भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव जैन ने कहा कि पार्टी के प्रति उनकी निस्वार्थ निष्ठा हमेशा याद की जाएगी और कार्यकताओं को समर्पण भाव से काम करने की प्रेरणा मिलती रहेगी। पार्टी ध्वज समर्पित करने वालो में बीजेपी नेता रविन्द्र दिलावर, प्रीतम खोखर, संजीव वलेचा, मंडल महामंत्री राजकुमार शर्मा, ओमप्रकाश खटीक मोजूद रहे। शाम को विश्राम गृह मे आयोजित सोनीपत विधानसभा की कोर कमेटी की बैठक में स्वर्गीय श्री कटारिया को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और 2 मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। गोहाना रोड स्थित श्मशान घाट में उनके ज्येष्ठ पुत्र महावीर कटारिया ने मुखाग्नि दी।

# क्रिकेट मैच में केयू नॉन टीचिंग टीम ने एनआईटी को हराया

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी** संस्थान कुरुक्षेत्र के खेल ग्राउंड में रविवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की नॉन टीचिंग क्रिकेट टीम तथा एनआईटी क्रिकेट टीम के बीच आयोजित रोमांचक मैच में केयू ने एनआईटी को 4 विकेट से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एनआईटी की टीम ने विपक्षी टीम को 20 ओवर में मात्र 89 रन का लक्ष्य दिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए केयू नॉन टीचिंग क्रिकेट टीन ने 12 ओवर में 6 विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य को प्राप्त किया। केयू नॉन टीचिंग क्रिकेट टीम की ओर से सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी करते हुए सतीश ने 7 चौके के साथ 37 रनों की नाबाद पारी खेली। वहीं ओपनर बल्लेबाज अंशुल शर्मा ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 15 गेंदों में 1 गगनचुम्बी छक्का व 3 चौके लगाकर 27 रनों की अहम पारी खेली। केयू की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए रामेश्वर शर्मा, सतीश, सुशील ने दो-दो विकेट तथा अंशुल व रवि चौहान ने 1-1 विकेट लेकर मेजबान टीम को 88 रनों पर रोका। इस मौके पर एनआईटी के स्टूडेंट एक्टिविटी एंड स्पोर्टस ऑफिसर शहाबुद्धिन ने सभी खिलाड़ियों की प्रशंसा की तथा फीट इंडिया कार्यक्रम के तहत विजेता खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट वितरित किए।

# फतेहाबाद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इण्डिया/फतेहाबाद कांग्रेस सांसद धीरज** साहू के ठिकानों से आईटी विभाग को मिली 300 करोड़ की नकदी के मामले में भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को फतेहाबाद में प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस भ्रष्टाचार के खिलाफ भूना रोड चौक पर कांग्रेस सांसद का पुतला भी फूंका। प्रदर्शन का नेतृत्व फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम और भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा ने किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन से पूर्व कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विधायक दुड़ाराम ने कहा कि कांग्रेस का



भ्रष्टाचारी रूप आज पूरे देश के सामने आया है। कांग्रेस के केवल एक सांसद के पास जनता से लूटे सेंकड़ों करोड़ रुपये छिपे पड़े थे, तो सोचो के कांग्रेस के अन्य भ्रष्टाचारी नेताओं ने कितने बड़े-बड़े घपले किए होंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी इन्हीं करतूतों के कारण ही सत्ता से हाथ धो बैठी थी और अब कभी सत्ता में आ भी नहीं पाएगी। इन्कम टैक्स विभाग ने सूचना के आधार कांग्रेसी सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों पर दबिश देकर 300 करोड़ से ज्यादा की नकदी प्राप्त की है। भारी मात्रा में सोना व चांदी, कागजी अमानत बरामद किए, जबकि अभी भी कार्रवाई जारी है। भाजपा नेताओं ने कहा कि अनुमान है कि यह आंकड़ा 500 करोड़ से ज्यादा का होगा। इतना बड़ा भ्रष्टाचार कोई भी नेता अकेला नहीं कर सकता है। इसके पीछे और भी बहुत से नेता होंगे। विधायक दूड़ाराम ने कहा कि कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को सामने आकर स्पष्टीकरण देना चाहिए और देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए, जबकि कांग्रेस और इण्डिया गठबंधन के सभी नेताओं ने चुप्पी साध रखी है।

# अपराधियों के लिए सोनीपत में कोई स्थान नहीं: पुलिस आयुक्त

**टीम एक्शन इण्डिया/सोनीपत।** सोनीपत के पुलिस आयुक्त बी. सतीश बालन ने अपराधियों के प्रति कड़ा रुख दिखाते हुए रविवार को कहा कि अपराधियों के लिए जिला सोनीपत में कोई स्थान नहीं है। अपराधी अपराध छोड़ें या जिला छोड़ कर चले जाएं। उन्होंने खास आदेश के अंतर्गत ऑपरेशन आक्रमण चलाकर सोनीपत के सभी पुलिस उपायुक्तों के नेतृत्व सहायक पुलिस आयुक्तों के साथ 64 पुलिस टीम में 415 जवानों ने अपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 26 आरोपियों को धर दबोचा है। आबकारी अधिनियम के तहत चार मामले दर्ज किए उनमें 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 428 बोतल अवैध शराब बरामद की गयी है। पुलिस ने दो गुमशुदा लडकियों की तलाश कर उनके परिजनों तक सकुशल पहुंचाया है। शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज दो मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार कर पांच देसी पिस्तौल, 2 मैगजीन व 35 जिन्दा रौंद बरामद किए हैं। दो मादक पदार्थ तस्करों को 6 ग्राम हेरोईन व 125 ग्राम एमडीएमए क्रिस्टल मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार किये।

# वार्षिक समारोह में शानदार प्रदर्शनी का आयोजन



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**9 दिसंबर 2023 को** लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत के सीनियर स्कूल के छात्रों द्वारा वार्षिक समारोह व शानदार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। 30 वर्षों की इस यात्रा के दौरान विद्यालय ने सफलता की अनेक ऊँचाइयों को छुआ है। खेल जगत व शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित की। एक छोटा सा पौधा आज वट वृक्ष के रूप में खड़ा होकर अपनी सफलता का **परचम लहरा रहा है।**
**यह वार्षिक समारोह झ'सोंडरः** एंब्रेसिंग द टाइमलेस, एजलेस, इटर्नल जर्नी ऑफ डिफरेंट सोल्स' थीम पर आधारित था। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कविता जैन (पूर्व कैबिनेट मंत्री, हरियाणा सरकार), एक्जीक्यूटिव गेस्ट डॉ. राजश्री सिंह आई.पी.एस., आई.जी., एच.पी.ए., मधुबन, करनाल) और माननीय अतिथि डॉ. जय किशोर (सी.एम.ओ., सोनीपत) उपस्थित थे। इनके साथ विद्यालय के सेक्रेटरी डॉ विशाल गर्ग, प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा, लिटल एंजल्स इन्क्लूसिव स्कूल की प्रधानाचार्या सोनिया अरोड़ा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मुख्य अतिथि व गणमान्य व्यक्तियों को तिलक लगाकर व पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया गया।
वार्षिक समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्कूल ओरकेस्ट्रा व स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों के अभिनंदन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। ओरकेस्ट्रा के 100 से अधिक बच्चों की विभिन्न वाद्ययंत्रों को बजाने की कला को देखकर सभी रोमांच से भर गए व उनके द्वारा बजाई गई मनमोहक धुनों ने समा बांध दिया। तत्पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल के द्वारा वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी गई, जिसमें विद्यालय की सभी गतिविधियों व उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद कक्षा बारहवीं में सत्र 2022-23 में सोनीपत में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा दिशा दहिया को 11000 रुपये नकद राशि व 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रत्येक छात्र को 1000 रुपये नकद राशि कुल 80000 रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। इसी के साथ राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विजयी खिलाड़ियों को ट्रॉफी दी गई और उन्हें भविष्य में भी अच्छे खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया। लिटल एंजल्स इन्क्लूसिव स्कूल के दिव्यांग बच्चों को भी खेल जगत में महत्वपूर्ण भूमिका व सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी दी गई। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। सभी गानों व नृत्यों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। लिटल एंजल्स इन्क्लूसिव स्कूल के दिव्यांग बच्चों के द्वारा एक शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसे देखकर सभी आश्चर्यचकित हो गए। इस रंगारंग कार्यक्रम के दौरान मंच पर नई तकनीक के प्रयोग के साथ-साथ हाइड्रोलिक-मल्टीलेयर स्टेज का प्रयोग किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। 'सोंडर' थीम का मुख्य उद्देश्य यह अनुभूति होना है कि हर व्यक्ति के जीवन में उतनी ही बाधाएँ व पेचीदगी है जितनी कि आपके। इस थीम के द्वारा बताया गया कि व्यक्ति यदि चाहे तो दृढ़ संकल्प व इच्छा शक्ति से सेवानिवृत होने के बाद भी अपनी यात्रा, अपने कर्म को जारी रख सकता है।

# 1 करोड़ 97 लाख की लागत से पूरा होगा सड़क निर्माण का कार्य



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**रविवार को** नगर निगम सोनीपत द्वारा शहर के सब्जी मंडी चौक से लेकर पुरखास अड्डा तक लगभग 800 मीटर की सड़क को आर एम सी (सीमेंटेड कंक्रीट) से बनाने का कार्य शुरू किया गया। इस अवसर पर नगर निगम मेयर निखिल मदान ने लोकसभा सांसद रमेश कौशिक और पार्षद हरि प्रकाश सैनी के साथ नारियल तोड़कर निर्माण कार्य का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस मौके पर स्थानीय निवासियों द्वारा सांसद, मेयर और पार्षद का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि पिछले कुछ माह से पुरखास अड्डे से लेकर सब्जी मंडी चौक तक के मुख्य मार्ग के जर्जर हालत में होने के कारण क्षेत्रवासी काफी परेशानी का सामना कर रहे थे। इस सड़क पर अमृत योजना के अंतर्गत बरसाती पानी की निकासी के लिए पाइपलाइन डाली गई थी। जिसके बाद आर एम सी से सड़क का निर्माण होना था। आज नगर निगम द्वारा जटवाड़ा के पास सब्जी मंडी चौक से लेकर छोटा शनि मंदिर और खिजर मकबरे के सामने से होते हुए पुरखास अड्डे शनि मंदिर तक 800 मीटर लंबी सड़क को आर एम सी से बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही सड़क से लगती 200 मीटर लंबी आरे वाली गली को भी सीसी से पक्का किया जाएगा। मुख्य सड़क के दोनो तरफ 1-1 मीटर की जगह पर इंटर लॉकिंग टाइल्स लगाई जाएगी।
इस पूरे सड़क निर्माण कार्य में लगभग 2 करोड़ ? (1 करोड़ 97 लाख ) की लागत आएगी।
नगर निगम सोनीपत द्वारा जटवाड़ा रोड़ (सब्जी मंडी चौक से लेकर पुरखास अड्डा तक) को आर एम सी (सीमेंटेड कंक्रीट) से बनाने के कार्य का हुआ शुभारंभ।
नगर निगम मेयर निखिल मदान ने लोकसभा सांसद रमेश कौशिक के साथ नारियल तोड़कर निर्माण कार्य का किया शुभारंभ। मौके पर स्थानीय पार्षद हरि प्रकाश सैनी, नगर निगम कार्यकारी अभियंता पंकज सैनी, सहायक अभियंता सुरेश लोहान, कनिष्ठ अभियंता सचिन राठी सहित क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिक रहे मौजूद। वार्ड नं 1 में लाल दरवाजा क्षेत्र से लेकर जाहरी मोड़ तक 42 लाख ? की लागत से सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य भी होगा शुरू।
मेयर निखिल मदान ने बताया कि वार्ड नंबर 1 के अंतर्गत आने वाले जटवाड़ा क्षेत्र में विकास कार्य लगातार प्रगति पर है, हर गली में सीवरेज लाइन, पेयजल पाइपलाइन बिछाई जा रही है और उसे सी सी से पक्का किया जा रहा है। जटवाड़ा क्षेत्र की इस मुख्य सड़क के निर्माण कार्य में बेमौसमी बरसात होने और एन जी टी द्वारा कुछ समय तक निर्माण कार्य रोके जाने के कारण कुछ विलंब अवश्य हुआ है लेकिन अब जल्द ही पूरी सड़क बना दी जायेगी।

## न्यूज फ्लैश

### भाजपा नेता अमित बिंदल ने सनातन धर्म का किया अनावरण



**सोनीपत**
**अमित** बिंदल ने आज सनातन धर्म को महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद सरस्वती के आशीर्वाद से अपनाया।
उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को संस्कृति को आज हम पीछे छोड़ने जा रहे हैं उसी सनातन संस्कृति को वापस लाने के लिए धरातल पर आज बिंदल ने सनातन संस्कृति का अनावरण किया। जिससे देश प्रदेश एवं समाज में एक संदेश जाए कि हम हिंदू हैं हम हिंदुस्तानी हैं और सनातन धर्म को हम सभी अपने और जन जन तक इसका संदेश दें और संस्कृति और धर्म को सभी अपनाएं।

### हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पंचायत पदों में 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित कर ऐतिहासिक काम किया है



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की असली चिंता करते हुए उन्हें उज्वला योजना के तहत निशुल्क रूप से सिलेंडर सहित गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाने का जो काम किया है,उससे महिलाओं को सबल होने का मौका मिला है।
यह बात भाजपा की जिला अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के दौरान गांव गढ़ी त्यागां में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यह पहला मौका है जब प्रधानमंत्री ने मांओं,बहनों और बेटियों की चिंता करते हुए सीधे तौर पर उनका फायदा किया है।
उन्होंने कहा कि इसी तरह महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत पद आरक्षित किए हैं। उसी कड़ी में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पंचायत पदों में 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित कर ऐतिहासिक काम किया है।
डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कि सभी युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए। अपने आप को स्वस्थ रखें,घर का शुद्ध खाना खाएं और फास्ट फूड से परहेज रखें। खेलों को भी जीवन में जरूर अपनाएं। इस अवसर पर भाजपा नेता संजय छोकर,कृष्ण छौक्कर,ऋषिपाल रावल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में नगराधीश राजेश सोनी,खंड विकास एवम पंचायत अधिकारी नितिन यादव इत्यादि अधिकारी भी उपस्थित थे।

### स्व. पंडित चिरंजीलाल जी शर्मा की याद में करवाए गए "पुण्य स्मृति दिवस" कार्यक्रम में शामिल हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**पूर्व** मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आज पूर्व सांसद स्वर्गीय पंडित चिरंजीलाल जी शर्मा की याद में करवाए गए "पुण्य स्मृति दिवस" कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान और पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी उनके साथ मौजूद रहे। सभी ने स्वर्गीय नेता को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजली दी। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा द्वारा करवाया गया था। इस मौके पर हुड्डा ने चिरंजीलाल शर्मा जी के जीवनकाल को याद किया और प्रदेश, समाज व राजनीति में उनके योगदान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पंडित जी का पूरा जीवन जनसेवा, समर्पण, संस्कार और उच्च मूल्यों की मिसाल है। हुड्डा परिवार के साथ उनका घनिष्ठ पारिवारिक रिश्ता रहा। हमें हमेशा उनका आशीर्वाद मिलता रहा। उनका जीवन आने वाले तमाम पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगा।

# समालखा: महंगाई की वजह से लोगों का जीना हुआ मुश्किल: सुनीता राज आर्य



**समालखा/कमाल हुसैन**
गावँ बिहोली हल्का समालखा मे कांग्रेस महिला प्रदेश महासचिव सुनीता राज आर्य एडवोकेट चुलकाना ने गांव वसियो से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना ' जिनमे गांव की माताओं,व बहनो ने बताया कि उनके पढे लिखे युवा बच्चे बेरोजगार घूम रहे है ' किसानो की फसल ठीक रेट में नहीं बिक रही महंगाई कमर तोड रही है ' उन्हे घर खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है मौजूदा सरकार से कोई भी वर्ग खुश नही है ' मजदूर कामगार किसान या महिलाएं सभी इन समश्यायों से त्रस्त है साथ ही उन्होने हलके मे आर्य को आने वाले विधानसभा चुनावों मे भारी मतों से जिताने का विश्वास दिलाते हुए आशीर्वाद दिया ' वही आर्य ने उन्हे भरोसा दिया की यदि पार्टी ने व हलके की जनता ने उन्हे विधान सभा मे भेज कर इस बार सेवा का मौका दिया तो वो हलके का विकास कर के दिखाएंगी कि असली विकास कैसा होना चाहिये ' आर्य ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ही देश के युवा मजदूर किसान महिलाओं सभी को खुश रखती है इसलिये उनकी जनता से अपील है कि आने वाले लोकसभा चुनावों मे और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भारी मतों से जिता कर विजयी बनाने बनाए।

# 'विकसित राष्ट्र बनेगा भारत, विकसित भारत 2047 मिशन होगा साकार'

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**भारत** को विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर विकसित भारत 2047 मिशन शुरू हो गया है। इस मिशन को मूर्त रूप देने के लिए हरियाणा राज भवन चंडीगढ़ में आज कार्यशाला होगी। डॉ बी आर अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय सोनीपत की कुलपति प्रो अर्चना मिश्रा ने बताया इस मिशन को साकार करने के लिए प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव एवं शिक्षाविदों में चर्चा, चिंतन-मनन और मंथन होगा। यह कार्यशाला नीति आयोग की अध्यक्षता में होगी। विकसित भारत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 45 मिनट संबोधित करेंगे। सोमवार को कार्यशाला में विकसित भारत के दृष्टिकोण के एक भाग के रूप में सुशासन और सुरक्षा, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, संपन्न और सतत अर्थव्यवस्था, सशक्त भारतीयों, विश्व में भारत (वैश्विक), विचारों में योगदान देने के लिए युवाओं के साथ जुड़ना" आदि कई बिंदुओं पर मंथन करने के बाद जो नई दिशा मिलेगी उस पर प्रदेश के तमाम विश्वविद्यालयों के द्वारा विकसित भारत 2047 मिशन पर कार्य किया जायेगा और उसे साकार रूप दिया जायेगा। 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर उभर कर नई पहचान बनायेगा।

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष एंव निगम पार्षद पुनीत राय ने वार्ड 8 में विकास कार्यों का लिया जायजा



**राई। टीम एक्शन इंडिया**
**भाजपा** जिला उपाध्यक्ष एंव निगम पार्षद पुनीत राई ने शनिवार को लिवान गांव में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। यहां वार्ड 8 में हरिजन चौपाल व गली निर्माण कार्य हो रहा है। राई ने ग्रामीणों से काम को लेकर जानकारी ली और ठेकेदार को कहा कि विकास कार्यों में किसी तरह की कोताही न बरती जाए। उच्च गुणवत्ता की सामग्री लगाने के साथ समय पर विकास कार्यों को पूरा किया जाए। जिससे की ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। शहरों की तर्ज पर गांव में विकास कार्यों को कराया जा रहा है। ताकि गांव में लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिले। इसी के चलते लोगों का भाजपा सरकार के प्रति विश्वास बढ़ता जा रहा है। हाल में तीन राज्यों में जनता ने भाजपा को भारी बहुमत देकर कमल खिलाने का काम किया है। दावा है कि आने वाले लोस व प्रदेश के विस चुनाव में भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का काम करेगी। इस अवसर पर राकेश त्यागी, देव सरोहा, बॉबी वाल्मीकि, अनिल, सौरव आदि मौजूद रहे।

# शर्मा की जयंती पर फूलों की जगह फरसा अर्पित कर जयहिंद ने किया नमन

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**रविवार** को जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद पंडित चिरंजीलाल शर्मा की 100 वीं जयंती समारोह में पानीपत पहुंचे। इस मौके पर नवीन जयहिंद ने पंडित चिरंजीवी लाल शर्मा की फोटो पर फूलों की जगह फरसा अर्पित किया और उन्हें नमन किया। नवीन जयहिन्द ने पंडित चिरंजीलाल शर्मा को याद करते हुए कहा की हरियाणा व पानीपत के विकास में पंडित जी की अहम भूमिका रही है। पानीपत रिफाइनरी, ठॠछ और हरियाणा- उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाले पुल का निर्माण भी पंडित जी की देन है।

# गाँव राजाखेडी से 21 मेम्बरी कमेटी का शपथ सम्मान समारोह सम्पन्न और परिचय पत्र वितरित



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आम** आदमी पार्टी के राज्यसभा सासंद डॉ संदीप पाठक के आदेशानुसार हर गावँ मे 21 मेम्बर कमेटी के शपथ ग्रहण एवम सम्मान समारोह किया जाना है।
आज प्रदेश सह सचिव सुखवीर मलिक ने गावँ राजाखेड़ी मे सर्किल इंचार्ज कृष्ण के सहयोग से किया गया।
सभी 21 मेम्बर उपस्थित का सम्मान किया और उनको परिचय (आइडेंटी कार्ड )पत्र दिये। सुखबीर मलिक ने बताया अपने गांव में इन 21 मेंबर कमेटी का काम डोर टू डोर जाकर हर बूथ को मजबूत करना होगा। एवं पार्टी की नीतियां को घर-घर तक पहुंचाना होगा जिससे आम आदमी पार्टी की सरकार आने में मदद मिलेगी।
मलिक ने गांव राजा खेड़ीमे न्यू नव नियुक्त ग्राम सचिव कृष्ण और कमेटी मेंबर को शपथ दिलाई और मौके पर सबके आइडेंटी कार्ड वितरित किए । जिनको सम्मान मिला वह है राजा खेड़ी गांव सचिव के साथ विकास कुमार रामपाल करतार सिंह धरम वीर सिंह दलबीर सिंह सोनू कुमार कृष्णपाल अशोक कुमार कुलदीप कुमार राकेश चौहान सचिन कुमार सोमपाल राम मेहर सत्यनारायण शमशेर सिंह रणवीर सिंह रमेश चंद्र व अन्य ग्राम सचिव मौजूद रहे।
इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य सुखबीर मलिक , राजकुमार मुंडे देवेंन सलूजा सुमेंर सिंह खंडरा अमित नोहरा,राजेंद्र राठी होशियार सिंह वार्ड 6, संदीप मुकेश शर्मा आदि रहे।

# समाज सेवा समिति द्वारा जर्सी एवं कंबल किये वितरित



**सोनीपत/संजीव कौशिक**
1982 से सामाजिक कार्यों में सेवारत संस्था समाज सेवा समिति द्वारा 1000 जरूरत मंद परिवारों हेतु 42 वॉ कम्बल एवं जर्सी वितरण समारोह गीता भवन शहर के विशाल प्रांगण में शरद ऋतु वार्षिक उत्सव देश भक्ति व लोक नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुति के साथ आयोजन किया गया। इस समारोह में गरिमामयी उपस्थिति अतिथि पवन गोयल ,बी डी अरोड़ा ,रमन सलूजा एवं दीक्षित हसीजा की रही। सभा में वशिष्ठ अतिथि सुरेश चावला शिवम गोयल, राकेश शर्मा , लक्ष्मण मुँजाल ,राकेश मल्होत्रा सतीश बालियांण,सुबेदार मेजर जय नारायण खोखर, ओ.पी. एलावादी, वैध लेखराज नासा तथा वेद प्रकाश शर्मा ,सुरेंद्र सेठी प्रसिद्ध समाजसेवी व प्रख्यात धर्म प्रेमियों ने समारोह में शिरकत की। समिति के मुख्य सरपरस्त पवन गोयल व समन्वय समिति के स्थाई सदस्य रमेश चंद हसीजा जी ने संयुक्त रूप से बताया कि समिति अपने मुख्य उद्देश्य नर सेवा नारायण सेवा को कार्यान्वित करते हुए विकलांगों,विधवाओं जरूरतमंद निर्धन परिवारों को प्रतिवर्ष ट्राई रिक्शा, व्हीलचेयर, सिलाई मशीनें, कंबल, जर्सियां, कापियां, चावल तथा सर्व जातिय कन्याओं का विवाह के आयोजन के माध्यम से लगातार 42 वर्षों से लाखों की संख्या में सहायता सामग्री प्रदान कर रही है।
समारोह के मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि मैं इस संस्था का एक छोटा सा सदस्य हूं। यह समिति केवल सोनीपत जिला ही नहीं ,पूरे हरियाणा में एक अग्रणीय संस्था है जो प्रतिवर्ष हजारों जरूरतमंद व्यक्तियों को दवाइयां, सिलाई प्रशिक्षण तथा जरूरत की सामग्री प्रदान करती है। जिसमें मुख्य सरपरस्त पवन गोयल जी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति आज भी निर्धन परिवार के व्यक्तियों को 500 कंबल तथा 500 जसीर्या,ग्यारह विधवाओं को सिलाई मशीन तथा दो विकलांगों को ट्राई रिक्शा वितरित की गई। समिति के संयोजक शशीकरण नासा, जितेंद्र रेलन, संजय मक्कड़, सतीश अरोड़ा, हरबंस लाल अरोड़ा, सुरेश रेलन, दिनेश तनेजा, लक्ष्मीनारायण तथा श्रीमती ऊषा भंडारी ,उषा नासा तथा समिति की अन्य महिला सदस्य उपस्थित रही।

# 'कुंडली में स्थापित माता महालक्ष्मी वरदान'



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**श्री अग्रसेन** धाम निर्माण बारे भूमि पूजन करके शिलान्यास समारोह के लिए अनुष्ठान आरंभ हो गया हैं। यह यज्ञ पूजन और कीर्तन अनुष्ठान कार्यक्रम आने वाली 17 जनवरी तक लगातार 40 दिन चलेंगा । मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, श्री अग्रसेन धाम के अध्यक्ष जगदीश राय गोयल, संरक्षक महावीर बंसल सहित सैकड़ो लोगों ने यज्ञ में आहुति डालकर और शिला पूजन करके धार्मिक अनुष्ठान का श्री गणेश किया। श्री अग्रसेन धाम के प्रधान राजेंद्र अग्रवाल के अनुसार सभी कार्यक्रम 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम से पहले संपन्न हो जायेंगे। उन्होंने बताया कि श्री राजीव जैन के साथ पिछले दिनों श्री अग्रसेन धाम के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल से भेंट करके उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। इसके अलावा 40 दिनों तक चलने वाले इन अनुष्ठानों में देश भर के प्रमुख संत महात्मा और प्रतिष्ठित महानुभाव सम्मिलित होंगे। श्री अग्रसेन धाम कंट्रोल बोर्ड के सदस्य और राज्यपाल असम के पूर्व मीडिया सलाहकार अतुल सिंघल ने बताया कि कुंडली में भव्य मंदिर का निर्माण होने जा रहा है। जिस पर कई सौ करोड रुपए की लागत आने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि यह मंदिर धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों के बड़े केंद्र के रूप में विकसित होगा। अतुल सिंघल ने समाज के सभी वर्गों से इसके निर्माण में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की श्रीमती कविता राजीव जैन जी ने कहा कि यह धाम पूरी दुनिया में भारतीय संस्कृति और संस्कारों की एक पवित्र धरोहर होगी जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग विशेष रूप से पधारेंगे ' यह स्थान माता महालक्ष्मी वरदान का एक सिद्ध पीठ बन चुका है ' आचार्य रामचंद्र बोहरे जी के नेतृत्व में सभी ब्राह्मणों ने विराट अनुष्ठान को विधिवत्त प्रारंभ किया ' जिसमें सवा लाख माता महालक्ष्मी कृपा प्राप्ति के जाप, भगवान श्री राम श्री बांके बिहारी जी की विशेष पूजा, जय श्री बालाजी महाराज की 31 चालीसा पाठ का संकल्प लिया गया ' उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में इस प्रकार की यह पूजा सभी को लाभ प्रदान करने वाली है।

# प्रधानमंत्री "विकसित भारत 2047 युवाओं की आवाज" पोर्टल लॉन्च करेंगे

**राई /टीम एक्शन इंडिया**
**नीति** आयोग और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राजभवनों के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास में, "विक्सित भारत 2047" पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला 11 दिसंबर को होने वाली है। कार्यशाला, विकसित भारत के दृष्टिकोण और आकांक्षाओं पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई है। 2047 तक, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का एक आभासी संबोधन होगा, जो इस पहल के लिए अपने दृष्टिकोण पर अंतर्दृष्टि साझा करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य विकसित भारत 2047 के विभिन्न आयामों पर व्यापक चर्चा के लिए कुलपतियों, विश्वविद्यालयों के प्रमुखों और संकाय सदस्यों को एक साथ लाना है। चंडीगढ़ में इसकी शुरूआत सुबह 10 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी "विकसित भारत 2047 आइडियाज पोर्टल" लॉन्च करेंगे और एक विशेष संबोधन देंगे। इसके बाद, गुरुग्राम विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार द्वारा संचालित "सुशासन और सुरक्षा" पर एक पैनल चर्चा में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, एसआरएम विश्वविद्यालय और आईआईएलएम विश्वविद्यालय के कुलपति शामिल होंगे। इसके बाद की चचाओं में "नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी," "समृद्ध और टिकाऊ अर्थव्यवस्था," "सशक्त भारतीय," और "विश्व में भारत (वैश्विक)" जैसे विषय शामिल होंगे। प्रत्येक पैनल का संचालन प्रतिष्ठित अकादमिक हस्तियों द्वारा किया जाएगा और इसमें विभिन्न विश्व विद्यालयों के कुलपति और नामांकित प्रोफेसर शामिल होंगे।

# नई शिक्षा नीति भारतीय संस्कृति और मातृ भाषा के साथ रोजगार परक भी: दत्तात्रेय

**समारोह**

**8 महामहिम राज्यपाल बण्डारू दत्तात्रेय ने ने ओउम योग संस्थान ट्रस्ट पाली के रजत जयंती समारोह में की शिरकत**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता )**

हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बण्डारू दत्तात्रेय ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल एवं सशक्त नेतृत्व में देश में पहली बार तैयार की गई नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षा और कौशल के बहु-आयामी और बहु-विषयक पहलुओं की स्थापना कर रही है। यह भारत सरकार की अग्रणी पहलों और प्रमुख योजनाओं जैसे मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया के साथ भी हाथ मिला रही है। स्टैंड-अप इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया और नवीनतम आत्मनिर्भर भारत जैसे इन सभी लक्ष्य को बढ़ावा देना है। महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय रविवार को पाली स्थित ओम योग संस्थान के रजत जयंती समारोह में बेटर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस नई शिक्षा नीति में देश के भावी कर्णधारों के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि यह रहेगी कि वे अब अपनी ही मातृभाषा में एम.बी.ए, एम.बी.बी.एस,बी.टैक, एम.टैक, बी.एड, इंजीनियरिंग जैसी उच्च शिक्षा सरलता से हासिल कर सकेगें। महामहिम राज्यपाल ने कहा कि नौकरी करना कोई बुरी बात नहीं है। लेकिन हम चाहते हैं कि मेरे देश और प्रदेश का युवा वर्ग केवल मात्र नौकरियों के पिछे दौड़ने की बजाए दुसरों को नौकरी देने वाला सशक्त और सामर्थ उद्यमी बने। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन योग परंपरा का डंका आज पूरे विश्व में बज रहा है । दुनिया के सभी देशों ने योग को अपनाया है और उसको आत्मसात भी किया है ।



ओउम योग संस्थान ट्रस्ट जैसे संस्थानों का इस योग परंपरा को पूरे विश्व में पहुंचने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि आज भव्य आध्यात्मिक समागम देखने को मिला है, इसको देखकर और इसमें भाग लेकर उन्हें बहुत ही ऊजार्वान अनुभव कर रहा है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद नगरी को औद्योगिक नगरी कहा जाता है लेकिन आज ओम योग संस्थान की गतिविधियों के फलस्वरूप आध्यात्मिक नगरी का भी स्वरूप ले लिया है। महामहिम राज्यपाल ने कहा कि अरावली पर्वत की श्रृंखलाओं में स्थित प्राकृतिक सौंदर्य एवं हरियाली से भरपूर यह समस्त क्षेत्र अत्यंत ही सौभाग्यशाली है। उन्होंने कहा कि योगीराज जी का जन सेवा में समर्पित जीवन और ओम योग संस्थान का दिन-रात शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, योग प्रशिक्षण व शिविरों द्वारा समाज के लिए कल्याणकारी कार्य करने का संकल्प आज सार्थक हो रहा है। उन्होंने कहा कि संस्थान ने योग को संगीत के साथ जोड़कर, इसका अभ्यास लयबद्ध तरीके से करवाया जो बहुत ही अद्भुत और सराहनीय है। उन्होंने संस्था के रजत जयंती समारोह की बधाई देते हुए कहा कि संस्थान में चलाए जा रहे विद्यालय में आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ हमारी महान संस्कृति, सभ्यता, चारित्रिक, अनुशासन, सेवा तथा राष्ट्रभक्ति को प्रमुखता दी जाती है। यहां के छात्र-छात्राएं शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, आत्मिक स्तर पर बहुत ही सुदृढ़ है। ऐसे ही बच्चे आगे चलकर राष्ट्र निर्माण में सहयोगी बनते हैं तथा देश को उन पर गर्व होता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा चलाए गए मिशन बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ का प्रत्यक्ष उदाहरण यहां पर देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए स्वामी रामदेव ने कहा कि आजादी के आन्दोलन को दिशा और नेतृत्व देने वाले सभी आर्य समाजी महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती के शिष्य थे। उन्होंने महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की आज 200वी जयंती पर सबको बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी। ओउम योग संस्थान ट्रस्ट के योगाचार्य औमप्रकाश ने कहा कि मनुष्य को जीवन जीने के लिए चिन्तन और मनन करने से साकारत्मक दृष्टिकोण का भाव मिलता है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के गर्म दल और नरम दल के नेतृत्व के लिए महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती प्रेरणा के स्रोत बनें थे। उन्होंने आर्य समाज की स्थापना करके समाज को नई दशा और दिशा देने का काम किया जो हमेशा हमेशा साकारत्मक दृष्टिकोण की सोच के अविस्मरणीय रहेंगे। उन्होंने ओउम योग संस्थान ट्रस्ट की योग, शिक्षा और समाजिक सरोकार में साकारत्मक दृष्टिकोण का सन्देश देने सहित अन्य गतिविधियों बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर नए वैवाहिक जोडो को भी विवाह करने पर आशीर्वाद दिया गया। संस्थान की छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर भारतीय संस्कृति से मेहमानों का स्वागत किया। वहीं योगाचार्य औमप्रकाश द्वारा मेहमानों को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर भी सम्मानित किया गया। रजत जयंती समारोह में स्वामी रामदेव की माता गुलाब देवी, ओम योग संस्थान के संस्थापक योगीराज ओमप्रकाश महाराज, हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया, भाजपा नेता अजय गौड, डीसी विक्रम सिंह, डीन मैडिकल कॉलेज डा. असीम दास, एसडीएम बड़खल अमित मान, एसीपी अभिमन्यु गोयत, एसीपी महेश श्योरान, पतंजलि ग्राम उद्योग के महामंत्री डा. यशदेव शास्त्री, ठाकुर विक्रम सिंह, सीवी रावल,कन्हैया लाल आर्य, मुन्नी लाल महाराज, आचार्य ऋषि पाल, सूर्यदेव त्यागी, जितेन्द्र भाटिया, सन्दीप शास्त्री, योगराज आर्य, बेगराज आर्य, कविता वर्मा सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### हत्या के आरोप में 20 वर्ष से फरार चल रहे हैं आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने जालंधर पंजाब से किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा आपराधिक मामलों में संलिप्त फरार चल रहे हैं आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 प्रभारी इंस्पेक्टर महेंदर सिंह की टीम ने 20 वर्ष से फरार चल रहे इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम त्रिलोकी नाथ उर्फ क्रोधी(55) है। आरोपी फरीदाबाद में सेक्टर 55 पक्की झुग्गियों में रहता था। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम रक अश्वनी कुमार , अरक जितेंदर कुमार , सिपाही ओमबीर , सिपाही संदीप ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से जालंधर पंजाब से गिरफ्तार किया है। आरोपी में फरीदाबाद की लुमेक्स इंडिया ढश्ळ. छळऊ में काम करता था और आरोपी ने वर्ष 1999 अपनी पत्नी सुनीता के चरित्र पर शक के चलते सिर पर डंडे से वार कर दिया था जिसका थाना सिटी बल्लभगढ़ में दर्ज हुआ था, जिसमें आरोपी को सन 2001 में माननीय अदालत द्वारा पांच साल की सजा सुनाई गई , वर्ष 2003 में आरोपी को माननीय हाई कोर्ट पंजाब और हरियाणा से जमानत मिल गई थी। आरोपी माननीय अदालत में तय समय सीमा पर अदालत में हाजिर नही हुआ , जिस पर माननीय हाई कोर्ट पंजाब और हरियाणा ने आरोपी के गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिए आरोपी त्रिलोकी नाथ को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम आरोपी के ठिकानो गौरखपुर, उतरप्रदेश इत्यादि में रेड की थी। आरोपी नाम बदलकर जालंधर में रह रहा था।

### भाजपा फरीदाबाद के नेताओं ने भ्रस्टाचार के मामले में कांग्रेस के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

भाजपा जिला जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा के नेताओं और कार्यकताओं ने जमकर कांग्रेस को घेरा और विरोध प्रदर्शन किया । गोपाल शर्मा के साथ विधायक राजेश नागर, सीमा त्रिखा, पूर्व प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी, निवर्तमान महापौर सुमन बाला, जिला उपाध्यक्ष बिजेन्द्र नेहरा, टिपर चंद शर्मा, भगवान सिंह और भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे । भाजपा कार्यकताओं ने कांग्रेस मुदार्बाद सोनिया-राहुल मुदार्बाद के नारे लगाये । गोपाल शर्मा ने कहा कि पिछले दिनों सरकारी एजेंसियों के छापे में झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के घर और कार्यालयों से तीन सौ करोड़ रुपये से भी ज्यादा की सम्पति बरामद होना गंभीर बात है। भाजपा पहले से ये कहती आ रही है कि कांग्रेस भ्रस्टाचार की जननी है और दशकों से देश को लूटने का काम किया है । इतना बड़ा भ्रष्टाचार उजागर होने के बावजूद कांग्रेस के सभी बड़े नेता चुप है । कांग्रेसी नेता के घर से तीन सौ करोड़ रुपये से भी ज्यादा बरामद होना बहुत बड़ा भ्रस्टाचार का मामला है और साहू के अलावा कांग्रेस के और भी नेता इसमें सम्मिलित है । कांग्रेस नेताओं ने सत्ता का जमकर दुरुपयोग किया है और कांग्रेस ने देश के गरीब किसान मजदूर के विकास में विकास में लगने वाले धन की चोरी की है । देश के पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि किसी भी घोटाले बाज और भ्रस्ताचारी को बक्शा नहीं जायेगा, एक एक पैसे का हिसाब लिया जायेगा । कांग्रेस पार्टी को अभी तक धीरज साहू को निष्कासित कर देना चाहिए था लेकिन अभी तक कोई एक्शन नहीं लिया, ना कोई बयाण दिया । ये बेहद शर्मनाक है, सोनिया गाँधी, राहुल गाँधी और मलिकार्जुन खड्गे देश की जनता से माफी मांगे ।

### विकसित भारत-2047 अभियान से जुड़ते हुए जे.सी. बोस विश्वविद्यालय की सार्थक पहल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

। स्वतंत्रता के 100वें वर्ष तक भारत को एक विकसित राष्ट्र में बदलने की भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पहल "विकसित भारत-2047" के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा इस परिवर्तनकारी यात्रा में युवाओं को शामिल करने के लिए सक्रिय रूप से प्रयासों शुरू कर दिए है। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने विश्वविद्यालय द्वारा की गई पहल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस अभियान में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

## नशे के 9 इंजेक्शन सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसीपी क्राइम हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में नशा तस्करी को रोकने के लिए दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी संजू गांव पाली डबुआ का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से पाली धोज रोड से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 09 नशे के इंजेक्शन बरामद किए गए है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा/ मोदी जी के गारंटी वाले रथ का गर्मजोशी से स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा शुरू की विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पूरे प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज रविवार को एनआईटी विधान सभा क्षेत्र के नंगला में सरपंच चौक पर भाजपा नेता कवीन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में व डबुआ कॉलोनी की हरिजन चौपाल पर श्री भगवान सिंह की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस यात्रा का मकसद आमजन को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व



मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा जन कल्याण के लिए चलाई गई विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी व मौके पर सेवाओं का आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर लाभ देना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम में मोदी जी के गारंटी वाले रथ यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। रविवार को नंगला चौक पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता कविंदर चौधरी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ प्रदेश सरकार ने इसमें जन संवाद कार्यक्रम को जोड़ा है और गांव-गांव और शहर- शहर लोगों के बीच में जाकर जन सुनवाई की जा रही है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश व समाज के लिए जीते हैं और देश की जनता के लिए 18-19 घंटे काम करते हैं उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि कहा कि देश के हित में अनेकों फैसले प्रधानमंत्री ने लिए हैं। धारा-370 तोड़ी, प्रधानमंत्री ऐसे व्यक्ति हैं, जो त्योहारों को फौजियों और आमजन के साथ मनाते हैं।

लोगों को यह सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैः-

भाजपा नेता श्री भगवान सिंह ने कहा कि किसानों के हितों में निरंतर कार्य किया जा रहा है। करोड़ों रुपये की धनराशि किसान सम्मान निधि के जरिए सीधा किसानों के खातों में डाली जा रही है। ट्यूबवेल लगाने पर सब्सिडी प्रदान की जाती है। इसके साथ-साथ बागवानी बीमा योजना, फसल बीमा योजना लागू की गई। करोड़ों रुपये की धनराशि बीमे के रूप में तथा करोड़ों रुपये की धनराशि फसल खराबे के मुआवजे के रूप में प्रदान की गई है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में पशुपालकों की सुविधा के लिए विशेष मोबाईल वाहन चलाए जाएंगे और एक टोल फ्री नंबर जारी किया जाएगा, जिससे किसान पशुओं के बीमार होने की स्थिति में सूचना देंगे तो उनके घर द्वार पर ही विशेष गाड़ी पहुंचेगी और उनके पशुओं का समय पर ईलाज हो पाएगा।

आज ऑनलाईन व्यवस्था से पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र घर बैठे ही मिल रहे हैं। हर वर्ग विशेषकर गरीब व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

## 8.150 किलोग्राम गांजा सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)**

डीसीपी क्राइम हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्ग दर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने नशा तस्करी करने वाले आरोपी व गांजा बेचने वाली महिली आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सोनू सुन्दर कॉलोनी सारन का रहने वाला है। गांजा बेचने वाली महिला पारुल



पश्चिम बंगाल के मालदा की तथा वर्तमान में नोएडा सेक्टर-35 गांव मोरना की रहने वाली है। आरोपी सोनू को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रो से प्राप्त सूचना से लक्कडपुर फाटक से काबू किया था आरोपी से मौके पर 8.150किलोग्राम गांज बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना सराय ख्वाजा में अवैध नशा तस्करी करने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। आरोपी से पूछताछ में आरोपी महिला का खुलासा हुआ। आरोपी महिला को नोएडा गांव मोरना से गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला ने आरोपी सोनू को 64 हजार रुपए में गांजा बेचा था।

## वाहन चोरी करने वाले आरोपी को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराधियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा- निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच उंचा गांव प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी तोहिद गांव बादली नहूं का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम मुख्य सिपाही मोहन श्याम, रहिश और सिपाही निरज व निरज कुमार ने अपने गुप्त सूत्रो से प्राप्त सूचना से बल्लबगढ़ पंचायत भवन के पास से काबू किया है।

## मूलचंद शर्मा ने स्टालों पर जाकर अधिकारीयों और कर्मचारियों से ली सरकारी योजनाओं की जानकारी



**बल्लभगढ़/फरीदाबाद, 10 दिसम्बर (हरपाल सिंह यादव )**। हरियाणा परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि मोदी जी गारंटी वाले रथ का स्वागत कर लोगों को घर द्वार के नजदीक सभी सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा मोदी और मनोहर की सरकारों ने देश और प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मुजेसर गांव की आटोपिन झुग्गी में पीपीपी सहित अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित कार्यों के लिए विशाल शिविर लगाया गया। जहां परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कैंप में पहुंच कर जायजा लिया। वहीं कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने स्टालो पर जाकर अधिकारियो और कर्मचारियों से सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं की बारिकी से जानकारी लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि परिवार पहचान पत्र सहित अन्य कार्य में लोगो को आ रही दिक्कतों को जल्द से जल्द दूर करें। हरियाणा के परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि हिन्दुस्तान को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए संकल्प लें। कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने आटोपिन झुग्गी इलाके में विकसित भारत संकल्प यात्रा के जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि बल्लबगढ विधान सभा क्षेत्र में 82 प्रतिशत भारत के विभिन्न प्रांतों के लोग रहते हैं। इनकी सुरक्षा और बल्लबगढ विधान सभा क्षेत्र में विकास कार्यों की कमी नहीं रहने दूंगा। बल्लबगढ विधान सभा क्षेत्र में गुण्डागर्दी और कब्जाधारियों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। बल्लबगढ विधान सभा क्षेत्र में पेयजल सप्लाई से जुड़ी लाइनों और सिवरेज व्यवस्था तथा पार्को के सौन्दर्य करण सहित तमाम मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। शर्मा ने कहा कि कैंप में पहुंचने वाले लोगो की समस्याओं को मौके पर ही समाधान किया जा रहा है।

## मोदी विकास की गारंटी, 2047 तक भारत बनेगा विकसित

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

। भाजपा जिला कार्यालय फरीदाबाद पर जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा की बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में मुख्य तौर पर कबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक राजेश नागर, सीमा त्रिखा, पूर्व प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी, निवर्तमान महापौर सुमन बाला, जिला उपाध्यक्ष बिजेन्द्र नेहरा उपस्थित रहे । जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि फरीदाबाद में विकसित भारत संकल्प यात्रा हर विधानसभा और हर गाँव में पहुँच रही है और फरीदाबाद के निवासी विकसित भारत संकल्प यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं, जो




केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रसारित करती है । कैम्पों के माध्यम से लोगों को योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है । फरीदाबाद के हमारे केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, राजेश नागर, नरेन्द्र गुप्ता, जन प्रतिनिधि, जिले व प्रदेश के सभी पदाधिकारी और भाजपा कार्यकर्त्ता विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों को लाभ दिलाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि जन संपर्क कर वंचित लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाएं ताकि फरीदाबाद के हर जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ मिल सके उन्होंने कहा कि कि प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की कल्पना करते हैं। इसके अनुरूप, 30 नवंबर, 2023 से देश भर में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन किया गया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने पृथला विधानसभा से इसकी शुरूआत की यात्रा का हर विधानसभा में गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जिससे नागरिकों को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के बारे में बहुमूल्य जानकारी मिल रही है । मोदी विकास की गारंटी है और देश की जनता को सशक्त करने के लिए लगातार कार्यरत है ।

## समाज में गरीब कन्याओं का विवाह करवाना सबसे पुण्य का कार्य : सिंगला

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

महाराजा अग्रसेन विवाह समिति द्वारा 23वां सर्वजातीय 81 जोड़ों का सामूहिक बारात संचालन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला उपस्थित हुए, जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी अनिल गुप्ता चांदीवाले मौजूद रहे। समारोह की अध्यक्षता अनाज मंडी प्रधान ईश्वर प्रसाद गोयल ने की। समारोह में स्वागत अध्यक्ष महाराजा अग्रसेन विवाह समिति के संरक्षक अनिल गुप्ता रहे, जबकि मंच संचालन युवा कांग्रेस फरीदाबाद के जिलाध्यक्ष नितिन सिंगला ने किया।




इस मौके पर 81 दूल्हे एक साथ घोड़ी पर सवार हुए जिन्हें झंडी दिखाकर लखन कुमार सिंगला ने रवाना किया। 80 दूल्हों की बारात ढोल नगाड़ों की थाप के साथ सेक्टर-19 अग्रसेन भवन पहुंची, जहां जगह-जगह उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन सिंगला ने कहा कि समाज में गरीब कन्याओं का विवाह करवाना सबसे पुण्य का कार्य है और महाराजा अग्रसेन विवाह समिति हर वर्ष यह नेक कार्य करती है। समाज की अन्य सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं को भी ऐसे नेक कार्यो में बढ़चढकर भागेदारी निभानी चाहिए। श्री सिंगला ने महाराजा अग्रसेन विवाह समिति के प्रधान ब्रहमप्रकाश गोयल सहित समस्त टीम बधाई की पात्र है, जो दो परिवारों को एक करके समाज में समायोजित करने का नेक कार्य कर रही है और यह संस्था वर्षो से इस कार्य को अच्छे ढंग से अंजाम देती है, जिसके लिए वह उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते है। उन्होंने सभी दूल्हों और उनकी दुल्हनों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सुखद दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। समिति के प्रधान ब्रहमप्रकाश गोयल ने बताया कि समिति हर वर्ष सर्वजातीय विवाह सम्मेलन करके गरीब बच्चों का घर बसाने का काम करती है और समाज के लोग इसमें बढ़चढकर भाग लेते है। नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए हनुमान मंदिर दिल्ली के प्रमुख सेवक पंडित वैभव शर्मा तथा महामंडलेश्वर स्वामी रुपेंद्र प्रकाश जी महाराज हरिद्वार पहुंचे। इस अवसर पर विष्णु गोयल, मनोज अग्रवाल, घनश्याम दास गोयल, बिट्टू कंसल, बिजेंद्र मावी, कन्हैयालाल अग्रवाल, बालू सिंह, सुरेंद्र अग्रवाल, ओपी भाटी, कपूरचंद अग्रवाल, योगेंद्र गर्ग, ओमपाल, ललित शर्मा, संतलाल रावत, लवली पाराशर, संजय शर्मा, बल्लू बाबा नगर, आकाश सैनी, इंद्र गर्ग, हरविंद गोयल, कर्मवीर खटाना, विजय कुमार, समिति के कोषाध्यक्ष मनोहर सिंघल, महासचिव भुवनेश्वर अग्रवाल, संजीव कुशवाहा, वरिष्ठ उपप्रधान बलराज गुप्ता, लक्ष्मीनारायण मित्तल, इंद्रपाल गर्ग, उपप्रधान गिरीश मित्तल, गौरव अग्रवाल, आरके गौड, वकील विनित गर्ग, रज्जी गुप्ता, अजय गर्ग, प्रहलाद राम, सतपाल गुप्ता सहित अनेकों लोग मौजूद थे।

## इस्कॉन फरीदाबाद ने अयोध्या की ओर जाने वाली पदयात्रा का हर्षोल्लास से स्वागत किया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) फरीदाबाद ने ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली में इस्कॉन मंदिर से शुरू हुई भव्य पदयात्रा का बहुत ही हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। इस भव्य पदयात्रा में रूस, मॉरीशस और विभिन्न अन्य देशों के लगभग 100 श्रद्धालु शामिल थे। जिनका स्वागत बीरेंद्र सिंह सांगवान (मुख्य फामेर्सी अधिकारी, फरीदाबाद), विनोद गुप्ता (जिला मीडिया प्रभारी, भाजपा), कमल शर्मा ( आरडब्ल्यूए अध्यक्ष, अशोक एन्क्लेव सी ब्लॉक) और



फरीदाबाद मंदिर के अध्यक्ष गोपीश्वर दास सहित लगभग 200 भक्तों ने बहुत ही उत्साह पूर्वक स्वागत सत्कार किया। इस 635 किलोमीटर लम्बी पवित्र आध्यात्मिक पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य श्रीराम जी की जन्मस्थली अयोध्या तक पहुंचना है, जहां वर्तमान में भगवान श्रीराम को समर्पित एक विशाल मंदिर निमार्णाधीन है। यह आध्यात्मिक पदयात्रा रास्ते में विभिन्न गांवों और कस्बों में 41 स्थानों पर रुकेगी। प्रत्येक पड़ाव पर यात्रा में सम्मिलित भक्तगण कीर्तन और आध्यात्मिक कथा के माध्यम से भगवान राम के दिव्य संदेश को साझा करेंगे और स्थानीय समुदायों को प्रसाद वितरित करेंगे। मंदिर के अध्यक्ष गोपेश्वर दास ने कहा, "भगवान राम की शिक्षाएं समर्पण (भक्ति), निःस्वार्थ सेवा (सेवा), और करुणा (दया) के मूल्यों पर जोर देती हैं।

फास्ट न्यूज

## रेत चोरी रोकने के लिए पेट्रोलिंग कर रहे कर्मचारियों पर ग्रामीणों ने किया हमला

**अनूपपुर।** जिले में अवैध रेत चोरी रोकने के लिए शनिवारझरविवार की रात्रि पेट्रोलिंग कर रहे ठेकेदार के लोगों पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इसकी शिकायत रेत ठेकेदारों ने फुनगा चौकी में की है। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। रेत ठेकेदार का कर्मचारी संदीप तोमर ने बताया कि अवैध रेत चोरी रोकने ले लिए शनिवार-रविवार की रात्रि पेट्रोलिंग कर रहे थे। इसी दौरान रक्शा से कोलमी रोड पर एक गाड़ी में दो लोग मौजूद थे। उनमें से एक व्यक्ति बोला ने कहा कि वह फौजी है। उसने बोला कि तुम यहां क्यों घूम रहे हो? यह मेरा गांव है। जब रेत ठेकेदारों के लोग बात कर रहे थे, तभी 10 से 12 लोगों ने इकट्ठा होकर उन पर हमला करते हुए डंडों से मारपीट की और दो गाड़ियों पर तोड़फोड़ की। इसकी शिकायत रेत ने फुनगा चौकी दर्ज कराई है।

## ठहराव नहीं होने पर वंदे भारत का परिचालन बाधित करने की धमकी

**बेगूसराय।** रेलवे बोर्ड द्वारा न्यू जलपाईगुड़ी से पटना के बीच चलने वाले वंदे भारत सुपरफास्ट का जारी किए गए टाइम टेबल में बेगूसराय ठहराव नहीं दिए जाने पर रेल यात्री सुविधा संघर्ष समिति ने आज वीर कुंवर सिंह चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें रेल प्रबंधन पर बेगूसराय के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है। बेगूसराय स्टेशन पर ठहराव नहीं मिलने पर वंदे भारत सुपरफास्ट को बेगूसराय रेलवे ट्रैक पर बाधित करने का अल्टीमेटम दिया गया है। मौके पर आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए बेगूसराय रेल यात्री सुविधा संघर्ष मोर्चा के संयोजक समीर सिंह चौहान ने कहा कि बेगूसराय रेलवे स्टेशन के साथ आजादी के बाद से ही लगातार सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। लंबे समय से बेगूसराय के निवासी बेगूसराय होकर वंदे भारत चलाने की मांग कर रहे थे, ट्रेन तो मिल गई। लेकिन बेगूसराय स्टेशन को मुंह चिढ़ाते हुए निकल जाएगी। बेगूसराय के रेल यात्रियों को कोई फायदा ही नहीं मिलेगा। जबकि बेगूसराय से सैकड़ों रेल यात्री कारोबार और अन्य कार्यों के सिलसिले में न्यू जलपाईगुड़ी की यात्रा करते हैं। वंदे भारत सुपरफास्ट बेगूसराय के रेल यात्रियों के लिए लाइफलाइन साबित होती। बेगूसराय में वंदे भारत सुपरफास्ट का ठहराव सुनिश्चित नहीं होने पर संघर्ष मोर्चा बेगूसराय के रेल यात्रियों के साथ मिलेंगे तथा वंदे भारत का परिचालन बाधित करने को मजबूर होंगे। मौके पर सुमित सिंह, अखिलेश्वर चौरसिया, सन्नी पासवान एवं मो. जब्बार सहित अन्य उपस्थित थे।

## नेपाली युवक की गोली मार कर हत्या

**चंपारण।** भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र स्थित कुंडवा चैनपुर थाना अंतर्गत कोरैया-सिंघरहिया गांव के सरेह में रविवार के अहले सुबह शव मिलने से सनसनी फैल गई। सुबह जब ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मृतक के पेट में गोली लगी है। वही माथे पर भी गहरा चोट का निशान है। हालांकि हत्या का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# 'मोदी की गारंटी की गाड़ी विकास का सशक्त हस्ताक्षर'

## माई युवा भारत से जुड़े युवा, बनें बदलाव के भागीदारः अनुराग ठाकुर





**हिमाचल प्रदेश/टीम एक्शन इंडिया**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने हेतु दो दिनों के हिमाचल प्रवास पर हैं। आज अपने प्रवास के दूसरे दिन श्री ठाकुर कुटलैहड़ विधानसभा के बंगाणा ग्राम व चिंतपूर्णी जी विधानसभा के नैहरियां ग्राम में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में शामिल हुए व आम जन मानस के साथ सार्थक परिचर्चा की। इसके अलावा श्री ठाकुर आज ऊना जिले स्थित वशिष्ठ पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में भी शामिल हुए। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लोगों से संवाद करते हुए श्री ठाकुर ने कहा, "विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की अंतिम आदमी तक पहुंच सुनिश्चित करने हेतु शुरू किया गया एक देशव्यापी अभियान है। इसमें मोदी की गारंटी की गाड़ी



देश के सभी पंचायत और नगर निकायों में जाएगी। ये मोदी की गारंटी की गाड़ी विकास का सशक्त हस्ताक्षर है। श्री अनुराग ठाकुर ने आगे मोदी सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियां का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए कहा, "मात्र 9 वर्षों के अपने कार्यकाल में मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने चार करोड़ से ज्यादा जरूरतमंदों को पक्के आवास दिए। आज यह सभी गरीब दो कमरों के मकान के साथ लखपति बन गए हैं। मोदी जी ने पूरे देश में 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनवाए हैं। पहले जहां पानी ढोते ढोते माता- बहनों के पूरे दिन निकल जाया करते थे, वहां आज मोदी जी ने 13 करोड़ से ज्यादा नल से जल के कनेक्शन पहुंचा दिए। अगले दो वर्षों में हम 25 करोड़ घरों तक नल से जल पहुंचा देंगे। इसी प्रकार लगभग 10 करोड़ माता बहनों को रसोई गैस का सिलेंडर दिया गया। आज जरूरतमंदों को रसोई गैस का सिलेंडर मात्र 603 रुपए में दिया जा रहा है। मोदी जी ने देश के अंतिम गांव तक बिजली पहुंचाई, 60 करोड़ जरूरतमंदों को सालाना 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा दिया गया, 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को पिछले 5 वर्षों से प्रतिमाह मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। यह अनाज अगले 5 वर्षों तक इसी प्रकार मुफ्त में मिलता रहेगा। इस पर लगभग 12 लाख करोड रुपए का खर्च आएगा। मोदी सरकार पूरे देश में किसी भी गरीब को भूखा नहीं रहने देगी। आज पूरे देश के 11 करोड़ से ज्यादा किसानों को सालाना 6000 मिलते हैं।"
श्री ठाकुर ने आगे कहा, "मोदी सरकार ने पेट्रोल और डीजल के दाम दो बार काम किए हैं। जब हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी तब राज्य सरकार ने भी दो बार दाम कम किए थे। मगर जैसे ही राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी वैसे ही दो बार दाम बढ़ा दिए गए। यह स्पष्ट अंतर है। ठाकुर ने आगे बताया कि जब वह राजस्थान में चुनाव प्रचार हेतु गए थे तब श्रीगंगानगर में उन्हें पेट्रोल के दाम 118 रुपए प्रति लीटर मिले। "यह कांग्रेस हर जगह करती है। राजस्थान हो या छत्तीसगढ़, हर जगह कई पेपर लीक के मामले सामने आए।



नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट,चार पर केस दर्ज

**राजगढ़।** भोजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पपड़ेल में पुराने जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। विवाद बढ़ने पर एक पक्ष ने जातिसूचक शब्द बोलकर युवक के साथ मारपीट की, तो वहीं दूसरे पक्ष ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने रविवार को दोनों पक्ष के चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार ग्राम पपड़ेल निवासी कल्याण (50) पुत्र चंदन बसोड़ ने बताया कि पुराने जमीन विवाद को लेकर बीती रात गांव के राधेश्याम पुत्र दौलतराम लोधा, पवन पुत्र भंवरलाल और बसंतीबाई पत्नी दौलतराम लोधा ने जाति के बारे में गालियां देते हुए मारपीट की, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ धारा 294,323,506, एससी- एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

## डॉक्टर से मंगवा लीजिए इस्टीमेट, सरकार देगी इलाज का पैसाः सीएम



**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान लगभग 300 लोग कतारबद्ध कुर्सियों पर बैठे थे। वे एक एक के पास पहुंचे, उनकर हाथों से खुद प्रार्थना पत्रों को लिया और समस्याएं सुन समाधान व त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से सुनें। उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं। किसी को भी परेशान न होने दें। उन्होंने कहा कि जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराएं तथा शासन को उपलब्ध कराएं। इस दौरान इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंची एक महिला को मुख्यमंत्री योगी ने आत्मीय संबल दिया और कहा, डॉक्टर से इस्टीमेट मंगवा लीजिए, इलाज का पैसा सरकार देगी।

**सीएम ने कहा**

समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से सुनें। उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं।

## बच्चों को लेकर पिकनिक मनाने जा रही स्कूल बस में लगी आग



**टीम एक्शन इंडिया/जबलपुर**

मध्यप्रदेश के जबलपुर शहर में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। यहां स्कूली बच्चों और शिक्षकों को लेकर पिकनिक पर जा रही एक बस में अचानक आग लग गई। चलती बस में अचानक लगी आग से हड़कंप मच गया। आनन फानन में सभी बच्चों को बाहर निकाला गया। तत्काल ही राहगीरों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। वहीं सेना की फायर ब्रिगेड सहित फैक्ट्री के तीन वाहन मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद आग में काबू पा लिया गया। आगजनी में बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई है। जानकारी अनुसार पाटन के एमएस विनेकी स्कूल के करीब 37 बच्चे और शिक्षक रविवार सुबह पिकनिक के लिए डुमना जा रहे थे। सभी लोग बस क्रमांक एमपी 20 डीए 0794 में सवार थे। इस दौरान डुमना रोड पर अचानक ही आर्मी इलाका सीएमएम के पास बस में शॉर्ट सर्किट हुआ और धुंआ निकलने लगा। बस से धुंआ निकलते देख बच्चे घबरा गए। सभी बच्चों को सुरक्षित तरीके से बस के नीचे उतार लिया गया। उतरने के थोड़ी देर बाद ही बस से आग की पलटे निकलने लगी। थोड़ी देर में बस धू-धूकर जलकर राख हो गई। लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

**आग पर काबू**

फायर ब्रिगेड सहित फैक्ट्री के तीन वाहन मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद आग में काबू पा लिया गया।

## रोडवेज बसों की हर सीट पर लगेगा पैनिक बटन

**झुंझुनू।** राजस्थान में अब रोडवेज बसों में पैनिक बटन लगाने की प्रक्रिया जल्द शुरू कर दी जाएगी। जयपुर स्थित रोडवेज मुख्यालय ने इसकी योजना बना ली गयी है। रोडवेज में किसी भी यात्री की कोई भी शिकायत का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही रोडवेज को हो रही राजस्व की हानि पर भी विशेष नजर रखी जाएगी। मुख्यालय की ओर से शिकायतों पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेश में रोडवेज की सभी बसों में पैनिक बटन लगाने की योजना बनाई है। जिसके तहत निगम और सभी अनुबंधित बसों में यह बटन लगाए जाएंगे। झुंझुनू डिपो में 81 बसों में पैनिक बटन लगाए जाएंगे।

## लाखों रुपए से भरा एटीएम उखाड़ ले गए लूटेरे

**जयपुर/कोटपूतली।** कोटपूतली थाना इलाके में शनिवार देर बदमाशों पंजाब नेशनल बैंक का लाखों रुपए से भरा एटीएम उखाड़ ले गए। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने एटीएम का कैश बॉक्स तोड़ने की कोशिश की,जब सफल नहीं होने पर एटीएम को गाड़ी में डालकर फरार हो गए। रविवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने नाकाबंदी करवाई। लेकिन एटीएम लूटेरो का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है। कोटपूतली अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेमीचंद ने बताया कि थाना इलाके में स्थित कृष्णा टॉकीज के पास पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम लगा हुआ था। शनिवार देर रात एटीएम शटर खोल कर एक बदमाश अंदर घुस-ा। बदमाश ने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। बदमाश ने सबसे पहले सीसीटीवी कैमरे पर स्प्रे किया, ताकि वारदात कैमरे में कैद नहीं हो। हालांकि एक दूसरे कैमरे में यह पूरी वारदात कैद हो गई।




कटाक्ष

राहुल गांधी, लालू यादव एवं नीतीश कुमार सहित गठबंधन के अन्य नेताओं पर किया प्रहार

## आईएनडीआईए कर रहा है देश को बांटने की कोशिशः सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/बेगूसराय**

**केंद्रीय** ग्रामीण विकास एवं पंचायती मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि आईएनडीआईए गठबंधन देश का बंटवारा करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने एक बार फिर तेलंगाना के मुख्यमंत्री पर जोरदार हमला किया है, इसके साथ ही राहुल गांधी, लालू यादव एवं नीतीश कुमार सहित गठबंधन के अन्य नेताओं पर भी प्रहार किया है। रविवार को बेगूसराय में आयोजित प्रेसवार्ता में गिरिराज सिंह ने महुआ मोइत्रा के संसद की सदस्यता बर्खास्त करने तथा कांग्रेस के साथ राज्यसभा सांसद धीरज साहू के घर



से बड़े पैमाने पर नोट मिलने पर कहा कि आज घमंडिया गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस कर रही है। लेकिन इस मामले पर पूरे महागठबंधन का जुबान बंद है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी चुप क्यों हैं, धीरज शाह के पैसे कहां जा रहे थे। आईएनडीआईए गठबंधन के लोगों ने क्या नरेन्द्र मोदी को हराने के लिए यह पैसा जमा किया गया था। नरेन्द्र मोदी का संकल्प है भ्रष्टाचार पर नकेल, वह नकेल कसते रहेंगे, चाहे कितना भी बड़ा ताकत क्यों नहीं हो, उस पर कार्रवाई होगी। ममता बनर्जी के मंत्री जेल में हैं, केजरीवाल के मंत्री जेल में हैं ,कांग्रेस के लोग तबाह हैं। इससे जाहिर होता है कि यह लोग भ्रष्टाचार के दलदल में हैं, विपक्ष में नैतिक ताकत नहीं है। सोमनाथ चटर्जी जब लोकसभा के अध्यक्ष थे तो उन्होंने दस सांसदों को पैसा लेने के आरोप में बर्खास्त किया था। आज महुआ मोइत्रा को भी पैसा लेने के आरोप में ही बर्खास्त किया गया है। मोदी सरकार ने देश के कानून में बदलाव कर एफिडेविट लेने का प्रावधान किया है और साक्ष्य के ही आधार पर सदस्यता गई है।

# खेल का हमारे जीवन में विशेष महत्व: भारद्वाज




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मुकुंदपुर इलाके में आयोजित कबड्डी टूनार्मेंट में करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने शिरकत की और आदेश भारद्वाज ने कबड्डी टूनार्मेंट में खिलाड़ियों को आशीर्वाद भी दिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज के साथ कपूर सिंह सिसोदिया, कुलदीप जोशी और सुरेंदर कोच सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। मैं सभी को खिलाड़ियों को आशीर्वाद देता हूं और साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी करता हूं। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

# 'मानवाधिकार दिवस पर शुद्ध हवा में सांस लेने के अधिकार की गारंटी दें सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के तत्वावधान में संघ के मुख्यालय बरवाला में संघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं विख्यात मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं पर्यावरण मित्र शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने अन्तरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर देश के 140 करोड़ नागरिकों से कहा कि भारतीय नागरिकों को इस समय केवल एक ही अधिकार की आवश्यकता है ओर वह है शुद्ध हवा में सांस लेकर जीने का अधिकार। वायु गुणवत्ता सूचकांक निरंतर खतरनाक स्थिति की और बढ रहा है। देश की राजधानी दिल्ली ही गैस चैंबर में परिवर्तित हो गई है। एन.सी.आर और अन्य



राज्यों की हालत भी कमोबेश यही है। ऐसे में देश की संसद को पर्यावरण संरक्षण के लिए कठोरतम कानून बनाने की ओर कदम बढाना चाहिए। वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार प्रदूषण माफिया के लिए मृत्युदंड का प्रावधान किया जाए। केंद्र ओर राज्य सरकारें सुनिश्चित करें कि कहीं भी कोई भी व्यक्ति हवा को दूषित न कर सके। प्रदूषण फैलाकर लोगों को दमघोंटू वातावरण की ओर धकेलने वाले सभी इकाइयों को तत्काल बंद कराऐं। क्योंकि जब मानव जिंदा ही नहीं बचेगा तो फिर अन्य मानवाधिकारों का क्या औचित्य शेष रहेगा। वत्स ने कहा कि हम सबको और सरकारों को प्रदूषण मुक्त भारत बनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण को अपनी उच्च प्राथमिकता सूची में रखना होगा। मानवाधिकारों की मांग करते समय हमें अपने नागरिक मानवीय कर्तव्यों का का निर्वहन करने का भी संकल्प लेना चाहिए। वत्स ने सभी देशवासियों का आह्वान किया कि हम आज एक संकल्प लें कि अपने आसपास ना प्रदूषण फैलाएंगे।

# सच्चे मन से करें मां भगवती की पूजा: ज्योति सैनी




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार बाग** के वार्ड-55 में महिला शक्ति मंडल की चेयरपर्सन ज्योति सैनी ने मां दुर्गा पूजा की कलश धारी बहनों को चुन्नी, फल व प्रसाद भेंट किया और उनका स्वागत सम्मान भी किया। इस अवसर पर ज्योति सैनी ने बताया कि सभी को सच्चे मन से मां भगवती की पूजा करनी चाहिए, जो भक्त सच्चे मन से मां भगवती की पूजा अर्चना करता है, मां भगवती उसकी मनोकामनाएं अवश्य ही पूर्ण करती हैं।

# दलित सम्मान समारोह कार्यक्रम में मॉडल टाउन से पहुंची तीन बसें

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल** टाउन के समाजसेवी व भाजपा नेता प्रेमचंद गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मॉडल टाउन से 3 बसें, जिसमें करीब 170 की संख्या लोग रहे। गांधी दर्शन में आयोजित दलित सम्मान समारोह में पहुंची। उन्होंने बताया कि यह बसें कार्यक्रम के आयोजक व पूर्व मंत्री विजय गोयल के सान्निध्य में पहुंची।
उन्होंने आगे बताया कि एमसीडी कॉलोनी, सिगरेट वाला बाग और खिलौना बाग के कार्यकर्ता सुरिन्दर नरूला, महेश सिंह, ललता प्रसाद, मनोज, सोनिया,




मुख्तियार सिंह, जगदीश, गीता, संजीव गोयल, बंटी, अरविंद जैन, विनीत गोयल आदि सभी की मेहनत से सभी लोग इस दलित सम्मान समारोह में भाग लेने पहुंचे।

# पीएम मोदी के कार्यों से खुश है देश के लोग: देवेन्द्र रिडला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** **प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उक्त बातें भाजपा नेता देवेन्द्र रिडला ने कही। उन्होंने बताया कि हम जहां पर भी जाकर लोगों से मिल रहे है, जनता भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से खुश है और दिल्ली में भी भाजपा का शासन चाहती है। क्योंकि भाजपा जो कहती है। वह करके दिखाती है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है।



प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा सिंह सभा शक्ति नगर एक्सटेंशन में नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन के दौरान वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी प्रसाद का वितरण करते हुए। साथ में है अन्य गणमान्य लोग।

# गरीब व जरूरतमंदों की सभी को करनी चाहिए मदद: चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सभी** को पौधारोपण करना चाहिए और दूसरो को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उक्त बातें समाजसेवी राज कुमार चौधरी ने कही। श्री चौधरी ने कहा कि पौधारोपण का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी पौधारोपण करें। क्योंकि पौधारोपण बहुत ही ज्यादा जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है। उन्होंने कहा कि गरीब व असहाय की सेवा करना बड़ा ही



पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करनी चाहिए। हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम असहाय व गरीब की सहायता करें।



भलस्वा डेरी के निगम प्राथमिक विद्यालय का दौरा एवं निरीक्षण करते हुए उप निदेशक शिक्षा विभाग सिविल लाइन जोन। साथ में आप नेता सुरेश शर्मा व अन्य।

# न्यू सीनियर सिटीजन ने धूमधाम से मनाया सदस्यों का जन्मदिन






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली** की प्रमुख सामाजिक संस्थाओं में शुमार न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा रविवार को अपने 7 सदस्यों के जन्मदिन के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर सभी सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। संस्था द्वारा सभी सदस्यों को माल्यार्पण कर, पुष्पगुच्छ, सुंदर उपहार भेंटकर सदस्यों का जन्मदिन की बधाई दी, और उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। इस दौरान वक्ताओं ने गीता हीरक जयंती के अवसर पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम में अति. विशिष्ट अतिथि के तौर पर पंकज गुप्ता व न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी, सदस्य मौजूद रहे। मंच संचालन महावीर गुप्ता ने किया। नरेला के रेलवे रोड स्थित नंदीमल धर्मशाला में प्रमुख सामाजिक संस्था न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन (रजि.) द्वारा रविवार को हर माह की भांति इस बार भी अपने संस्था सदस्यों के जन्मदिन के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर अपने 7 सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर न्यू सीनियर सिटीजन के पदाधिकारियो ने सावित्री देवी वर्मा, कुसुम सिंह सिरोही, महेंद्र कुमार, सुमन शर्मा, सवर्णा कुकरेजा, सुरेश गुप्ता, रविंद्र मोहन गर्ग के जन्मदिन के अवसर पर माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ, सुंदर उपहार भेंट कर उनको जन्मदिन की बधाई दी। और ईश्वर से उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। संस्था महासचिव महावीर प्रसाद गुप्ता ने सभी सदस्यों को जन्मदिन की बधाई देते हुए बताया कि संस्था द्वारा हर माह भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर उस माह में पडने वाले संस्था सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ सामूहिक रूप से मनाया जाता है। आज के कार्यक्रम में भी संस्था के 7 सदस्यों का जन्मदिन पूरे उत्साह के साथ मनाया गया।
संस्था के संरक्षक शिवचरण गुप्ता ने सभी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि मैं पूरी संस्था की तरफ से सभी को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। और ईश्वर से उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना करता हूं। कार्यक्रम पश्चात संस्था की ओर से सभी के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में संरक्षक शिवचरण गुप्ता, महासचिव महावीर गुप्ता, कोषाध्यक्ष विद्यासागर बंसल सहित सभी सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे।